MPMETRO

METRO NEWS

**01st SEPTEMBER,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Times of India | Indore | 01.09.2023 | 03 | Three Indore Metro Yellow Line coaches put on track for testing | Positive |

JEWELLERY, CASH STOLEN FROM HOUSE OF 70-YEAR-OLD IN AERODROME AREA | 3

TIMES CITY

# Three Indore Metro yellow line coaches put on track for testing

## CM Congratulates Indore, Announces Metro Trial Run In Sept

**Indore:** Indore's Metro dream is shaping into reality fast as as three yellow-line coaches were put on the track of the super priority corridor for testing on Thursday before starting the commercial run.

On the arrival of the first Metro Train's coaches (rolling stock) of MP, chief minister Shivraj Singh Chouhan congratulated Indore. In a tweet, he also said that Indore Metro's trial run is proposed in September. All three coaches, which were manufactured in Vadodara district's Sawali area of Gujarat, had arrived in Indore late on Wednesday night while today's morning, the process of unpacking and putting the same on the tracks in the Metro train's depot was started. During this, the staff including engineers, lineman, laborers, and local public representatives were seen happy as well as curious to see the yellow-line coaches, its designs and knowing about its features, comfort, safety, and other aspects. MP Shankar Lalwani said that the Metro Train will become the lifeline of rapidly expanding Indore and help put it in the category of developed cities of the country. According to MP Metro Rail Corporation Limited (MPMRCL) officials, each coach has around 22-meter of length, 2.9 meter of width and around 5 meter of height while each coach has capacity to accommodate around 300 passengers including 50 on sitting and remaining to stand by holding grab handles. The train is based on a grade of automation (GoA4) technology that will initially run with an operator and later as driver-less.



Metro coach being put on track on Thursday

Each coach has around 60-tonne of weight. The train, after completing the process of assembling in next couple of days, will be ready for the trial run that is expected to be flagged off by CM Shivraj Singh Chouhan by September 15 as coaches of Bhopal Metro are also expected to arrive by then, the MPMRCL officials said, adding that electricity line called third-rail system that is being laid between the tracks – which will be used to run two trains on each line in the opposite direction and it will eliminate the need of erecting overhead power lines. The MPMRCL officials said that each coach will have six cameras inside and two cameras outside its body as part of the safety and security parameters.

They said that with increasing operation of Indore Metro first from 5.8 km-long super priority corridor, then to around 17.5 km-long priority corridor before completing around 31 km-long ring of tracks around the city, total 25 trains with 75 coaches (one train has three coaches) will be operated. The commercial run n the super priority corridor is expected by June next year. TNN

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | राज एक्स्प्रेस | इंदौर | 01.09.2023 | 04 | इंदौर के इतिहास मे जुड़ा नया अध्याय | Positive |







## 2007 में घोषणा हुई... 16 साल लगे इंदौर में मेट्रो के कोच उतरने में

# इंदौर के इतिहास में जुड़ा नया अध्याय

इंदौर ■ राज न्यूज नेटवर्क

प्रदेश में 2007 में सबसे पहले इंदौर और भोपाल में मेट्रो ट्रेन चलाने की घोषणा तत्कालीन नगरीय प्रशासन मंत्री बाबूलाल गौर ने की थी। इसके बाद मेट्रो प्रोजेक्ट की डीपीआर बनने और स्वीकृत होने में ही 8 साल का समय लग गया। इस दौरान पहले दिल्ली मेट्रो कॉर्पोरेशन से बनवाई गई डीपीआर को मेट्रो चलाने के लिए बताया गया खर्च बहुत ज्यादा होने पर रद्द किया गया था। बाद में 2012 में फिर नई डीपीआर बनवाने के लिए वैश्विक निविदाएं बुलाई गईं। इसके जरिये जर्मनी की कंपनी एलआरटीसी और प्रदेश की एजेंसी रोहित एसोसिएट्स को डीपीआर बनाने का जिम्मा दिया गया। फरवरी 2014 में दूसरी डीपीआर को मंजूरी दी गई। मेट्रो संचालन के लिए फंडिंग के लिए भी लम्बा समय लगा। वर्ष 2015 में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान जापान गए थे और जापान इंटरनेशनल कॉर्पोरेशन को दोनों मेट्रो परियोजनाओं के लिए कर्ज देने की चर्चा की। इस दौरान 60 फीसदी रकम बतौर कर्ज जाइका से, बाकी 20 फीसदी राज्य और इतना ही हिस्सा केंद्र से मिलना तय हुआ था, लेकिन बाद में इससे भी रद्द कर दिया गया। बाद में सरकार ने एशियाई विकास बैंक से कर्ज लेकर 2016 में इसकी शुरुआत की। धीमी गति से शुरू हुए काम के बाद प्रदेश में सरकार बदलने पर सितंबर 2019 में इंदौर मेट्रो का भूमिपूजन किया गया। कोरोना काल के चलते अटके इस प्रोजेक्ट को अब जाकर सकारात्मक दिशा मिली।



## जमीन पर उतरी मेट्रो

इंदौर के इतिहास में मेट्रो के सपने को साकार करने की दिशा में एक और नई कड़ी जुड़ गई। मेट्रो के पहले कोच इंदौर की जमीन पर उतरे और ट्रैक पर चलते हुए डिपो में पहुंचे। बुधवार रात विशाल ट्राले में पहुंचे तीन कोच को गांधी नगर स्थित मेट्रो डिपो में पटरी पर उतारा गया। इसके पहले सांसद शंकर लालवानी ने पूजन-अर्चन कर कोच को पटरी पर उतारने के कार्य की शुरुआत की।

### जारी है निर्माण कार्य

ट्रायल रन के लिए सभी कार्य द्रुत गति से चल रहे हैं, जिसमें गांधीनगर से सुपर प्रायोरिटी-03 तक सितंबर, 2023 में ट्रायल होना है, उसके उपरांत इसे रेडिसन चौराहा तक बढ़ाया जाएगा। इसके लिए वायाडक्ट पर अन्य कार्य भी साथ-साथ चल रहे हैं। स्टेशन के सिविल तथा सिस्टम के कार्य भी तेजी से चल रहे हैं, जिसमें एस्केलेटर, लिफ्ट्स, सीढ़ी, ट्रैक, रोड, फिनिशिंग के कार्य जल्द ही पूर्ण कर, बाकी सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाएगा। सभी कार्य साथ-साथ किए जा रहे हैं एवं जल्द ही पूर्ण कर लिए जाएंगे।

## 5 माह में हुए तैयार

पहली मेट्रो ट्रेन के सभी तीन डिब्बों को उन्नत और अत्याधुनिक वैज्ञानिक प्रक्रिया से 4-पॉइंट जैक से मीडिया की उपस्थिति में गांधीनगर डिपो में अनलोड-वे पर उतारा गया। इंदौर में ऐसी 25 ट्रेन आना प्रस्तावित है। विदित हो कि मेट्रो कोच का निर्माण-अल्स्टॉम इंडिया लिमिटेड द्वारा गुजरात के सावली संयंत्र में मार्च, 2023 को शुरू किया गया था और लगभग 5 महीने के अंतराल में आज दिनांक 31 अगस्त 2023 को प्रदेश की पहली मेट्रो ट्रेन इंदौर पहुंच गई है।

## सोशल मीडिया पर छाया मेट्रो

प्रदेश की पहली मेट्रो ट्रेन इंदौर पहुंचने के साथ इंदौर मेट्रो सिटी की श्रेणी में शामिल होने जा रहा है। इंदौर में पीले कलर के जगमगाते कोच पटरी पर उतारे गए, तो खुशी और उत्साह का वातावरण डिपो में देखने को मिला। वहीं सोशल मीडिया के माध्यम से आमजन तक पहुंचे इसके फोटो और वीडियो, ट्विटर, फेसबुक और व्हाट्सएप पर प्रसारित हो रहे थे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट के जरिये इंदौर एवं प्रदेश वासियों को पहली मेट्रो के लिए बधाई दी, वहीं शासकीय विभागों ने भी फोटो और वीडियो जारी कर सोशल मीडिया पर पोस्ट किए। मेट्रो एमडी मनीष सिंह ने इंदौर मेट्रो से जुड़ी पूरी टीम के साथ इंदौर वासियों को इस बड़ी उपलब्धि की बधाई दी। मेट्रो डिपो में इस कार्यक्रम में शोभित टंडन, निदेशक - सिस्टम, मनोज गंगवार महाप्रबंधक- रोलिंग स्टॉक, अजय कुमार महाप्रबंधक- सिविल, मेट्रो के वरिष्ठ अधिकारी, जनरल कन्सल्टेंट, कॉन्ट्रैक्टर आदि उपस्थित रहे।

### 22 मीटर लम्बे, 2.9 मीटर चौड़े कोच

मेट्रो ट्रेन के प्रत्येक कोच की 22 मीटर लम्बाई तथा 2.9 मीटर चौड़ाई है, एवं मेट्रो के एक डब्बे में 50 लोगों के बैठने और लगभग 300 लोगों के खड़े रहने की क्षमता होगी। सितंबर मध्य में मेट्रो का ट्रायल होना है। इससे पहले डायनेमिक ट्रायल एवं अन्य गतिविधियों की जाएंगी तत्पश्चात अगले वर्ष मई-जून, 2024 में कमर्शियल पैसेंजर ऑपरेशन का संचालन किया जाएगा। लगभग 6 किलोमीटर में मेट्रो का ट्रायल रन इसी माह होना प्रस्तावित है।

### इंदौर की चलो मेट्रो की खासियत

मुख्यमंत्री ने पिछले माह ही भोपाल में मेट्रो मॉडल कोच का उद्घाटन और अनावरण किया गया था, उसके कुछ ही दिनों में इंदौर में पहली मेट्रो पहुंच गई। इंदौर मेट्रो ट्रेन काफी उच्च गुणवत्ता युक्त और थर्ड रेल एआई जैसे आधुनिकतम तकनीक पर आधारित होगी, जिसकी विशेषताओं में ड्राइवर मोटर कार की लंबाई लगभग 22 मीटर और चौड़ाई लगभग 2.9 मीटर है। ट्रेन ऑपरेटर और यात्री सीटें के साथ हर कोच में 4-4 दोनों साइड क्रियाशील विद्युतीय दरवाजे रहेंगे। कोच की खिड़कियां, आंतरिक प्रकाश, पकड़ने के लिए हैंड हैंडल, एलईडी पैनल-डिजिटल रूट मैप, साइनेज और वातानुकूलित सिस्टम लगा होगा। वहीं बाहर की ओर क्रियाशील हेडलाइट भी लगी होगी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 03 | पत्रिका | Indore | 01.09.2023 | 01 | इंदौर सातवें आसमान पर.. अहिल्या नगरी में आई मेट्रो | Positive |



य एषु सुप्तेषु जागर्ति | वर्ष 15 | अंक 333 | पृष्ठ 14+4=18 | मूल्य 5.00 | इंदौर, शुक्रवार, 01 सितंबर, 2023 | भाद्रपद कृष्ण पक्ष द्वितीया, संवत् 2080

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और दिल्ली से प्रकाशित

पत्रिका

श्री गणेश...

## एआइ (AI) से सरपट दौड़ेगी हमारी ट्रेन

### तीन कोच पहुंचे गांधी नगर डिपो

### 15 सितंबर को ट्रायल

# इंदौर सातवें आसमान पर...
# अहिल्या नगरी में आई मेट्रो

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इंदौर.** आखिरकार इंदौर के ट्रैक पर दौड़ने के लिए तीन कोच वाली मेट्रो ट्रेन आ ही गई। बुधवार रात 3 बजे इसके गांधी नगर डिपो पहुंचने के बाद गुरुवार सुबह इसे अनलोड किया गया। पहली लाइन वाली मेट्रो का 14-15 सितंबर को ट्रायल संभावित है। विशेषज्ञों की टीम ने तीनों कोच को जोड़ दिया है। इनका पूरा फार्मेशन होगा, इसके बाद यह ट्रायल के लिए तैयार हो जाएगी। गांधी नगर डिपो में गुरुवार सुबह सांसद शंकर लालवानी ने रोलिंग स्टॉक ट्रेन के कोच आने पर विधिवत पूजन किया, इसके बाद अनलोड किया गया। इस दौरान डायरेक्टर (सिस्टम) शोभित टंडन, जीएम अजयकुमार के साथ मेट्रो कॉर्पोरेशन के कर्मचारी मौजूद थे।

**दिल्ली में यही कोच:** कोच में अटेंडर व्यवस्था होगी। यह आधुनिक कोच दिल्ली मेट्रो में शामिल है, उसके बाद इंदौर लाए गए हैं। इनमें सुरक्षा पर जोर है, सेफ्टी इनस्पेक्टर रहती है। तीनों कोच आधुनिक ग्रेड ऑफ ऑटोमेशन 4 (जीओए-4) के हैं, इसका मतलब है बेस्ट टेक्निक, कोई खतरा नहीं। जीओए-4 ट्रेन का संचालन मानव रहित होता है, यानी ऑटोमैटिक कंट्रोल विदाउट एनी स्टाफ ऑन बोर्ड। शोभित टंडन के मुताबिक, मेट्रो का इंजन कम्प्यूटराइज्ड होता है। यह धीरे-धीरे डेवलप होता है, इसलिए शुरुआती दौर में पायलट इसे रन करेंगे।

**पत्रिका सुझाव**

**क्यों न हो मां अहिल्या के नाम...**

*देश के अनेक शहरों में मेट्रो ट्रेन का संचालन हो रहा है, लेकिन कहीं भी इसका नामकरण नहीं किया गया है। जैसे- दिल्ली में दिल्ली मेट्रो, मुंबई में मुंबई मेट्रो, जयपुर में जयपुर मेट्रो आदि कहा जा रहा है... क्यों न हम इसका नामकरण कर दें और इसे मां अहिल्या के नाम पर अहिल्या मेट्रो बुलाएं तो यह हमारे शहर की शान और गौरव से जुड़कर हर इंदौरी को गौरवान्वित महसूस करवाएगा।*

**दोनों ओर से चल सकेगी ट्रेन**

जीओए-2 तकनीक बाद में दिल्ली में इस्तेमाल होने लगी। अहमदाबाद में जीओए-3 की ट्रेन चलाई गई है। बाद में दिल्ली में जीओए-4 आई और यही इंदौर आई है। यह बेस्ट तकनीक से डिजाइन है, सेफ्टी के साथ ऊर्जा संरक्षण होता है। दिल्ली की 2 ट्रेन इस टेक्नोलॉजी पर आधारित हैं। इंदौर में तीन कोच की मेट्रो ट्रेन है। दो कोच ड्राइविंग वाले और एक ट्रेलर कोच होगा यानी दोनों ओर से ट्रेन चल सकती है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04 | Patrika | Indore | 01.09.2023 | 02 | खूबीयां अपार @अहिल्या मेट्रो: कोई सामने आया तो मिलेगा अलर्ट, खुद लग जाएंगे ब्रेक | Positive |

INDOREPRIME
इंदौर प्राइम




#MetroTrain: इंदौर में रफ्तार का नया दौर, पहली बार जानें अपनी मेट्रो की हर बात

# खूबियां अपार @अहिल्या मेट्रो : कोई सामने आया तो मिलेगा अलर्ट, खुद लग जाएंगे ब्रेक

patrika.com



मेट्रो कोच में इंतजाम

## 2011 से तैयारी, 2023 में दीदार



### इंदौर-भोपाल के लिए 156 कोच

### कोविड से सीख, एसी कोच में फिल्टर

### थर्ड रेल में रहेगा 750 वोल्ट का करंट

मेट्रो कोच का स्वागत

## सोशल मीडिया पर दिनभर रही धूम

### सीएम का ट्वीट





## 17 किमी दूर से आई पैंथर लाइन से दौड़ेगी अपनी मेट्रो

### 2 करोड़ से ज्यादा की मासिक खपत

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 05 | Navbharat | Indore | 01.09.2023 | 12 | मेट्रो के कोच इंदौर पहुंचे, शहर के इतिहास में जुड़ा नया अध्याय | Positive |









# मेट्रो के कोच इंदौर पहुंचे, शहर के इतिहास में जुड़ा नया अध्याय

**मेट्रो का ट्रायल रन सितम्बर माह में प्रस्तावित**

**कोच को पटरी पर उतारने के कार्य की शुरुआत की.**

नवभारत प्रतिनिधि

**इंदौर.** इंदौर के इतिहास में आज एक नया अध्याय जुड़ गया है. आज का दिन इंदौर के लिये गौरवशाली उपलब्धि लेकर आया. आज इंदौर में मेट्रो के सपने को साकार करने की दिशा में एक और नई कड़ी जुड़ गई. मेट्रो के कोच आज इंदौर की धरती पर उतरे. कल रात विशाल ट्रालों में पहुंचे तीन कोच आज सुबह इंदौर के गांधी नगर स्थित मेट्रो डिपो में पटरी पर उतारे गये. सांसद शंकर लालवानी ने पूजन अर्चना कर कोच को पटरी पर उतारने के कार्य की शुरुआत की.

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में इंदौर में मेट्रो की विश्व स्तरीय सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य तेज गति से जारी है. मेट्रो का ट्रायल रन सितम्बर में होना प्रस्तावित है. इंदौर में मेट्रो के सपने को साकार करने के लिये तेज गति से कार्य चल रहा है. मेट्रो रेल कार्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह के निर्देशन में कार्य कार्पोरेशन की टीम पूरी मुस्तैदी से दिन रात एक कर मेट्रो के कार्य को तेज गति से पूरा करने में लगी हुई है. मेट्रो के परिचालन का सबसे महत्वपूर्ण भाग (रोलिंग स्टॉक-ट्रेन), आज गांधी नगर डिपो पहुंच गया. सांसद शंकर लालवानी द्वारा विधिवत मेट्रो के पहले कोच का गांधी नगर डिपो में स्वागत किया.

पहली मेट्रो ट्रेन के सभी तीन डब्बों को उन्नत और अत्याधुनिक वैज्ञानिक प्रक्रिया से 4-पॉइंट जैक से गांधीनगर डिपो में अनलोड-बे पर उतारा गया. इंदौर में ऐसी 25 ट्रेन आना प्रस्तावित है. उल्लेखनीय है कि मेट्रो कोच का निर्माण-अल्सटॉम इंडिया लिमिटेड द्वारा गुजरात के सांवली संयंत्र में मार्च, 2023 को शुरू किया गया था और लगभग 5 महीने के अंतराल में आज 31 अगस्त को प्रदेश की पहली मेट्रो ट्रेन इंदौर पहुंच गई है. प्रबंध संचालक ने इन्दौर मेट्रो से जुड़ी पूरी टीम के साथ इंदौरवासियों को इस बड़ी उपलब्धि की बधाई दी. कार्यक्रम में शोभित टंडन निदेशक सिस्टम, मनीष गणोरकर महाप्रबंधक- रोलिंग स्टॉक, अजय कुमार महाप्रबंधक-सिविल, मेट्रो के वरिष्ठ अधिकारी एवं जनरल कन्सल्टन्ट, कान्ट्रैक्टर आदि उपस्थित रहे.

## सितंबर में मेट्रो का ट्रायल रन : शिवराज

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज इंदौर को बधाई देते हुए कहा कि पहली रोलिंग स्टॉक ट्रेन इंदौर पहुंच गई है और सितंबर में मेट्रो का पहला ट्रायल रन होगा. मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, बधाई इंदौर, इंदौर में मेट्रो का सपना साकार होने की दिशा में आज एक और उपलब्धि मिली है. गांधी नगर डिपो में पहली रोलिंग स्टॉक ट्रेन का आगमन हुआ है. इंदौर मेट्रो का ट्रायल रन सितंबर में प्रस्तावित है.

## आधुनिक तकनीक पर आधारित होंगी

इंदौर मेट्रो ट्रेन काफी उच्च गुणवत्ता युक्त और थर्ड रेल तथा एआई जैसे अत्याधुनिकतम तकनीक पर आधारित होंगी. इसकी कई विशेषताएं हैं. इसमें ड्राईवर मोटर कार की लंबाई लगभग 22 मीटर तथा चौड़ाई लगभग 2.9 मीटर है. ट्रेन ऑपरेटर एवं यात्री सीटें, एक कोच में 8 (4-4 दोनों साइड) क्रियाशील विद्युतीय दरवाजे, कांच की खिड़कियां, आंतरिक प्रकाश, यात्रियों के लिए ग्रैब हैन्डल, एल ई डी पैनल/ डिजिटल रूट मैप एवं साइनेज, वातानुकूलित, क्रियाशील हेडलाइट.

## तेज गति से चल रहे कार्य

इंदौर मेट्रो सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर के अंतर्गत ट्रायल रन के लिए सभी कार्य द्रुत गति से चल रहे हैं जिसमे गांधीनगर से सुपर कॉरिडोर-03 तक सितंबर, 2023 में ट्रायल होना है. उसके उपरांत इसे रेडिसन चौराहा तक बढ़ाया जाएगा. इसके लिए वायाडक्ट पर अन्य कार्य भी साथ-साथ चल रहे है. स्टेशन के सिविल तथा सिस्टम के कार्य भी तेजी से चल रहे हैं. डिपो मे लोडिंग-अनलोडिंग-बे, इन्स्पेक्शन-बे, सब-स्टेशन, ट्रैक्शन एवं रिसीविंग सब-स्टेशन, टेस्ट ट्रैक, थर्ड रेल, ऐडमिन बिल्डिंग, इत्यादि कार्य भी तेजी से चल रहे हैं.

## गर्व की बात : सांसद

सांसद शंकर लालवानी ने उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों और तकनीकी टीम को शुभकामनाएं दी. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को मुख्यमंत्री चौहान के नेतृत्व में साकार होते देख मन बेहद आनंदित है. यह हमारे लिये गर्व की बात है कि इंदौर शहर भी मेट्रो वाला शहर बनने जा रहा है. इस मौके पर मेट्रो रेल कार्पोरेशन के डायरेक्टर तकनीकी शोभित टंडन ने बताया कि इंदौर आये तीन कोच का कलर पीला है. इनकी क्षमता लगभग 900 यात्रियों की रहेगी.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 06 | Pradesh Today | Indore | 01.09.2023 | 02 | इंदौर की जमीन पर उतरे मेट्रो ट्रेन के कोच, सांसद ने किया पूजन | Neutral |



# इंदौर की जमीन पर उतरे मेट्रो ट्रेन के कोच, सांसद ने किया पूजन

इंदौर, ब्यूरो

शहर में मेट्रो ट्रेन का इंतजार खत्म जल्द खत्म होने जा रहा है। बुधवार देर रात मेट्रो के कोच गांधीनगर स्थित मेट्रो डिपो पर पहुंचा। गुरुवार सुबह नौ बजे कोच कंटेनर से उतारकर प्लेटफार्म ट्रैक पर रखा गया। कोच बुधवार रात तीन बजे इंदौर के मेट्रो डिपो में पहुंचा था। इंदौर में मेट्रो का सपना साकार होने की दिशा में आज एक और उपलब्धि मिली। मेट्रो के कोच आज इंदौर की जमीन पर उतरे। मेट्रो का ट्रायल रन सितंबर माह में प्रस्तावित है।

वडोदरा के सावली से 23 अगस्त को इंदौर के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग 156 से होकर आ रहे कोच बुधवार शाम 4 बजे तक बेटमा पहुंचे थे। उसके बाद बुधवार देर रात मेट्रो के तीनों कोच इंदौर में गांधी नगर डिपो में कंटेनर पर पहुंचे। कंटेनर से सड़क मार्ग से इंदौर पहुंचे तीनों मेट्रो कोच 60-60 टन वजन के हैं।

गुरुवार सुबह मेट्रो के कोच को कंटेनर से उतारे जाने के पश्चात शहर में चलने वाली मेट्रो का असली स्वरूप स्वरूप पहली बार शहरवासी देख सकेंगे। मेट्रो कोच के अनलोडिंग मौके को खास बनाने के लिए मेट्रो प्रबंधन द्वारा विशेष तैयारी की गई थी।

इस मौके पर शहर के जनप्रतिनिधि और अन्य कोई खास लोग भी आयोजन में शामिल होंगे। ऐसे में यहां पर खास टेंट मंच और कुर्सियां मेट्रो ट्रैक के निकले हिस्से में बने डक्ट के नीचे लगाई गई है। इस मौके पर सांसद शंकर लालवानी ने नारियल फोड़कर मेट्रो को अनलोडिंग का काम शुरू किया गया। मेट्रो प्रबंधन के अधिकारियों के मुताबिक, मेट्रो डिपो में विशालकाय फोर प्वाइंट जेक क्रेन की मदद से कोच को कंटेनर से उतारकर पटरी पर पहुंचाया गया। इसके बाद कोच को मेट्रो के डिपो में बने स्टेबलिंग यार्ड में ले जाकर टेस्टिंग ट्रेक पर जांच की गई। उसके पश्चात कोच को मेट्रो के वायडक्ट में पहुंचाया गया। गौरतलब है कि 14 सितंबर को इंदौर में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के हाथों मेट्रो कोच का ट्रायल रन होना है। ये कोच गांधी नगर स्टेशन से सुपर कारीडोर स्टेशन नंबर 3 तक 5.9 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। इस दौरान मेट्रो कोच पांच स्टेशन से गुजरेंगे।



| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 07 | Freepress | Indore | 01.09.2023 | 03 | First Metro train lands in city | Positive |





PHOTO BY ANAND SHIVRE

# First Metro train lands in city

OUR STAFF REPORTER
city.indore@fpj.co.in

The first Yellow Line Metro train comprising three cars (one passenger bogey and two engines cum passenger bogey) reached Gandhi Nagar depot on Thursday and it was formally welcomed by MP Shankar Lalwani. Other senior Metro officials were also present

All three coaches were unloaded at the unloading bay at Gandhinagar depot using a 4-point jack using state-of-the-art scientific process. In all 25 such trains are proposed for Indore.

The civil and system works of the station are also going at a brisk pace, in which escalators, lifts, stairs, track, shed, entry-exit, finishing work, exterior beautification work are included.

The work at the loading-unloading-bay, inspection-bay, sub-station, traction and receiving sub-station, test track, third rail, admin building, etc. are also going on.

## TRIALS IN SEPTEMBER

Metro trial is to be held in mid-September, before that safety trial and other activities will be done. Commercial/passenger operation will be conducted next year in May-June, 2024.

## METRO SPECIFICATION

*Indore Metro train will be of very high quality and based on the latest technology like Third Rail and AI.*

- The length of the driver's motor car is approximately 22 metres and the width is approximately 2.9 metres
- Metro coach will have a seating capacity of 50 people and about 300 standing people. Each train will have three cars
- Train operator and passenger seats 8 (4-4 on each side)
- Functional electric doors in one coach
- Glass windows
- Grab handle
- LED Panel / Digital Route Map and Signage
- Air Conditioned
- Working headlights

## METRO RAIL PHASE 1

- **Deadline (Phase-1):** September 2023
- **Line-3:** Palasia – Railway Station – Rajwada- Airport – Bhawarsala – MR10 – Palasia (Ring Line)
- **Length:** 33.53 km
- **Type:** Elevated & Underground
- **Under Construction:** 17.5 km between Gandhi Nagar – Mumtaj Bag Colony
- **Approved:** 17.5 km
- **Proposed:** 57.18 km
- **Depot:** Gandhi Nagar
- **Number of Stations:** 29
- **Number of trains:** 25 with three cars each
- **Estimated Daily Ridership:** 2.50 lakh/day (2027) (approx)
- **Top Speed:** 80 kmph
- **Average Speed:** 34 kmph
- **Track Gauge:** Standard Gauge – 1435 mm
- **Electrification:** 750 V DC Third Rail
- **Signalling:** Communications-based Train Control (CBTC)
- **Estimated Cost:** Rs.7500.80 Cr

## LEADERSPEAK

This is great achievement of Indore. The Indore Metro will be more advanced than Delhi Metro and Indore will achieve new heights. It will become functional within a few days"

• SHANKAR LALWANI
Lok Sabha Member of Parliament

From tempo to Metro, Indore has succeeded everywhere. Metro will take ahead Indore to another levels of growth. Indore Metro will prove effective project for the city and citizens"

• PUSHYAMITRA BHARGAV, Mayor

## Congratulations Indore

Today Indore has achieved its dream of Metro. The first rolling stock train has arrived at Gandhi Nagar depot. Senior Metro officials and Indore MP Shankar Lalwani formally inaugurated the process of unloading the train at the Metro depot. Trial run of Indore Metro is proposed in September

• CM SHIVRAJ SINGH CHOUHAN posted

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 08 | Nai Duniya | Indore | 01.09.2023 | 03 | ट्राले से उतरकर ट्रैक पर पहुंचे मेट्रो कोच | Positive |

Pg-01&03


वर्ष 77 अंक 66
कुल पेज 14 + 4 = 18
नगर संस्करण
कीमत ₹ 5.00

इंदौर, शुक्रवार 01 सितंबर, 2023
www.naidunia.com

# नईदुनिया

नई सोच, नया अंदाज




गांधीनगर डिपो में गुरुवार को मेट्रो ट्रेन की पहली झलक यानी मुंह दिखाई हुई। पूरी तरह ढंके तीनों कोच में से ट्रेन का अगला हिस्सा तिरपाल से झांकता दिखा। ● प्रफुल्ल चौरसिया 'आशु'

## इंदौर में मेट्रो की 'मुंह दिखाई'

इंदौर में गुरुवार देर रात मेट्रो के तीन कोच पहुंचे। गांधीनगर डिपो में गुरुवार सुबह 9.45 को पहले कोच को कंटेनर से प्लेटफार्म की पटरियों पर उतारा गया। इसके बाद कोच को 100 मीटर दूरी तक ट्रक से खींचकर पटरियों तक पहुंचाया गया। इसके पहले सांसद शंकर लालवानी ने नारियल फोड़कर कोच का शुभारंभ किया

**14** सितंबर को इंदौर में गांधीनगर स्टेशन से सुपर कारिडोर के स्टेशन नंबर 3 तक 5.9 किलोमीटर तक मेट्रो के तीनों कोचों का ट्रायल रन होगा

**25** सेट की मेट्रो का संचालन होगा इंदौर में। एक सेट में तीन कोच होंगे।

**10-12** दिन में तीनों कोचों को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। » पेज 3 भी पढ़ें

# ट्राले से उतरकर ट्रैक पर पहुंचे मेट्रो कोच

**खुशी का पल** ● कर्मचारियों ने मिठाई बांटी, डिपो में सांसद शंकर लालवानी ने किया कोच का शुभारंभ

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। इंदौर में मेट्रो के तीन कोचों के पहुंचने पर कर्मचारियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। गुरुवार को ट्राले से उतारकर कोचों को डिपो परिसर में बने प्लेटफार्म की पटरियों पर क्रेन के माध्यम से उतारा गया। 14 सितंबर को गांधीनगर स्टेशन से सुपर कारिडोर के स्टेशन नंबर 3 तक होने वाले ट्रायल रन में कोचों को उनकी तय गति से कम गति में चलाया जाएगा। ये कोच चार से पांच मिनट में अपना ट्रायल रन पूरा कर सकेंगे। अगले माह कोच का एक सेट और पहुंचेगा।

वडोदरा के सावली में अलस्टाम कंपनी द्वारा तैयार किए गए कोचों 23 अगस्त को रवाना किया गया था और बुधवार रात करीब तीन बजे इंदौर में मेट्रो डिपो पहुंचे। सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि मेट्रो की टीम बधाई की पात्र है कि उन्होंने ने कम समय में ट्रायल रन की तैयारी की है। विश्व में इंदौर व भोपाल की मेट्रो का निर्माण कार्य कम समय में हुआ है।

### तीन कोचों की मेट्रो

अगला व पिछला कोच : ड्राइविंग कार यह दोनों ओर मूवमेंट कर सकता है।

बीच का कोच : ट्रेलर कार।



मेट्रो ट्रेन के कोच इंदौर पहुंचे तो बच्चों ने इस अंदाज में किया खुशी का प्रदर्शन। ● नईदुनिया

### इंदौर मेट्रो की विशेषताएं

यात्रियों के लिए सबसे सुरक्षित : मेट्रो ट्रेन की सुरक्षा का आकलन ग्रेड ऑफ आटोमेशन (जीओए) कोड के आधार पर किया जाता है। मेट्रो रेल कंपनी के डायरेक्टर टेक्निकल शोभित टंडन ने बताया कि मेट्रो में चालक रहे या न रहे, जीओए के माध्यम से मेट्रो की सुरक्षा का आकलन किया जाता है। दिल्ली व अन्य शहरों की मेट्रो जीओए-2 वर्ग की है। दिल्ली में दो लाइन पर हाल ही में जीओए-4 तकनीक पर ट्रेन चलाई जा रही है। अहमदाबाद की मेट्रो जीओए-3 वर्ग की है। इसमें ट्रेन संचालन के लिए एक सहयोगी रहता है। इंदौर में जीओए-4 वर्ग की मेट्रो आई है। ट्रेन संचालन के लिए सहयोगी की जरूरत नहीं होती है।

वातानुकूलित : मौसम के अनुरूप वातानुकूलित कोच। 24 से 26 डिग्री सेल्सियस तापमान बरकरार रखा जाएगा।

यात्रियों की बैठक व्यवस्था : प्रत्येक कोच में 300 यात्री क्षमता, 50 यात्री बैठ सकेंगे। शेष खड़े होकर सफर कर सकेंगे।

किराया : फिक्सेशन कमेटी तय करती है। दूरी के आधार पर न्यूनतम किराया 10, 20, 40 रुपये रहेगा।

### 14 दिन में इन चुनौतियों को करना होगा पार

अब तीनों कोचों को आपस में जोड़ेंगे : तीनों कोचों को वैसे तो आपस में जोड़ने में 20 दिन का समय लगता है, लेकिन अगले 10 से 12 दिन में इन्हें जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। दोनों कोच के एक से डेढ़ हजार तारों को आपस में जोड़ा जाएगा। ब्रेक पाइप व ट्रेन कंट्रोल के तारों को जोड़ा जाएगा। कोच की जांच साफ्टवेयर के माध्यम से होगी।

ट्रेन की टेस्टिंग : मेट्रो डिपो में 900 मीटर में बने टेस्टिंग ट्रैक पर सात से आठ बार मेट्रो कोच को चलाया जाएगा।

थर्ड रेल चार्जिंग : जिन पटरियों पर मेट्रो चलेगी, उसके पास में थर्ड रेल यानि तीसरी पटरी से मेट्रो को बिजली मिलेगी। मेट्रो के डिपो में चार्जिंग डोन है, वहीं मेट्रो के सुपर कारिडोर नंबर 3 स्टेशन पर बने आरजीएसएस सब स्टेशन पर बिजली पहुंच गई है। यहां पर पटरियों के पास थर्ड रेल को चार्ज किया जाना है। इससे ट्रायल रन के दौरान ट्रेन चलेगी। इसके अलावा डिपो में थर्ड रेल का काम करना है। दुर्घटना का खतरा होने के कारण थर्ड रेल से 2 मीटर की दूरी तक किसी को खड़ा होने से मना किया जाता है।

एस्केलेटर की सुविधा : सुपर कारिडोर स्टेशन 3 पर यह सुविधा शुरू हो चुकी है जबकि गांधीनगर डिपो में इसे शुरू किया जाना है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 09 | People Samachar | Indore | 01.09.2023 | 05 | इंदौर में मेट्रो का पहला कदम | Positive |

**इनसाइड स्टोरी**

इंदौर में मेट्रो का पहला कदम
सितंबर में होगा ट्रायल रन

■ पेज-05

पीपुल्स समाचार Indore_P-1&5_01 Sep 2023 www.peoplessamachar.in





# इंदौर में मेट्रो का पहला कदम

## सितंबर में होगा ट्रायल रन

पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर
मो.नं. 9926064287

मेट्रो ट्रेन के लिए रातभर प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारी इंतजार करते रहे। जैसे ही बुधवार-गुरुवार की रात ढाई बजे तीन कोच सुपर कॉरिडोर पहुंचे, खुशी की लहर दौड़ गई। कोच उतारने के लिए रात 12 बजे से ही क्रेन को खड़ी कर दिया था। सुबह करीब सात बजे प्रोजेक्ट के अधिकारी और प्रशासनिक अमला कोच लेकर आए, वाहन को ट्रैक से 100 मीटर नजदीक ले आए, ताकि कोच जल्द उतारे जा सकें। इसके बाद 8.45 बजे सांसद और मीडिया वहां पहुंच गया। सांसद ने कोच का पूजन किया, इसके बाद क्रेन की मदद से कोचों को ट्रैक पर उतारा गया।

प्रदेश की पहली मेट्रो ट्रेन इंदौर पहुंचने के साथ इंदौर मेट्रो सिटी की श्रेणी में शामिल होने जा रहा है। मेट्रो के परिचालन का सबसे महत्वपूर्ण रॉलिंग स्टॉक ट्रेन गांधी नगर डिपो पहुंच गई तथा सांसद शंकर लालवानी द्वारा विधिवत मेट्रो के पहले कोच का गांधी नगर डिपो में स्वागत किया गया। सुबह पहली मेट्रो ट्रेन के सभी तीन डिब्बों को उन्नत और अत्याधुनिक वैज्ञानिक प्रक्रिया से 4-पॉइंट जैक से मीडिया की उपस्थिति में गांधीनगर डिपो में अनलोड-बे पर उतारा गया। शाम को तीनों कोच जोड़े गए और फिर डिपो में भेजे गए। इंदौर में ऐसी 25 ट्रेन आना प्रस्तावित है। गौरतलब है कि मेट्रो कोच का निर्माण गुजरात के सांवली संयंत्र में मार्च 2023 को शुरू किया गया था और लगभग 5 महीने के अंतराल में गुरुवार को प्रदेश की पहली मेट्रो ट्रेन इंदौर पहुंच गई।

**सितंबर में होगा ट्रायल-** सितंबर मध्य में मेट्रो का ट्रायल होना है। उससे पहले सैफ्टी ट्रायल एवं अन्य गतिविधियां की जाएंगी। इसके पश्चात अगले वर्ष मई-जून 2024 में कमर्शियल पैसेंजर ऑपरेशन का संचालन किया जाएगा।

### कार्य तेजी से चल रहा है

ट्रायल रन के लिए सभी कार्य द्रुत गति से चल रहे है , जिसमे गांधीनगर से सुपर कॉरिडोर तक सितंबर में ट्रायल होना है । उसके उपरांत इसे रेडिसन चौराहा तक बढ़ाया जाएगा, इसके लिए वायाडक्ट पर अन्य कार्य भी साथ-साथ चल रहे हैं । स्टेशन के सिविल तथा सिस्टम के कार्य भी तेजी से चल रहे हैं, जिसमे एस्केलेटर, लिफ्ट्स,



स्टेर्स, ट्रैक, शेड, एंट्री-अगसिट, फिनिशिंग के कार्य जल्द ही पूर्ण कर बाहरी सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाएगा। डिपो में लोडिंग-अनलोडिंग-बे, इन्स्पेक्शन-बे, सब-स्टेशन, ट्रैक्शन एवं रिसीविंग सब-स्टेशन, टेस्ट ट्रैक, वर्ड रेल, एडमिन बिल्डिंग, इत्यादि कार्य भी तेजी से चल रहे है ।

### कोच की 22 मीटर लंबाई

मेट्रो ट्रेन के प्रत्येक कोच की 22 मीटर लम्बाई तथा 2.9 मीटर चौड़ाई है एवं मेट्रो के एक डिब्बे में 50 लोगों के बैठने और लगभग 300 लोगों के खड़े रहने की क्षमता होगी।

### विशेषताएं

- ड्राइवर मोटर कार की लंबाई लगभग 22 मीटर तथा चौड़ाई लगभग 2.9 मीटर है
- ट्रेन ऑपरेटर एवं यात्री सीटें
- एक कोच में 8 (4-4 दोनों साइड) क्रियाशील विद्युतीय दरवाजे
- कांच की खिड़कियां
- आंतरिक प्रकाशन
- पकड़ने के लिए ग्रैब हैंडल
- एलईडी पैनल / डिजिटल रूट मैप एवं साइनेज
- वातानुकूलित
- क्रियाशील हेडलाइट

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | Agniban | Indore | 01.09.2023 | 05 | आज से इंदौर में मेट्रो युग की शुरुआत.. पटरी पर उतरे पहले चमचमाते कोच | Positive |

अग्निबाण Indore_P-1&5_31 Aug 2023

## इंदौरी मैट्रो की मुंह दिखाई



इंदौर में मेट्रो ट्रायल के लिए आए ट्रेन के कोच को आज ट्रैक पर रखने से पहले पूजा-अर्चना के साथ खोला गया। मेट्रो को प्रायोगिक तौर पर 6 किलोमीटर के प्रायोरिटी कारिडोर पर रखकर ट्रायल की जाएगी। इसके साथ ही यह संदेश पूरे शहर को दिया जाएगा कि इंदौर शहर ने मेट्रो युग में प्रवेश कर लिया है।

समाचार पृष्ठ 7 पर

पूजा-अर्चना, नारियल फोड़ने के साथ विशालकाय क्रेनों के जरिए सुबह 9 बजे से शुरू की अनलोड की प्रक्रिया, कल से सेफ्टी रन की होगी तैयारी, ताकि 6 किलोमीटर पर 14 सितम्बर को सफलतापूर्वक ट्रायल रन लिया जा सके

# आज से इंदौर में मेट्रो युग की शुरुआत... पटरी पर उतरे पहले चमचमाते कोच

इंदौर।

**आज से इंदौर मेट्रो युग में प्रवेश कर गया है। सुबह 9 बजे विशालकाय क्रेनों की सहायता से कल रात बड़ोदा से इंदौर पहुंची पहली तीन कोचों को पूजा-अर्चना, नारियल फोड़ने के बाद अनलोड किया गया। अब आज दिनभर इन तीनों पीले रंग के कोचों को तैयार किया जाएगा और फिर कल से सेफ्टी रन की शुरुआत होगी, ताकि 6 किलोमीटर के प्रायोरिटी कारिडोर पर 14 सितम्बर को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की मौजूदगी में सफल ट्रायल रन लिया जा सके।**



इंदौर भी देश के उन चुनिंदा महानगरों में शामिल हो गया जो मेट्रो सिटी कहलाते हैं। आज से इंदौर में मेट्रो युग की शुरुआत हो गई। हालांकि इसका काम तो पिछले दो-ढाई वर्षों से चल रहा था। गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर-3 वाली रेडिसन चौराहा तक 6 किलोमीटर के प्रायोरिटी कारिडोर को तैयार किया जा रहा है, जिस पर 14 सितम्बर को ट्रायल रन के चलते पहली मेट्रो ट्रेन दौड़ेगी, जिसके तीन कोच कल रात विशालकाय ट्रालों में लदकर इंदौर पहुंचे और आज सुबह 9 बजे से गांधी नगर में बने मेट्रो डिपो में उनके अनलोड की प्रक्रिया शुरू की गई। सांसद शंकर लालवानी इस अवसर पर मौजूद रहे, जिन्होंने पूजा-अर्चना और नारियल फोड़कर मेट्रो कोच के अनलोड की प्रक्रिया शुरू करवाई। विशालकाय क्रेनों की सहायता से इन भारी-भरकम कोचों को सावधानीपूर्वक उठाकर पटरी पर रखा जा रहा है। यानी इंदौर की पहली मेट्रो ट्रेन आज पटरी पर उतर गई है। अब मेट्रो प्रोजेक्ट से जुड़े इंजीनियरों और तकनीकी स्टाफ द्वारा इन कोचों को तैयार किया जाएगा। मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह लगातार ट्रायल रन की तैयारियों पर निगाह रखे हुए हैं। उन्होंने बताया कि इंदौर में तीन कोच की पहली ट्रेन अनलोड आज हो गई है और अब ट्रायल रन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उसके पहले सेफ्टी रन भी किया जाएगा, जिसमें धीरे-धीरे स्पीड बढ़ाकर टेस्टिंग की जाएगी। यह प्रक्रिया 8 से 10 दिन लगातार चलेगी, ताकि ट्रायल रन में किसी तरह की तकनीकी परेशानी ना आए।

## भोपाल पिछड़ा इंदौर निकला आगे पहले से जाएगा ट्रायल रन

पिछले दिनों भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने मेट्रो ट्रेन के मॉडल का लोकार्पण किया, जिसे देखने भी बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे, लेकिन ट्रायल रन के मामले में इंदौर बाजी मारेगा और भोपाल पीछे रह गया, जहां पर 20 सितम्बर या उसके बाद ट्रायल रन संभावित है। अभी तो भोपाल के लिए कोच बड़ोदा से रवाना भी नहीं हो पाए हैं, जबकि इंदौर के ट्रायल रन के लिए तीन कोच की ट्रेन कल रात ही पहुंच गई, जिसे आज सुबह अनलोड कर पटरी पर उतारा गया। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा इंदौर में ट्रायल रन लिया जाएगा और संभव है कि इस अवसर पर वे इंदौर से उज्जैन मेट्रो की घोषणा भी कर दें, क्योंकि उज्जैन के साथ-साथ देवास-पीथमपुर को भी जोड़ने की मांग उठती रही है। अभी बड़ी संख्या में इंदौर से उज्जैन लोगों का आना-जाना महाकाल लोक के कारण बढ़ गया है, जिसके चलते इंदौर-उज्जैन के बीच मेट्रो अत्यंत सफल भी साबित होगी और सुपर कॉरिडोर से गुजर रही मेट्रो भौंरासला से आसानी से उज्जैन तक ले जाई जा सकती है।

## 120 टन वजनी तीन कोच बड़ी मशक्कत के बाद पहुंचे हैं इंदौर डिपो तक

ट्रायल रन के लिए 120 टन वजनी तीन कोच विशालकाय ट्रालों के जरिए इंदौर लाए गए। एक कोच का वजन लगभग 40 टन बताया गया है और बड़ोदा की सावली फैक्ट्री से ये कोच ट्रालों में रवाना किए गए। चूंकि 10 से 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ही ये विशालकाय ट्राले चल सकते हैं, जिसके चलते ये कल रात इंदौर पहुंचे। जबकि 23 अगस्त को बड़ोदा से रवाना हुए थे। इन विशाल ट्रालों को चलाने वाले ड्राइवरों को भी विशेष प्रशिक्षण दिया गया और रास्ता भी लम्बा तय करना पड़ा। झाबुआ की बजाय उदयपुर होते हुए इन ट्रालों को इंदौर लाया गया। 74 पहियों वाले तीन ट्रालों पर लदकर ये चमचमाते तीनों कोच लगभग 800 किलोमीटर का सफर तय कर सफलतापूर्वक इंदौर पहुंचे हैं। और कल रात इन्हें गांधी नगर स्टेशन लाया गया, जहां आज सुबह अनलोड करने की प्रक्रिया पूरी सावधानी के साथ शुरू की गई। अब इन तीनों पीले रंग के कोचों को सेफ्टी रन के लिए इंजीनियरों द्वारा तैयार किया जाएगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | Dainik Bhaskar | Indore | 01.09.2023 | 02 | 14 को मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन, 28 निकलेगा अनंत चतुर्दशी चल समारोह | Neutral |

दैनिक भास्कर इंदौर 01-09-2023 Pg-J2

# इंदौर फ्रंट पेज

दैनिक भास्कर इंदौर, शुक्रवार 01 सितंबर, 2023

दैनिक भास्कर सिटी कैलेंडर सितंबर 2023

## 14 को मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन, 28 को निकलेगा अनंत चतुर्दशी चल समारोह

**इंदौर।** यह महीना शहर के लिए बड़े आयोजनों के नाम रहेगा। 14 सितंबर को मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन होगा। एक दिन बाद ही 15 सितंबर को 800 करोड़ के विकास कामों का शिलान्यास होगा। खेल प्रेमियों के लिए 24 सितंबर को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच क्रिकेट का एकदिवसीय मुकाबला होगा तो 28 सितंबर को शहर की गौरवशाली परंपरा अनंत चतुर्दशी का चल समारोह अपने 100वें साल में प्रवेश करेगा। 27 से 29 सितंबर तक स्मार्ट सिटी का राष्ट्रीय सम्मेलन होगा।

### आर्ट, कल्चर और नाटक

**2 सितंबर हबीब तनवीर जन्म शताब्दी प्रसंग**

- **क्या होगा-** हबीब तनवीर के रंगमंच पर चर्चा और उन पर बनी डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन
- **कब-** शाम 5 बजे से
- **कहां-** प्रेस क्लब सभागृह
- **क्या खास-** हबीब तनवीर की बेटी नगीन पिता की यादें साझा करेंगी

**3 सितंबर मराठी नाटक अल्बत्या गलबत्या का मंचन**

- **क्या होगा-** नाटकों के दो शो प्रदर्शित होंगे
- **कब-** दोपहर 3 बजे और शाम 6 बजे
- **कहां-** डीएवीवी ऑडिटोरियम
- **क्या खास-** बच्चों के लिए होगा नाटक

**9 सितंबर वार्षिक काव्योत्सव**

- **क्या होगा-** देश के विभिन्न हिस्सों से रचनाकार जुटेंगे। काव्यपाठ करेंगे।
- **कब-** सुबह 10 बजे से
- **कहां-** होटल न्यू सुंदर
- **क्या खास-** 50 से ज्यादा कवि और कवियत्री शामिल होंगे। छंदबद्ध कविता का प्रसार करेंगे।

**8, 9, 10 सितंबर मराठी नाटक सारखं काही तरी होतय का मंचन**

- **क्या होगा-** 3 दिन कलाकारों की खास पेशकश
- **कब-** शाम 4 और 7 बजे
- **कहां-** डीएवीवी ऑडिटोरियम
- **क्या खास-** मराठी, हिंदी फिल्म, टीवी एक्ट्रेस वर्षा उसगांवकर अभिनय करेंगी

### सिटी गेस्ट



- **क्या :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इंदौर आएंगी
- **कब :** 27 सितंबर
- **क्या खास :** ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में स्मार्ट सिटी का सम्मेलन होगा। 100 स्मार्ट सिटी के प्रतिनिधि शामिल होंगे।



- **क्या :** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आएंगे
- **कब :** 20 सितंबर को
- **क्या खास :** जन आशीर्वाद यात्रा, प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार से जुड़ी योजनाओं की ब्रांडिंग होगी

### सिटी इवेंट

- **क्या :** अनंत चतुर्दशी का चल समारोह निकलेगा। • **कब :** 28 सितंबर को शाम 6 से सुबह 6 तक • **क्या खास :** शहर की यह गौरवशाली परंपरा इस बार 100वें वर्ष में प्रवेश करेगी। शानदार झिलमिलाती झांकियों का कारवां निकलेगा। 25 से अधिक झांकियां शामिल होंगी। 100 से ज्यादा अखाड़े करतब दिखाएंगे।

### सिटी डेवलपमेंट

**मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन होगा**

14 सितंबर को इंदौर मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन होगा। सुपर कॉरिडोर पर 5.9 किलोमीटर के सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर में ट्रेन चलेगी।



**करोड़ों के प्रोजेक्ट का शिलान्यास**

15 सितंबर को इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) से जुड़े करीब 800 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास होगा।

### सिटी स्पोर्ट्स एक्टिविटी

**24 सितंबर को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबला**

- **कहां :** होलकर क्रिकेट स्टेडियम में डे-नाइट मैच होगा।
- **टिकट कब से :** 15 सितंबर के बाद से मिलेंगे।
- **प्रशंसकों के लिए :** रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे स्टार क्रिकेटर।



यह कैलेंडर आप क्यूआर कोड को स्कैन करके भी अपने मोबाइल पर ले सकते हैं।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | Dainik Bhaskar | Indore | 01.09.2023 | 03 | रास्ते में उतार-चढ़ाव न आए, इसलिए 900 किमी लंबे रूट से आए | Neutral |

दैनिक भास्कर इंदौर 01-09-2023



**मेट्रो का मेगा सफर**
**8 दिन में पहुंचे इंदौर**

# रास्ते में उतार-चढ़ाव न आए, इसलिए 900 किमी लंबे रूट से आए

भास्कर संवाददाता | इंदौर

वडोदरा के सांवली संयंत्र से मेट्रो कोच 23 अगस्त को रवाना हुए। वहां से इंदौर की दूरी करीब 350 किमी है, लेकिन रास्ते में उतार-चढ़ाव नहीं आए, इसलिए कोच को 900 किमी की दूरी तय कर इंदौर लाया गया। माळलिया घाट का रास्ता नहीं चुना। वजह यह थी कि यह बहुत भारी थे। एक कोच का वजन 42 टन है। गाड़ी सहित डिब्बे की कुल लंबाई 32 मीटर व ऊंचाई 5.50 मीटर थी। इस वजह से ऐसे रूट का चयन किया जहां ज्यादा पेड़, हाईटेंशन लाइन या बिजली की तार ना हो। ऐसा रास्ता ढूंढा जहां घाट का चढ़ाव ज्यादा नहीं हो। इसके लिए कंपनी तीन माह सर्वे कराया और रूट मैप बनाया।

वडोदरा से तीनों कोच लेकर गाड़ियां पहले हिम्मत नगर गईं। वहां से उदयपुर, चित्तौड़गढ़, नीमच, मंदसौर, जावरा, रतलाम, धार बायपास होते हुए इंदौर पहुंचे। गांधी नगर डिपो तक कुल 900 किमी का सफर तय किया। अधिकतम स्पीड 20 किमी प्रति घंटा रखी गई। औसतन 90 किमी से 120 किमी की दूरी एक दिन में तय की। किसी भी तरह के नुकसान, खतरे से बचने के लिए रात में गाड़ी चलाने की मनाही थी। एक गाड़ी में ड्राइवर सहित तीन लोगों का स्टाफ था। यानी तीन गाड़ियों को 9 लोग लेकर आए। आकस्मिक स्थिति में एक अतिरिक्त ड्राइवर था। ट्रांसपोर्ट कंपनी के 10-12 लोगों का स्टाफ भी साथ चल रहा था।



## मेट्रो सफर के दो प्रत्यदर्शी



ट्रांसपोर्ट का जिम्मा प्रेकॉम कंपनी के पास था। उनके ट्रांसपोर्ट मैनेजर विनोद कुमार भी अपने स्टाफ के साथ कंटेनर के साथ चल रहे थे। उन्होंने बताया कि एक गाड़ी में एक ड्राइवर, एक हेल्पर और एक ऑपरेटर था। दो एस्कॉर्ट कार एक आगे और एक पीछे चल रही थी। आठ से दस घंटे रोज चल रहे थे। लगभग 120 किमी की दूरी एक दिन में तय की गई। तीन राज्यों से होते हुए इंदौर पहुंचे। इस दौरान गुजरात में पांच, राजस्थान में चार और मप्र में 6 टोल आए। सर्वे भी पहले ही करवा लिया गया था कि कहीं किसी सड़क पर काम तो नहीं चल रहा है। स्टॉपेज पहले से ही तय थे।



बिहार के निवासी दिनेश दुबे तीन में से एक गाड़ी चलाकर लाए। वे कहते हैं कि हम यही काम करते हैं। कई बार मेट्रो कोच ले जा चुके हैं। परेशानी आती है जब कोई घाट आ जाए या ढलान आ जाए। प्रोजेक्ट शुरू होने के पहले ही हम सभी का मेडिकल चेकअप करवाया जाता है। उसके बाद ही गाड़ी चलाने की अनुमति दी जाती है।

### गांधी नगर तक पहुंचने के पहले मॉकड्रिल

गांधी नगर में बने डिपो के सामने का रास्ता सीधे धार रोड से जुड़ता है। मेट्रो के कोच को उसी रास्ते से लाया गया है। एंट्री से पहले अधिकारियों ने मॉकड्रिल करवाई ताकि यह समझ आए कि 5.5 मीटर से नीचे कोई बैरिकेडिंग या साइन बोर्ड ना हो। फिर धार रोड के ब्रिज से बिजासन वाले रोड से गाड़ी को लाया गया। रास्ते में एक गेट मिला जिसकी ऊंचाई 5 मीटर थी, उसे हटाया गया।

### तीन गुना भारी जंजीर से बांधकर लाए

42 टन वजनी और 22 मीटर लंबे कोच को गाड़ी पर लाने के लिए तीन गुना 120 टन वजनी लोहे की जंजीर से बांधकर लाया गया। नियमानुसार जितने वजन का सामान होता है, उससे तीन गुना वजन रखकर लाना होता है।

### यात्री जून से कर सकेंगे सफर

मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के तहत आम यात्रियों के लिए ट्रेन का संचालन जून 2024 में प्रस्तावित है, इसलिए सितंबर तक ट्रायल किया जा रहा है ताकि सेफ्टी सर्टिफिकेट मिल सके। इंदौर में कुल 31.46 किमी पर मेट्रो का काम चल रहा है। फिलहाल रोबोट चौराहे पर 17.5 किमी के कॉरिडोर पर तेजी से काम चल रहा है।

### यह होती है थर्ड रेल तकनीक

इंदौर मेट्रो थर्ड रेल प्रणाली पर काम करेगी। 750 वोल्ट की बिजली से थर्ड रेल चलाएंगे। पारंपरिक रूप से ओवरहेड इक्विपमेंट प्रणाली की जगह पटरियों के समानांतर तीसरी पटरी बिछाई जाएगी, जिससे बिजली की आपूर्ति होगी। यानी बिजली की लाइन ऊपर की बजाय से नीचे से ही जाएगी। ब्रैकेट निकलेंगे, उसमें रेल लगेगी और उसमें कंडक्टर जाएगा और उससे इलेक्ट्रिक चार्ज होगा। यह कंडक्टर थोड़ी-थोड़ी दूरी पर लगाए जाएंगे। ट्रैक पर ही खास तरह का इनवर्टर लगाया गया है। मेट्रो में ब्रेक लगाने पर निकलने वाली ऊर्जा को वापस ग्रिड में भेजेगा, जिससे ऊर्जा संरक्षण किया जाएगा।

### सीएम बोले-एक और उपलब्धि मिली


सीएम शिवराजसिंह चौहान ने ट्वीट करते हुए कहा कि इंदौर में मेट्रो का सपना साकार होने की दिशा में आज एक और उपलब्धि मिली है। गांधीनगर डिपो में पहली रोलिंग स्टॉक ट्रेन का आगमन हुआ है। सांसद शंकर लालवानी, हिमांशु ग्रोवर सहित मेट्रो के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने ट्रेन को मेट्रो डिपो में उतारे जाने की प्रक्रिया का शुभारंभ किया। ट्रायल रन सितंबर में होना है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | Dainik Bhakar | Indore | 01.09.2023 | 01 | बढ़ाई इंदौर पटरी पर उतरी हमारी मेट्रो | Positive |

दैनिक भास्कर इंदौर 01-09-2023 Pg-J1

# बधाई इंदौर पटरी पर उतरी हमारी मेट्रो

## देश में सबसे उन्नत GAO-4 तकनीक वाली इंदौर मेट्रो, ये दिल्ली के सिर्फ एक रूट पर



फोटो | संदीप जैन

**75** कोच आएंगे इंदौर। तीन डिब्बों की एक ट्रेन होगी, यानी कुल 25 ट्रेन आएंगी।

**22** मीटर लंबे, 2.9 मीटर चौड़े व 5.5 मीटर ऊंचे हैं कोच

**90** सेकंड का अंतर होगा दो मेट्रो के बीच में

**7500** करोड़ का है 31.46 किमी का प्रोजेक्ट, अभी 17.5 किमी हिस्से में काम जारी

भास्कर संवाददाता | इंदौर

लंबे इंतजार के बाद गुरुवार को इंदौर मेट्रो पटरी पर आई। आठ दिन में तीन राज्यों से 900 किमी का सफर तय कर कोच गांधीनगर के लोडिंग ट्रैक पर उतारे गए। हमारी मेट्रो के कोच पीले रंग के होंगे। अंदर का डिजाइन ग्रे है। एक कोच में 50 लोग बैठ सकेंगे, जबकि 250 से 300 यात्री खड़े रह पाएंगे। एक फेरे में 900 यात्री सफर कर पाएंगे। कोच अभी नीले की रंग की पॉलीथिन से ढंके हुए हैं। गुरुवार को पूजा के लिए थोड़ा सा हिस्सा खोला गया। तीन कोच में से दो ड्राइविंग मोटर कार है। यानी पहला व तीसरा डिब्बा इंजन जैसा होगा। बीच वाला ट्रेलर कार कहलाता है। ट्रैक पर लाने से पहले सांसद शंकर लालवानी, सिस्टम डायरेक्टर शोभित टंडन व जीएम अजय कुमार ने कोच की पूजा की।

### ऐसे ट्रैक पर उतारे गए मेट्रो कोच

पहला कोच सुबह 9.45 बजे ट्रॉले से उतारा गया। इन्हें पटरी पर पहुंचाने के लिए फोर पॉइंट जैक क्रेन मेट्रो लाई गई थी। डिपो क्रॉस कर इसे इंस्पेक्शन-बे लाइन पर ले जाया गया। डिपो में बने स्टेब्लिंग यार्ड में टेस्टिंग ट्रैक पर इन्हें चेक किया गया।

### 90 किमी प्रति घंटे होगी रफ्तार

मेट्रो को 80 से 90 किमी प्रति घंटे की स्पीड के हिसाब से डिजाइन किया गया है। शुरू में किस स्पीड पर चलाएंगे, यह अभी तय नहीं है। जहां कर्व होंगे, वहां गति धीमी रहेगी।

### तीन शिफ्ट में 24 घंटे करेंगे काम

तीनों कोच जोड़ने में 20 से 25 दिन लगते हैं। ट्रायल रन सितंबर के मध्य में होना है, इसलिए तीन शिफ्ट में 24 घंटे काम करना होगा। बिजली, ट्रेन व ब्रेकिंग कनेक्शन के बाद टेस्ट ट्रैक पर चलाएंगे। कोच को जोड़ना जटिल काम होता है। एक-एक वायर जोड़ना होता है। मेट्रो रेल कार्पोरेशन इस काम को 10 दिन में पूरा करेगा।

### GAO-4 तकनीक ड्राइवर तो ठीक अटेंडेंट की भी जरूरत नहीं

मेट्रो के सिस्टम डायरेक्टर शोभित टंडन ने बताया, इंदौर मेट्रो के लिए ग्रेड ऑफ ऑटोमेशन-4 यानी जीओए-4 तकनीक का उपयोग किया गया है। ड्राइवर गाड़ी में हो या ना हो, यात्रा सुरक्षित रहेगी। अन्य शहरों में जीओए-2 व अहमदाबाद में जीओए-3 तकनीक वाली मेट्रो चल रही है, जिसमें अटेंडेंट होता है। जीओए-4 में अटेंडेंट की भी जरूरत नहीं है।

-पेज 3 भी पढ़ें

MPMETRO

METRO NEWS

02nd SEPTEMBER,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | पत्रिका | इंदौर | 02.09.2023 | 04 | ऐसी है हमारी येलो लॉइन मेट्रो | Positive |

पत्रिका



मायसिटी MY CITY | पत्रिका
इंदौर, शनिवार, 02 सितंबर 2023

# ऐसी है हमारी यलो लाइन मेट्रो

इंदौर. हमारी मेट्रो ट्रेन अब पूरी तरह तैयार हो गई है। वडोदरा से इंदौर आने के बाद गांधीनगर के डिपो में यलो लाइन मेट्रो कोच का कवर हटाकर सारे कनेक्शन जोड़े जा रहे हैं। इंजीनियरों की टीम लगातार लगी हुई है। ट्रायल के लिए ट्रेनिंग पायलट को भी बुलाया है।

## तीनों कोच जोड़े

गांधीनगर डिपो के अंदर यार्ड में कवर हटाने के बाद तीनों कोच को जोड़ दिया गया है। इंजीनियरों की टीम सभी कोच जोड़ने के बाद बिजली व अन्य कनेक्शन स्थापित कर रही है। कोच के अंदर सेटिंग व्यवस्था को भी ठीक किया जा रहा है। 14-15 सितंबर को ट्रायल संभावित है, इससे पहले कोच के इंजन को चालू कर तमाम सेटिंग को चेक किया जाएगा, लोड टेस्ट भी हो जाएगा।

## ...तो बज उठेगा अलार्म

- एक कोच में चार गेट हैं। सेंसर से गेट बंद-चालू होंगे। चारदरी व आपातकालीन खिड़कियां हैं।
- पैसेंजर कम्युनिकेशन सिस्टम है।
- कोच में धूम्रपान करने व धुआं होने पर तुरंत अलर्ट अलार्म बजेगा।

## खास बातें...

- यात्रियों को डीइस सिस्टम के जरिए अगले स्टेशन की जानकारी, अलर्ट मैसेज मिलेगा। हिंदी में जानकारी मिलेगी।
- हर स्टेशन पर कमांड कंट्रोल रूम होगा, मुख्य कंट्रोल रूम गांधीनगर डिपो में रहेगा।
- पायलट से संपर्क का सिस्टम होगा।

3 | फीट जगह है इंजन में पायलट के लिए, शेष कोच यात्रियों के लिए रहेगा।

02/09/2023 | Indore City | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | राज एक्सप्रेस | इंदौर | 02.09.2023 | 04 | विकास से प्रभावित आनंद महिंद्रा ने शेयर किया मेट्रो ट्रैक का वीडियो | Positive |



# विकास से प्रभावित आनंद महिंद्रा ने शेयर किया मेट्रो ट्रैक का वीडियो

इंदौर ■ राज न्यूज नेटवर्क

देश के ख्यात उद्योगपति आनंद महिन्द्रा अपनी ट्वीट्स को लेकर चर्चा में रहते है। इस बार उन्होंने इंदौर का जिक्र करते हुए अपनी पत्नी से पहली मुलाकात इंदौर में ही होने की बात लिखी। इंदौर की स्वच्छता की प्रशंसा करते हुए मेट्रो के निर्माण से नागरिकों के जीवनस्तर में सुधार की बात कही वे शुक्रवार को इंदौर में आयोजित भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल की बैठक में शामिल होने आए थे। इस दौरान कार में सफर करते हुए मेट्रो के निर्माणाधीन ट्रैक का विडियो बनाया और उसे पोस्ट किया। वहीं इस पर



एक यूजर ने उन्हें सराफ की कचौड़ी और इंदौर का पोहा खाना ना भूलने की बात भी लिखी। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में बोर्ड की 603 वीं बैठक में इंदौर आए। महिन्द्रा ने कहा कि मै पहली बार अपनी पत्नी से मिला था। इंदौर अभी भी भारत के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब बरकरार रखे हुए है। अभी यह एक विशाल निर्माण स्थल जैसा है। लेकिन यह एक मेट्रो का निर्माण करना है, जो केवल अपने नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाएगी। उनके इस ट्वीट के 7 घंटे में ही 5700 से अधिक लाइक मिले और विडियो को 3 लाख 41 हजार बार से अधिक देखा गया।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 02.09.2023 | J4 | मेट्रो ट्रेन: 14 दिन का काम 10 दिन में करना है पूरा, 25 इंजीनियर की टीम जुटी | Positive |

दैनिक भास्कर इंदौर 02-09-2023 Pg-J4

**भास्कर ग्राउंड रिपोर्ट** • पॉवर हाउस, कंट्रोल व कमांड सेंटर का काम तेजी से चल रहा

# मेट्रो ट्रेन; 24 दिन का काम 10 दिन में करना है पूरा, 25 इंजीनियर की टीम जुटी

भास्कर संवाददाता | इंदौर

मेट्रो ट्रेन के ट्रायल रन की तैयारी तेजी से चल रही है। शुक्रवार को गांधीनगर डिपो के मेंटेनेंस यार्ड में एल्सटॉम व मप्र मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की टीमें अपने-अपने मोर्चों पर पहुंच गईं। सबसे पहले तीनों कोच की पॉलिथीन हटाकर इन्हें यार्ड में अलाइन किया। इसके बाद शुरू हुआ तीनों कोच के तार जोड़ने का सिलसिला। पीले रंग की मेट्रो के कोच की बॉडी चमचमाते स्टील से बनी है। यह पूरी तरह रस्ट प्रूफ व सुरक्षित पॉलिश से लैस है।

## कोच जोड़ने में ही सबसे ज्यादा समय लगेगा

कड़ी सुरक्षा के साथ कोच कनेक्ट करने का काम कर रहे इंजीनियर बताते हैं, सबसे पहले कोच के इलेक्ट्रिक व ब्रेकिंग सिस्टम को जोड़ना शुरू किया है। इसके बाद ऑपरेशन, एआई और सिग्नल सिस्टम का काम शुरू होगा। तीनों कोच को जोड़ने में ही समय लगेगा। इलेक्ट्रिक, इलेक्ट्रॉनिक्स और सिग्नल प्रणाली के बीच समन्वय करके यह काम करना होता है। प्रयास कर रहे हैं कि 10 सितंबर तक तकनीकी काम पूरे हो जाएं। ट्रायल ड्राइवर के साथ होगा। ऑटोमैटिक संचालन सिग्नल सिस्टम बनने के बाद किया जाएगा। इंदौर मेट्रो ड्राइवर लेस तो है ही, इसके फंक्शन ऑटोमैटिक होंगे। संचालन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से होगा।

## इस तरह करते हैं इलेक्ट्रिक सर्किट का काम




## तय समय पर ट्रायल के लिए रोज 18 घंटे चलेगा तकनीकी काम

- तीन कोच की मेट्रो में इलेक्ट्रिक, इलेक्ट्रॉनिक और ऑटोमैटिक सर्किट को पूरा करने का जो काम आम तौर पर 24 दिन में होता है, इंदौर में वही काम 10 दिन में करेंगे। इसके लिए 25 इंजीनियर्स की टीम 8 की बजाय 18 घंटे रोज काम करेगी।
- साइबर अटैक व हैकिंग से भी सुरक्षित बनाया है।
- इस मॉडल में ट्रैक मॉनिटरिंग सिस्टम है, जो पूरे ट्रैक की निगरानी करेगा। किसी भी तरह का हर्डल और तकनीकी खराबी आने पर अलर्ट भी देगा।
- ट्रेन पूरी तरह एसी है। दोनों ओर 4-4 गेट हैं। यह सेंसर से बंद व चालू होते हैं।

(जैसा मेट्रो के सिस्टम डायरेक्टर शोभित टंडन ने बताया)

## तीन स्टेशन टीसीएस, बड़ा बांगड़दा, गांधीनगर को ही कर रहे तैयार

प्रायोरिटी कॉरिडोर पर काम तेजी से चल रहा है। टीसीएस स्टेशन से लेकर डिपो तक सिग्नल सिस्टम, पॉवर सप्लाय नेटवर्क, स्टेशन पर प्री कास्ट छत डालने का काम जारी है। संचालन के लिए बिजली सप्लाय सेंट्रलाइज्ड होगी। इसके लिए पॉवर हाउस डिपो में ही बनाया है। यहां से ट्रैक पर लगी एल्युमिनियम की थर्ड रेल में बिजली सप्लाय होगी। संचालन भी डिपो से ही होगा। इसके लिए कंट्रोल एंड कमांड सेंटर बन रहा है। यहीं से मेट्रो को निर्देश दिए जाएंगे। स्टेशन पर एस्केलेटर लगाए जा रहे हैं। अफसरों के अनुसार ट्रायल रन के लिए सभी स्टेशन की जरूरत नहीं है। इसलिए तीन स्टेशन टीसीएस, बड़ा बांगड़दा, गांधीनगर को तैयार कर रहे हैं।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | राज एक्स्प्रेस | इंदौर | 02.09.2023 | 04 | इंदौर मेट्रो ने कायम की तेजी की मिसाल | Positive |



अभी नहीं खुलेंगे मेट्रो के पर्दे, टेक्निकल टीम कर रही जांच

# इंदौर मेट्रो ने कायम की तेजी की मिसाल

इंदौर ■ राज न्यूज नेटवर्क

देश के प्रमुख शहरों में मेट्रो ट्रेन के निर्माण में सबसे तेज गति से निर्माण इंदौर में किया गया है। 2 साल से भी कम समय में प्रायोरिटी कॉरिडोर का निर्माण किया गया है। अब जब पहली मेट्रो इंदौर आ चुकी है, इसके ट्रायल रन और सुरक्षा सम्बंधी जांच के बाद आम लोगों के उपयोग का इंतजार है। वर्तमान में देश के 16 शहरों में मेट्रो ट्रेन दौड़ रही है, वहीं 5 से अधिक शहरों में मेट्रो का निर्माण जारी है। इसमें इंदौर और भोपाल सबसे आगे हैं। इंदौर मेट्रो ट्रेन के 5.9 किलोमीटर के ट्रैक पर ट्रायल की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। ट्रेन के कोच इंदौर पहुंचने के साथ ही अब इस हिस्से में ट्रेन के ट्रायल रन के औपचारिक शुरू होने का इंतजार है। इंदौर मेट्रो के इस ट्रैक का निर्माण 1 साल 7 माह में पूरा हुआ, जो देशभर के अलग-अलग शहरों में चल रहे मेट्रो के निर्माण में सबसे तेज गति से होने वाला कन्स्ट्रक्शन है। अब मेट्रो के इंदौर आने के बाद इसका ट्रायल रन से पहले टेक्निकल एनालेसिस किया जाएगा। इस कार्य के लिए तकनीकी विशेषज्ञ जल्दी ही अपना काम शुरू करेंगे। वहीं वाले मेट्रो को पूरी तरह से पर्दे से बाहर निकालने के लिए ट्रायल रन के ठीक पहले तक इंतजार करना होगा।

**देश की निर्माणाधीन मेट्रो में सबसे तेज गति से बना इंदौर का 5.9 किलोमीटर का ट्रैक**

## धीमी शुरुआत, तेज निर्माण

मध्यप्रदेश की प्रगति का प्रतीक मानी जा रही इंदौर मेट्रो का पहला चरण कोरोना काल और तकनीकी कारणों से कछुआ चाल से चल रहा था, जिसको नवंबर 2021 के बाद गति मिली। मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर निर्माण की आधारशिला सितम्बर 2021 में रखी गई थी, जिसके बाद रेल विकास निगम लिमिटेड ने जनवरी 2022 में इसका निर्माण शुरू कर दिया। अब सितंबर 2023 में यह ट्रैक टेस्टिंग के लिए तैयार हो चुका है। मुख्यमंत्री ने सुपर कॉरिडोर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर सितम्बर में ट्रायल रन के लिए लक्ष्य निर्धारित किया था। समय सीमा में काम पूरा करने के लिए नवंबर 2022 में तत्कालीन कलेक्टर मनीष सिंह को मेट्रो रेल एमडी की जिम्मेदारी दी गई थी। इसके बाद से इंदौर मेट्रो के ट्रैक पर लगातार हो रहे निर्माण की मॉनिटरिंग की गई और अब लगभग 6 किलोमीटर का हिस्सा ट्रायल के लिए तैयार है।

## दिल्ली में सबसे बड़ा नेटवर्क

वर्तमान में देश में दिल्ली में 390 किमी, बेंगलुरु में 68.6 किमी, हैदराबाद में 67 किमी, चेन्नई में 54.1 किमी, कोलकाता में 47.9 किमी, मुंबई में 46.8 किमी, अहमदाबाद में 37.9 किमी, कोचि में 26.8 किमी, पुणे में 23.8 किमी, लखनऊ में 22.9 किमी सहित जयपुर, नोएडा, नागपुर और कानपुर में संचालन किया जा रहा है, वहीं इंदौर और भोपाल सहित आगरा, सूरत, पटना, सहित नवी मुंबई में संचालन की तैयारी की जा रही है।

## पहले 5.9 फिर 12.3 पर चलेगी मेट्रो

मेट्रो रेल कॉरपोरेशन का लक्ष्य अप्रैल 2024 तक पहले चरण में शहरवासियों के लिए मेट्रो शुरू करना है। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार सभी स्टेशन पर प्लेटफॉर्म बनाने का काम पूरा हो चुका है। 6 किलोमीटर के लिए अप और डाउन के लिए पटरियां डालने सहित वायर बलाई का काम भी हो चुका है। इंदौर मेट्रो निर्माण के जनरल मैनेजर अजय कुमार के अनुसार इंदौर में प्रायोरिटी कॉरिडोर पर एक बार ट्रायल रन का दौर शुरू होगा, तो यह लगातार चलेगा। 5.9 किलोमीटर के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर ट्रायल 2 से 3 माह तक चलेगा। इसके बाद दिसंबर में कमिश्नर मेट्रो रेलवे सेफ्टी के निरीक्षण के बाद ही 6 किलोमीटर का ट्रैक आम नागरिकों के लिए शुरू कर दिया जाएगा। उम्मीद है कि दिसंबर 2023 तक प्रायोरिटी कॉरिडोर पर ट्रायल होने के बाद बचा हुआ 12.3 किलोमीटर का हिस्सा भी तेजी से पूरा होने लगेगा।

इंदौर में पहला चरण 31 किमी का होकर इसके पहले हिस्से का काम जारी है। वहीं दूसरे हिस्से में भूमिगत स्टेशन सहित अन्य कार्यों के लिए टेंडर की तैयारी है।

## मेट्रो की सुरक्षा में लगेगी सीआईएसएफ

मेट्रो के पहले सेट के इंदौर आने के बाद ही उसकी सुरक्षा को लेकर कड़ी व्यवस्था की गई है। अभी तक निर्माण कार्य के दौरान मेट्रो ट्रैक और डिपो में निजी सुरक्षा एजेंसी के माध्यम से मप्र मेट्रो रेल कॉरपोरेशन कर रहा था। वहीं मेट्रो रोलिंग स्टॉक के आने के बाद यह एलस्टॉम और मेट्रो कॉर्पोरेशन की संयुक्त जिम्मेदारी है। सूत्रों के अनुसार इंदौर मेट्रो को भी दिल्ली मुंबई की मेट्रो की तरह सुरक्षा मिलेगी। इसके लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। इंदौर एयरपोर्ट की तर्ज पर यहां भी सुरक्षा जांच के बाद प्रवेश मिलेगा। बताया गया है कि अभी निर्माणाधीन होने की स्थिति में सुरक्षा की जिम्मेदारी कारपोरेशन या कॉन्ट्रेक्टर कंपनी की होगी। वहीं कमर्शियल ऑपरेशन शुरू होने से पहले सुरक्षा बल की तैनाती होगी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | पीपल्स समाचार | इंदौर | 02.09.2023 | 07 | ट्रायल रन के पहले होगा सेफ्टी ट्रायल पहले चरण में केवल 17.5 किलोमीटर दौड़ेगी | Neutral |


पीपुल्स समाचार

इंदौर सिटी Page: 7 September 02, 2023


मेट्रो ट्रेन का सेट अप्रैल में इंदौर पहुंचेगा, गुजरात की कंपनी तेजी से कर रही निर्माण, 25 सेट आएंगे

# ट्रायल रन के पहले होगा सेफ्टी ट्रायल पहले चरण में सिर्फ 17.5 किमी दौड़ेगी


पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9926064287


मेट्रो ट्रेन के तीन कोच पटरी पर रखे जाने के बाद अब ट्रेन संचालन को लेकर कंपनी और शासन ने काम को गति देना शुरू कर दिया है। ट्रायल रन के पहले सेफ्टी ट्रायल लिया जाएगा। ट्रायल रन वाले क्षेत्र के आगे स्टेशन, स्टॉपिज, सेगमेंट तैयार करने और पटरी बिछाने का काम होगा। प्रथम चरण में ट्रेन केवल 17.5 किलोमीटर में चलेगी यानी सुपर कॉरडोर से विजयनगर चौराहा तक यात्रियों को सफर करा सकेगी। इसके आगे का काम द्वितीय चरण में इस साल के अंत तक पूरा किया जाना प्रस्तावित है। गुजरात की कंपनी एल्सटाम द्वारा ट्रेन के सेट अप्रैल माह में इंदौर पहुंचा दिए जाएंगे यानी अप्रैल माह के अंतिम दिनों में शहर के 30 लाख लोगों को ट्रेन के सफर का लाभ मिल सकती है। कंपनी द्वारा



यह सेट साढ़े चौदह माह में तैयार किया गया है। कंपनी ने 15 वर्ष के रखरखाव के साथ ही 3-कार कॉन्फिगरेशन वाले 52 स्टैंडर्ड गेज मोविया मेट्रो यात्री ट्रेन सेट्स के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, इंस्टॉलेशन, परीक्षण और कमीशनिंग का जिम्मा उठाया है। ट्रेन के कोचों का निर्माण 3200 करोड़ में किया गया है।

**आधुनिक के साथ कम वजनी है-** यह ट्रेन अत्याधुनिक तकनीक से परिपूर्ण है और बेहद कम वजनी है। इंदौर में 29 स्टेशन वाली 31.5 किमी लाइन पर 80 किमी/घंटा की रफ्तार से दौड़ेगी।

## अगले सप्ताह करेंगे निरीक्षण

कोच को पटरी पर आने के बाद अब सुपर कॉरिडोर पर मुख्य स्टेशन का काम जल्द पूरा करने की तैयारी हो गई है। मुख्य स्टेशन पर टिकट खिड़की, प्लेटफॉर्म व अन्य सुविधाओं का काम भी किया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो दीपावली के बाद स्टेशन का काम पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद शेष बचे स्टेशनों का काम किया जाएगा।

## यहां आएगी परेशानी

कॉरिडोर का अंतिम सिरा लवकुश चौराहा पर खत्म हो रहा है। चौराहा से आगे ट्रेन के सेगमेंट और अन्य काम तेजी से चल रहे हैं। यहां इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा सिक्स लेन फ्लायओवर ब्रिज का काम कराया जा रहा है। इसके चलते मेट्रो का काम शुरू नहीं हो सका। यहां काम शुरू करने पर ट्रैफिक को परिवर्तित करना चुनौतीपूर्ण रहेगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | अग्निबाण | इंदौर | 02.09.2023 | 07 | 900 यात्रियों की क्षमता के तीन कोच की सेफ्टी रन के लिए होगी असेम्बलिंग | Positive |

अग्निबाण Page No. 7 Sep 01, 2023 Indore

शहरभर में मेट्रो का मच गया हल्ला, लोगों में ट्रेन देखने का भी उत्साह, अधिकारियों-कर्मचारियों में भी खुशी और उत्साह का माहौल

# 900 यात्रियों की क्षमता के तीनों कोच की सेफ्टी रन के लिए होगी असेम्बलिंग

● इंदौर।

**पहली मेट्रो ट्रेन इंदौर क्या पहुंची चारों तरफ हल्ला मच गया। सोशल मीडिया पर भी इससे जुड़ी अनगिनत पोस्ट धड़ाधड़ वायरल हो गई। सभी को उत्सुकता रही कि मेट्रो दिखती कैसी है और इसमें बैठने का मौका कब मिलेगा। तीन कोच की मेट्रो पटरी पर उतारी गई और अब उसकी असेम्बलिंग शुरू की जाएगी, ताकि सेफ्टी रन लिया जा सके, क्योंकि 14 सितम्बर को ही 6 किलोमीटर के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर ट्रायल रन होना है। उसके पहले अधूरे कामों को रात-दिन भिड़कर पूरा कराया जा रहा है। इन तीनों कोच में 900 यात्रियों के बैठने की क्षमता है। इंदौर भी देश की मेट्रो सिटी में शामिल हो गया है। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान सहित अन्य लोगों ने इसकी बधाई देते हुए ट्विट किए।**



मीडिया ने तो जमकर कवरेज किया ही, वहीं फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर से लेकर इंस्टाग्राम पर भी मेट्रो की मुंह दिखाई की पोस्ट धड़ाधड़ आने लगी। तीन कोच की पहली मेट्रो ट्रेन बड़ोदा से लम्बा सफर तय कर विशाल ट्राले में इंदौर लाई गई है और कल सुबह से अनलोडिंग की प्रक्रिया शुरू की गई। विशालकाय क्रेनों की मदद से इन तीनों कोच को पटरी पर उतारा गया। अब आज से इनकी असेम्बलिंग का काम शुरू होगा और फिर उसके बाद सेफ्टी रन डिपो के अंदर ही लिया जाएगा। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की मौजूदगी में 14 सितम्बर को ट्रायल रन प्रस्तावित किया गया है, जो कि 6 किलोमीटर के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर होना है। इंदौर मेट्रो को चलाने के लिए जो बिजली आपूर्ति की व्यवस्था की गई है वह भी अत्याधुनिक है, जिसे थर्ड रेल सिस्टम कहते हैं। इसमें कहीं भी मेट्रो के ऊपर बिजली के तार नजर नहीं आएंगे, बल्कि पटरी के समानांतर ही एक तीसरी पटरी बिजली सप्लाय के लिए बिछाई गई है। मेट्रो से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि अभी तीनों कोच को तैयार किया जाएगा और फिर दो-तीन दिन बाद सेफ्टी रन की शुरुआत की जाएगी। कल मशीन की सहायता से पटरी पर इन तीनों कोच को आगे-पीछे भी किया गया। मगर चूंकि अभी कम्प्यूटरीकृत इंजन चालू नहीं किए गए हैं। उसमें दो-तीन दिन का समय लगेगा। दूसरी तरफ ट्रायल रन के लिए 5 स्टेशनों को भी तैयार किया जा रहा है। एस्केलेटर सहित जो काम बचे हुए हैं उन्हें ठेकेदार फर्मों से पूरा कराया जा रहा है। हर स्टेशन पर 8-8 एस्केलेटर की सुविधा रहेगी। हालांकि मेट्रो का व्यवसायिक संचालन अगले साल मई-जून तक शुरू होने की संभावना है। तब तक गांधी नगर से रेडिसन चौराहा तक के एलिवेटेड कॉरिडोर को पूरी तरह से तैयार कर दिया जाएगा। फिलहाल तो जो तीनों कोच आए हैं उन्हें गांधी नगर डिपो पर खड़ा किया गया है और सेफ्टी रन भी डिपो के अंदर बिछाई पटरियों पर ही लिया जाएगा। उसके बाद ट्रायल रन के पहले डिपो से प्रायोरिटी कॉरिडोर पर ट्रेन को लाएंगे। मेट्रो के जो स्टेशन बनाए जा रहे हैं वे भी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस रहेंगे। लिफ्ट, चार्जिंग स्टेशन, मेटल डिटेक्टर, टिकट कियोस्क सहित सभी सुविधाएं यात्रियों को मिलेगी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | नई दुनिया | इंदौर | 02.09.2023 | 03 | इंदौर की 'येलो लाइन मेट्रो' का दिख रहा आकर्षक स्वरूप | Positive |

# इंदौर सिटी




## इंदौर की 'यलो लाइन मेट्रो' का दिख रहा आकर्षक स्वरूप



इंदौर। मेट्रो डिपो में बने स्टेबलिंग यार्ड में तीनों कोचों को ले जाया गया और इनसे कवर हटा दिए गए है। अब मेट्रो का मूल स्वरूप दिखाई देने लगा है। तीनों कोचों को वायरिंग व अन्य सिस्टम से जोड़ने में इंजीनियरों की टीम जुट गई है। इस कार्य में करीब एक सप्ताह का समय लगेगा। तीनो कोचों को जोड़े जाने के बाद उनकी जांच की जाएगी। फिर इन्हे ट्रायल ट्रेक पर चलाया जाएगा। गौरतलब है कि 14 सितंबर को गांधी नगर स्टेशन से सुपर कारिडोर के स्टेशन नंबर 3 तक 5.9 किलोमीटर हिस्से में मेट्रो के तीनों कोचों का ट्रायल रन होना है। कोचों में दो ड्राइविंग कार है और बीच का कोच ट्रेलर कार है। ड्राइविंग कार आगे व पीछे दोनो ओर जाने में सक्षम है। ● प्रफुल्ल चौरसिया आशु

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | Freepress | Indore | 03.09.2023 | 04 | GETTING READY FOR THE TRIAL RUN | Neutral |



Pg-04


# INDORE CITY

INDORE | SUNDAY | SEPTEMBER 3, 2023 www.freepressjournal.in


## GETTING READY FOR THE TRIAL RUN



The work of fitting various parts in the Metro train has started at the Gandhi Nagar Depot. The electrification work is also being completed. PIC ANAND SHIVRE

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | नई दुनिया | Indore | 03.09.2023 | 03 | बिजली से रोशन हुए मेट्रो के कोच, आटोमैटिक गेट को संचालित कर देखा | Neutral |



# बिजली से रोशन हुए मेट्रो के कोच, आटोमैटिक गेट को संचालित कर देखा



[illegible]

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। मेट्रो के ट्रायल रन का दिन जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, तैयारी उतनी ही तेजी से की जा रही है। शनिवार को डिपो यार्ड में मेट्रो के कोच की बिजली चलाई गई। कोच के आटोमैटिक गेट खोल-चालू कर देखे गए। साथ ही कोच की कुर्सियों और हत्था को व्यवस्थित रखा गया। डिपो में शेड तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा लोहे के पिलर के ऊपर पोलीशीट शेड लगाई जा रही है।

इसी तरह गांधी नगर स्टेशन के प्लेटफार्म के ऊपर भी पॉलीशीट शेड लगाई जा रही है, वहीं सुपर कारिडोर स्टेशन नंबर 3 पर भी इसी तरह शेड लगाने का काम शुरू हो गया है। यहीं पर एस्केलेटर लगाया गया है और रेलिंग भी लगा दी गई है। गांधी नगर और सुपर कारिडोर स्टेशन नंबर 3 के प्लेटफार्म पर मलबे को हटाने का काम शुरू हो गया है, ताकि ट्रायल रन के पहले का काम पूरा हो सके। सुपर कारिडोर स्टेशन नंबर 3 में प्रवेश के लिए गेट निर्माण का बचा हुआ काम 10 सितंबर तक पूरा हो जाएगा। गौरतलब है कि 15 सितंबर को गांधी नगर से सुपर कारिडोर स्टेशन नंबर 3 तक 5.9 किमी पर मेट्रो का ट्रायल रन होगा। तीनों कोच रोलिंग यार्ड में से लाकर जोड़ने का काम भी किया जा रहा है। तीनों को आपस में जोड़ने के दौरान हर कोच के बीच करीब डेढ़ हजार तारों को जोड़ा जाएगा। ट्रायल रन के दौरान जिन पांच प्लेटफार्म पर मेट्रो गुजरेगी, उन पर भी रेल की पटरी बिछाने का काम शुरू हो गया है।



प्लेटफार्म पर एस्केलेटर लग गए। रेलिंग पर रेलिंग लगा रहे हैं। • नईदुनिया

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 23 | राज एक्स्प्रेस | Indore | 03.09.2023 | 04 | मेट्रो ट्रायल रन के लिए तीनों शिफ्ट में तेजी से चल रहा काम | Neutral |



# मेट्रो ट्रायल रन के लिए तीनों शिफ्ट में तेजी से चल रहा काम

इंदौर ■ राज न्यूज नेटवर्क

14 सितंबर को होने वाले मेट्रो ट्रायल रन के लिए तीन शिफ्ट में मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल कनेक्शन का कार्य तेजी से चल रहा है। जल्द ही इंदौर की शान मेट्रो पटरियों पर उतारने के पूर्व मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल कनेक्शन किया जा रहा है। जो तस्वीर पाठक देख रहे हैं, वो सीधे गांधीनगर डिपो के मेंटेनेंस यार्ड की है। जहां पर एलएंडटी व मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की टीमें दिन-रात काम में जुटी हैं। यहां काम कर रही इंजीनियरिंग टीम के मुताबिक 10 सितंबर तक तकनीकी काम पूरा होने के बाद ट्रायल ड्राइवर के साथ किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इंदौर मेट्रो ड्राइवर लेस है और इसका संचालन एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) तकनीक से होगा, लेकिन ट्रायल रन ड्राइवर के साथ किया जाएगा।



| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | पीपुल्स समाचार | इंदौर | 03.09.2023 | 04 | मेट्रो रूट के पांच स्टेशनों पर बिजली कनेक्शन का काम शुरू | Positive |

पीपुल्स समाचार

इंदौर सिटी Page: 5 September 03, 2023

ट्रायल रन की तैयारी : सेफ्टी रन को लेकर शासन के आदेश का इंतजार

# मेट्रो रूट के पांच स्टेशनों पर बिजली कनेक्शन का काम शुरू

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9926064287



मेट्रो ट्रेन के ट्रॉयल रन को लेकर अधिकारियों द्वारा जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं। 12 दिन बाद मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ट्रॉयल रन को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके पहले सेफ्टी रन के लिए सुपर कॉरिडोर पर मुख्य स्टेशन से अगले पांच स्टेशनों तक बिजली कनेक्शन का काम शुरू कर दिया गया है। 4 सितम्बर तक कनेक्शन का काम पूरा होते ही शासन से सेफ्टी रन की अनुमति ली जाएगी, ताकि सुरक्षा के सारे मानकों को परखा जा सके। मेट्रो ट्रेन कॉर्पोरेशन के तकनीकी डायरेक्टर शोभित टंडन के मुताबिक स्टेशनों पर बिजली की आपूर्ति के लिए ओवरहेड पोल लगाए जाते हैं। यहां 450 वॉट का करंट कनेक्ट किया जा रहा है। मेट्रो ट्रेन को आधुनिक बनाते हुए उसमें पहले इस तरह की व्यवस्था नहीं थी।

## आधुनिक सिस्टम से किया लैस

इंदौर में थर्ड लेवल पॉवर के आधुनिक सिस्टम लगाए गए हैं। इसके अंतर्गत रेल की पटरी के समानांतर एक सिंगल पटरी होती है, जो करंट सप्लाय का काम करती है। सिस्टम लगाने के कारण रेल नई तकनीक से लैस हो जाती है। प्रायोरिटी कॉरिडोर में पांच स्टेशन, जो एक-एक किलोमीटर की दूरी पर हैं, वहां तक करंट कनेक्ट किया जा रहा है।

## अगले सप्ताह फिर होगा निरीक्षण

ट्रॉयल रन से पहले कॉर्पोरेशन के साथ ही नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों का दल निरीक्षण करेगा। यह दल इंफोसिस के समीप बने मुख्य स्टेशन से ट्रॉयल रन वाले अंतिम स्टेशन तक बारीकी से जांच करेगा। इस दौरान सेफ्टी रन की रिपोर्ट भी कंपनी से ली जाएगी।

## इन्हें मिलेगा अधिक फायदा

मेट्रो ट्रेन शुरू होने से सुपर कॉरिडोर पर इंडस्ट्री, औद्योगिक इकाइयों में काम करने वाले श्रमिकों, पालाखेड़ी में रहने वाले पीएम आवास योजना के लोगों, गांधीनगर, दिलीप नगर, टिगरिया बादशाह, एरोड्रम क्षेत्र के लोगों को लवकुश चौराहा तक आने-जाने में सुगमता रहेगी। हालांकि, इन क्षेत्रों के बाहर के लोग भी मेट्रो का सुखद सफर कर सकेंगे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 25 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 03.09.2023 | 03 | मेट्रो : ट्रायल रूट पर 4 हजार लोगों की टीम 24 घंटे काम कर रही, कोच जोड़े, अब फंक्शन की जांच | Neutral |

दैनिक भास्कर इंदौर 03-09-2023

दैनिक भास्कर | इंदौर | इंदौर, रविवार 03 सितंबर, 2023 | 03

भास्कर ग्राउंड रिपोर्ट • हैदराबाद, बेंगलुरु से आए इंजीनियर्स, ब्रेक, गेट सहित हर सिस्टम की जांच के बाद टेस्टिंग

# मेट्रोः ट्रायल रूट पर 4 हजार लोगों की टीम 24 घंटे काम कर रही, कोच जोड़े, अब फंक्शन की जांच

नीता सिसौदिया | इंदौर

मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन समय पर करने के लिए ट्रायल रूट पर 4 हजार से ज्यादा लोगों की टीम दिन-रात काम कर रही है। तकनीकी काम के लिए हैदराबाद, बेंगलुरु से आए इंजीनियर्स की टीम जुटी हुई है। गांधी नगर में बने डिपो यार्ड में एक साथ सारे काम चल रहे हैं।

सुपर कॉरिडोर पर 5.9 किमी हिस्से पर संभवतः 14 सितंबर को ट्रायल रन होना है। इस बीच यार्ड में रोड लगाने का काम चल रहा है, वहीं स्टेबलिंग-वे पर खड़ी ट्रेन के तारों को जोड़ने का काम चल रहा है। इसके लिए कोच बनाने वाली कंपनी एल्सटॉम के इंजीनियरों की टीम भी इंदौर आई है। एक तरफ जहां ट्रेन के तीनों कोच को जोड़ने का काम चल रहा है, वहीं साथ में थर्ड रेल प्रणाली का काम भी जारी है। स्टेबलिंग-वे (जहां ट्रेन खड़ी है) पर यह काम अभी पूरा नहीं हुआ है। यह लोहे का पिलरनुमा स्ट्रक्चर है, जिस पर मेट्रो को रखा जाएगा। इसके बीच इतनी जगह रहती है कि कभी किसी तरह की तकनीकी खामी या नियमित जांच करना हो तो दिक्कत न आए। तीनों कोच को कपल कर दिया है लेकिन अब ब्रेक, गेट सहित हर सिस्टम की जांच की जाएगी। इसके बाद इंटीग्रेटेड टेस्टिंग होगी। चूंकि यह ट्रेन थर्ड रेल प्रणाली पर काम करेगी तो इसके लिए यार्ड में रिट्रजर से पॉवर सप्लाय शुरू करने की कोशिशें होती रहीं। रिट्रजर को 750 वोल्ट डीसी पर इसे कनेक्ट करेंगे।



**750** वोल्ट डीसी पर इसे कनेक्ट करेंगे

**5.9** किलोमीटर लंबे हिस्से पर संभवतः लिया जाएगा ट्रायल।

**05** साल का है पूरा मेट्रो प्रोजेक्ट, कई लोग परिवार साथ लाए हैं।

## कंसल्टेंट के लिए होटलों में कमरे बुक, कुछ ने किराए पर घर लिए

श्रमिकों में से ज्यादातर तमिलनाडु सहित दक्षिण भारत से हैं। उप्र के लखनऊ सहित वहां के अन्य शहरों से भी लोग आए हैं। श्रमिकों के लिए यहीं शिविर लगाए गए हैं। सभी का खाना साथ बनता है। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने कंसल्टेंट को भी नियुक्त किया है। इनके ठहरने के लिए विजय नगर में होटलों में कमरे बुक हैं। कंपनी ने कुछ लोगों के लिए एक महीने तक के लिए होटल बुक किए हैं। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने भोपाल से इंजीनियरों को इंदौर भेजा है।

## लाने-ले जाने के लिए कंपनी ने गाड़ियां उपलब्ध करवाई हैं

उप्र के वाराणसी से इंजीनियर अभिषेक सिंह और आंध्रप्रदेश के यासिन एक साल से इंदौर में रह रहे हैं। कालूमान, सुभाष को भी यहां आए एक साल हो गया है। पहली बार वे इंदौर आए। मेट्रो प्रोजेक्ट पूरा होने तक वे यहीं रहेंगे। वे बताते हैं 5 साल का प्रोजेक्ट है, इसलिए परिवार को यहीं ले आए हैं। निपानिया क्षेत्र में किराए का घर ले लिया है। कंपनी साइट पर आने-जाने के लिए वाहन उपलब्ध करवा रही है। यह सभी कल्पतरु कंपनी के साथ काम कर रहे हैं, जो थर्ड रेल प्रणाली का काम कर रही है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 26 | पत्रिका | इंदौर | 03.09.2023 | 06 | कानपुर, कोच्चि जैसी थर्ड रेल के करंट से चलेगी मेट्रो | Neutral |

**#MetroTrain: कंप्यूटर से ट्रेन होगी ऑपरेट, डिपो में इलेक्ट्रिफिकेशन का काम जारी, ट्रायल से पहले सभी आवश्यक उपकरणों की होगी टेस्टिंग**



# कानपुर, कोच्चि जैसी थर्ड रेल के करंट से चलेगी मेट्रो

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इंदौर.** मेट्रो के कोच आने के बाद उसके इलेक्ट्रिफिकेशन का काम तेजी से चल रहा है। दिल्ली, मुंबई में मेट्रो ऊपर लगे बिजली के तारों से चलती है लेकिन इंदौर में कानपुर, कोच्चि की तरह मेट्रो साइड में लगे थर्ड रेल सेगमेंट से चलेगी। मेट्रो कंप्यूटर सिस्टम से ऑपरेट होगी।

कंपनी के इंजीनियरों की देखरेख में मेट्रो का काम तेजी से चल रहा है। अफसरों का दावा है कि 14-15 सितंबर तक संभावित ट्रायल के पहले विशेषज्ञों की देखरेख में टेस्टिंग कर ली जाएगी। ड्राइवर का कैबिन कंप्यूटर सिस्टम से लैस है। जल्द ही विशेष सॉफ्टवेयर इंस्टाल किया जाएगा। सॉफ्टवेयर में सभी स्टेशन, कर्व की जानकारी फीड रहेगी और उस हिसाब से स्पीड कंट्रोल होगी। अभी कैबिन में ड्राइवर रहेगा, लेकिन बाद में मेट्रो बिना ड्राइवर के रन करेगी। इंजीनियरों की टीम पटरी के साथ थर्ड रेल सेक्शन का काम कर रही है। डिपो में भी लाइन बिछाई जा रही है। अफसरों के मुताबिक, इंदौर में साइड में थर्ड रेल सेक्शन है, जिसके जरिए 750 वोल्ट की बिजली प्रवाहित रहेगी। करंट से बचाव के लिए व्यवस्था की जाएगी।

क्यूआर कोड स्कैन कर देखें खबर का वीडियो





| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 27 | Dainik Bhaskar | Indore | 04.09.2023 | 05 | इस महीने ट्रायल रन, आगले साल नवंबर तक 17 किमी पर मेट्रो के कमर्शियल रन का लक्ष्य | Positive |

दैनिक भास्कर इंदौर 04-09-2023 Pg-05

# इस महीने ट्रायल रन, अगले साल नवंबर तक 17 किमी पर मेट्रो के कमर्शियल रन का लक्ष्य

भास्कर संवाददाता | इंदौर




मेट्रो के ट्रायल रन को लेकर काउंट डाउन शुरू हो गया है। डिपो में तीनों कोच को जोड़ा जा रहा है। वहीं सुपर कॉरिडोर के ट्रायल रूट पर भी काम तेजी से किया जा रहा है। गांधी नगर और टीसीएस चौराहे के सामने एससी-3 नंबर के स्टेशन पर तेजी से काम चल रहा है। रविवार को भी काम चलता रहा। गांधी नगर में पीईबी स्ट्रक्चर का काम चल रहा है। पीईबी स्ट्रक्चर यानी शेड का काम चल रहा है। उसके ऊपर प्लेटफॉर्म में ग्रेनाइट की फ्लोरिंग का काम हो रहा है। इन दोनों स्टेशन पर ही एस्केलेटर लग चुके हैं। इनका काम 10 सितंबर तक पूरा करने का लक्ष्य है।

मेट्रो रेल कॉरपोरेशन फिलहाल गांधी नगर से रोबोट चौराहे तक 17.5 किमी के एलिवेटेड कॉरिडोर पर काम चल रहा है। इसमें से 5.9 किमी में सितंबर में ट्रायल रन होना है। इसके बाद सेफ्टी सर्टिफिकेट मिलने के बाद पब्लिक के लिए शुरू किया जाएगा। इस प्रक्रिया में भी 4 से 5 महीने का समय लगना तय है।

कॉरपोरेशन के अधिकारियों के मुताबिक हमारी कोशिश है कि 17.5 किमी के हिस्से पर नवंबर 2024 तक कमर्शियल रन शुरू कर दें। पहली बार मेट्रो चलाने में समय लगता है, लेकिन उसके बाद इतना समय नहीं लगेगा। सिविल वर्क पूरे रूट पर तेजी से किया जा रहा है। रोबोट चौराहे से पलासिया तक की भी टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। प्रक्रिया पूरी होने में एक माह लगना तय है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 28 | Naiduniya | Indore | 04.09.2023 | 03 | 10 सितंबर तक स्टेशन नंबर तीन पर खड़ी होगी मेट्रो | Positive |



# 10 सितंबर तक स्टेशन नंबर तीन पर खड़ी होगी मेट्रो

## आठ को थर्ड रेल चार्ज ● देश में पहली बार 10 दिनों में कोच को तैयार कर पटरियों पर चलाने का बन सकता है रिकार्ड

उदय प्रताप सिंह, इंदौर।

देश में अभी तक जिन भी शहरों में मेट्रो कोच का ट्रायल रन हुआ है, वहां पर कोच पहुंचने के करीब 20 दिन बाद ही पटरियों पर मेट्रो को दौड़ते हुए देखा जा सका है। यह पहला मौका होगा जब इंदौर में 10 दिन के सबसे कम समय में मेट्रो कोच को तैयार कर पटरियों व प्लेटफार्म पर खड़ा किया जाएगा। यह देश में अपने आप में एक तरह से न्यूनतम समय में मेट्रो को चलाने का रिकार्ड होगा। जानकारी के मुताबिक आठ सितंबर तक वायडक्ट जिन पटरियों पर मेट्रो ट्रेन चलेगी उसके पास बिछाई गई थर्ड रेल को चार्ज कर दिया जाएगा। इसके बाद मेट्रो कोच को वायडक्ट की पटरियों पर चलाकर टेस्टिंग की जाएगी। मेट्रो के अधिकारी इस कवायद में जुटे है कि 10 सितंबर को मेट्रो कोच वायडक्ट से होकर मेट्रो के स्टेशन नंबर तीन पर खड़ी हो जाएगी।

14 सितंबर को मेट्रो का ट्रायल रन होना है। ऐसे मे मेट्रो 10 से 13 सितंबर के बीच कोच को फूलों से सजाने का कार्य भी स्टेशन पर ही किया जाएगा। ट्रायल रन के दिन मेट्रो के स्टेशन नंबर 3 से ही मेट्रो कोच को गांधीनगर डिपो की ओर रवाना किया जाएगा। मेट्रो ट्रेन के ट्रायल रन को पूरा करने में टीम दिन रात जुटी हुई है। मेट्रो डिपो में जहां तीनों कोच को आपस में जोड़ने का काम किया जा रहा है और टेस्टिंग की जा रही है। ट्रायल रन वाले गांधीनगर स्टेशन से सुपर कारिडोर स्टेशन नंबर 3 पर मेट्रो को विद्युत सप्लाय उपलब्ध करवाने के लिए थर्ड रेल बिछाने का काम पूरा हो गया है। स्टेशन नंबर 3 पर बने आक्जीलरी सब स्टेशन के माध्यम से ही मेट्रो को विद्युत सप्लाय दी जाएगी। इससे ही मेट्रो संचालन पटरियों पर होगा।

### मेट्रो निर्माण में इन कंपनियों की अहम भूमिका

- **एमपीएमआरसीएस:** इंजीनियर व सुपरवाइजर के 20 लोगों टीम निरीक्षण में जुटी है।
- **जीसी जनरल कंसल्टेशन:** तकनीकी सलाहकार की भूमिका मे 90 लोगो की टीम मौजूद।
- **रेल विकास निगम:** स्टेशन निर्माण कार्य मे जुटे इंजीनियर व मजदूर।
- **यूआरसी कंस्ट्रक्शन:** स्टेशन निर्माण कार्य मे जुटी इंजीनियर व मजदूर।
- **इंदरजीत सिंह कंसल्टेंट:** मेट्रो ट्रेक बिछाने की अहम भूमिका निभा रही कंपनी।
- **केएसएनबी:** मेट्रो डिपो निर्माग कार्य में जुटी इंजीनियर व कर्मचारी।

> मेट्रो कोच आने के बाद उसे तैयार कर पटरियों पर चलाने की प्रकिया में सामान्यतः 20 दिन का समय लगता है। हमारी कोशिश है कि इंदौर में आए कोच को 10 दिन मे पटरियों पर चलाया जाए। इसके लिए हमारी पूरी कोशिश है।
>
> -शोभित टंडन, डायरेक्ट सिस्टम, मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन लि



मेट्रो के स्टेशन क्रमांक 3 पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। ● नईदुनिया

### ट्रायल रन का लक्ष्य पूरा करने के लिए जुटी मेट्रो की टीम

मेट्रो के ट्रायल रन के लिए 10 दिन ही शेष है। तय समय तक काम को पूरा करने में मेट्रो की टीम जीजान से जुटी है। इंजीनियर व सुपरवाइजर, कंसल्टेंट के कर्मचारी सहित 300 विशेषज्ञ व 2600 मजदूर फिलहाल ट्रायल रन वाले 5.9 किलोमीटर वाले हिस्से में पिछले चार माह से रात-दिन काम में जुटे हैं। कई कर्मचारियों को सप्ताह में एक दिन का अवकाश भी नहीं दिया जा रहा है। वर्तमान में मेट्रो के लिए काम करने वाले ज्यादातर कर्मचारी तमिलनाडु, बंगाल, बिहार व मप्र सहित अन्य राज्यों के हैं। चार माह पहले मेट्रो के इन कर्मचारियों का मेल मिलाप व काउंसलिंग सेशन रखा गया था। इसमें उन्हें बताया था कि ट्रायल रन तक कर्मचारियों को अतिरिक्त अवकाश नहीं मिल सकेगा। पांच स्टेशन वाले हिस्सो का काम तेजी से किया जा रहा है। इसमें गांधीनगर डिपो व मेट्रो के स्टेशन नंबर 3 को तैयार करने का काम तेज है। दोनों स्टेशन पर शेड लगाए जा रहे और ट्रायल रन के पहले एस्कलेटर, सीढ़ियों का निर्माण कार्य पूरा करने की कवायद की जा रही है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 29 | Patrika | Indore | 04.09.2023 | 02 | बिजली से जगमग हुए मेट्रो के कोच, लाइटिंग-एसी सिस्टम का हुआ ट्रायल | Positive |

**#MetroTrain: दिन-रात हो रहा काम, बिजली सप्लाई के साथ टेस्टिंग**

# बिजली से जगमग हुए मेट्रो के कोच, लाइटिंग-एसी सिस्टम का हुआ ट्रायल



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इंदौर.** गांधीनगर के डिपो में मेट्रो के तीन कोच का इलेक्ट्रिफिकेशन का काम तेजी से चल रहा है। रविवार रात को सभी कनेक्शन जोड़ने के बाद इंजीनियरों की टीम ने बिजली का ट्रायल किया, जिससे सभी कोच पूरी तरह जगमग हो गए, एसी सिस्टम भी चालू हुआ।

कंपनी के इंजीनियर व मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अधिकारियों की देखरेख में रात के समय भी कोच में काम हो रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक, रात में मेट्रो कोच में हाई पॉवर वोल्टेज सप्लाई किया गया। देर रात कोच को आगे-पीछे कर उसकी टेस्टिंग भी की गई। टेस्टिंग से इंजन की वर्किंग को लेकर विशेषज्ञ संतुष्ट हैं। स्टील बॉडी वाले मेट्रो कोच की हेडलाइट व अंदर की लाइट शुरू हुई तो दूर तक चमक दिखाई दे रही थी।

**तीन महीने से बिना छुट्टी काम कर रहे अफसर-कर्मचारी:** मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अधिकारी रविवार को भी सक्रिय थे। गांधीनगर मेट्रो डिपो का काम नहीं हुआ था, अब तेजी से वहां सारे काम कराए जा रहे हैं। मेट्रो कोच की टेस्टिंग के साथ स्टेशन के काम में करीब साढ़े चार हजार कर्मचारी तैनात किए हैं। तीन महीने से सभी कर्मचारियों के अवकाश पर रोक है। 10 सितंबर तक ट्रायल के लिए सारे काम पूरे करने का लक्ष्य है इसके बाद ट्रैक से लेकर स्टेशन तक की साफ-सफाई कर व्यवस्थित किया जाएगा। 14 या 15 सितंबर को ट्रायल होना है। मुख्यमंत्री तक पूरी जानकारी पहुंचाई जा रही है, उनकी उपस्थिति में ही ट्रायल होगा।

क्यूआर कोड स्कैन कर वीडियो देखें...

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 | अग्निबान | इंदौर | 04.09.2023 | 07 | मेट्रो प्रोजेक्ट मे दौड़ने वाले सभी 156 कोच लंदन ओर सिंगापुर स्तर के | Neutral |

अग्निबाण

### 3248 करोड़ में एल्सटॉम इंडिया को ठेका, सिग्नलिंग, ट्रांसमिशन के साथ 15 साल तक मेंटेनेंस का भी जिम्मा, वायरस फ्री भी रहेंगे कोच

# मेट्रो प्रोजेक्ट में दौड़ने वाले सभी 156 कोच लंदन और सिंगापुर स्तर के

इन्दौर।

**रात-दिन मेट्रो प्रोजेक्ट को समय सीमा में पूरा करने का काम चल रहा है। खासकर अभी 6 किलोमीटर के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर होने वाले ट्रायल रन की जोर-शोर से गांधी नगर डिपो पर तैयारी चल रही है और जो तीन कोच वाली पहली मेट्रो ट्रेन इंदौर पहुंची, उसे ट्रायल रन के लिए तैयार किया जा रहा है। कल रात बिजली से कोच जगमगा भी उठे। इंदौर-भोपाल के मेट्रो प्रोजेक्ट में कुल 156 कोच दौड़ेंगे, जिसके निर्माण और संचालन-संधारण का ठेका जानी-मानी एल्सटॉम इंडिया को दिया गया है। 3248 करोड़ के इस ठेके में कोच निर्माण के साथ संचार आधारित ट्रेन नियंत्रण सिग्नलिंग प्रणाली और 15 साल तक कोच का रख-रखाव भी शामिल है। इसी कम्पनी द्वारा लंदन, सिंगापुर, स्टॉक होम में भी कोच तैयार कर दिए गए हैं। यानी, उसी अंतरराष्ट्रीय स्तर के अत्याधुनिक कोच इंदौर-भोपाल में भी दौड़ेंगे और वायरस फ्री भी रहेंगे।**

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान संभवत: 14 सितम्बर को इंदौर में और फिर 20 सितम्बर के बाद भोपाल में मेट्रो ट्रायल रन का शुभारंभ करेंगे। इन दिनों इंदौर में ट्रायल रन की रात-दिन तैयारी चल रही है। गुजरात के सावली से अभी पिछले हफ्ते ही पहली मेट्रो ट्रेन इंदौर पहुंची। इंदौर में कुल 25 ट्रेन सेट और भोपाल में 27 ट्रेन सेट के निर्माण का जिम्मा एल्सटॉम इंडिया को सौंपा गया है, जो अत्याधुनिक रोलिंग स्टॉक मैन्युफेक्चरिंग में माहिर है और मोविया मेट्रो नवीनतनम तकनीक से लैस है। एल्सटॉम और मोविया ने ही विश्व स्तर की मेट्रो ट्रेन दिल्ली, चेन्नई, मुंबई, लखनऊ, कोच्ची से लेकर विदेशों में सिडनी, क्विंसलैंड और मोंट्रियल में तो दी ही है, वहीं लंदन स्टॉक होम, सिंगापुर में भी कुशल परिचालन कर रही है। ये वातानुकुलित कोच इस तरह से विकसित किए गए हैं कि इसमें कोरोना जैसे वायरस भी निष्प्रभावी हो जाते हैं और खतरनाक पदार्थों को खत्म करने के साथ पर्यावरण अनुकूल डिजाइन पर जोर दिया गया है। रीजनरेटिंग ब्रेकिंग सिस्टम भी इन ट्रेनों में रहेगा और स्मार्ट लाइट के जरिए ऊर्जा बचत भी होगी। संकट के समय ट्रेन ऑपरेटर और नियंत्रण केन्द्र के साथ एक प्रत्यक्ष संचार चैनल भी शामिल रहेगा और सीसीटीवी की सुविधाएं भी इतनी अत्याधुनिक है कि किसी भी व्यक्ति विशेष की खोई हुई वस्तु की पहचान की जा सकेगी। एक विशेष सुविधा के तहत विकलांग व्यक्तियों के लिए भी व्हील चेयर वाला स्थान रहेगा। एल्स्टॉम इंडिया कोच निर्माण के साथ-साथ सिग्नलिंग प्रणाली का भी जिम्मा संभालेगा और 7 साल तक ट्रेन नियंत्रण और दूरसंचार प्रणालियों की स्थापना और उनकी देख-रेख करेगा। इतना ही नहीं, जो कोच निर्मित किए गए हैं उनके भी संचालन, संधारण की जिम्मेदारी 15 साल तक रहेगी। आगरा-कानपुर मेट्रो प्रोजेक्ट के साथ एल्स्टॉम इंडिया को इंदौर-भोपाल को यह दूसरा बड़ा 3248 करोड़ रुपए का ठेका मिला है, जिसने पिछले दिनों इंदौर में पहले ट्रेन सेट की सफलतापूर्वक डिलीवरी भी कर दी, जिसे साढ़े 14 महीने के रिकॉर्ड समय में निर्मित किया गया।

MPMETRO

MPMETRO

METRO NEWS

05th SEPTEMBER,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 31 | नई दुनिया | इंदौर | 05.09.2023 | 02 | 33 हजार वोल्ट को 750 डीसी वोल्ट में तब्दील कर कोच को मिलेगा बिजली | Neutral |



# 33 हजार वोल्ट को 750 डीसी वोल्ट में तब्दील कर कोच को मिलेगी बिजली

**मेट्रो** ● सुपर कारिडोर स्टेशन नंबर-3 से मिलेगी बिजली, बैटरी रूम बनाया

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। मेट्रो डिपो में सब स्टेशन को चार्जिंग होने के बाद बिजली पहुंच चुकी है। ऐसे में अब डिपो में मेट्रो कोच के विद्युत कनेक्शन की जांच भी शुरू हो गई है। सोमवार तक मेट्रो के सुपर कारिडोर स्टेशन नंबर-3 से गांधी नगर स्टेशन सहित 5.9 किलोमीटर के ट्रायल रन के हिस्से में 30 से पांचों स्टेशनों पर थर्ड रेल की पटरियों को बिछाने का कार्य पूर्ण हो गया है। गौरतलब है कि मेट्रो के स्टेशन नंबर-3 पर बने आरएसएस सब स्टेशन के माध्यम से जैतपुरा में बिजली कंपनी के ग्रिड से आने वाले 33 हजार वोल्ट को एसी स्विच गियर व डीसी स्विच गियर के माध्यम से 750 डीसी वोल्ट में तब्दील किया जाएगा। इस विद्युत भार के प्रवाह पर मेट्रो कोच का ट्रायल रन किया जाएगा। इसके अलावा इस स्टेशन पर बने सब स्टेशन को चालू करने के लिए व कंट्रोल सिग्नल व्यवस्था का कमांड देने के लिए 300 एमएएच व 200 एमएएच की बैटरियों का इस्तेमाल भी होगा। इस वजह से स्टेशन पर बैटरी रूम भी तैयार किया गया है।



मेट्रो के सुपर कारिडोर स्टेशन नंबर 3 के प्लेटफार्म पर मेट्रो की पटरियों के बीच बिछा दी गई है थर्ड रेल। ● नईदुनिया

### गांधी नगर स्टेशन से भी थर्ड रेल को बिजली मिलेगी

मेट्रो ट्रायल रन के हिस्से में 30 से पांच स्टेशनों में फिलहाल सुपर कारिडोर नंबर-3 स्टेशन से मेट्रो कोच को विद्युत व्यवस्था दी जाएगी। भविष्य में मेट्रो के इस हिस्से में गांधी नगर स्टेशन से भी मेट्रो की थर्ड रेल को विद्युत सप्लाई करने का इंतजाम किया जाएगा। ऐसे में ट्रायल रन वाले हिस्से में अन्य स्टेशन में बनाए जाने वाले सब स्टेशन पर स्टेशनों की बिजली, एस्केलेटर, लिफ्ट व अन्य विद्युत उपकरणों के संचालन के लिहाज से विद्युत की आपूर्ति की जाएगी।

### एस्केलेटर व सीढ़ियों पर शेड लगाने का काम शुरू


मेट्रो के स्टेशन नंबर-3 पर लगाए गए एस्केलेटर व सीढ़ियों पर शेड लगाने का काम शुरू हो गया है। वहीं स्टेशन के प्लेटफार्म पर शेड लगाने का काम भी किया जा रहा है। हालांकि शेड लगाने वाली कंपनी द्वारा धीमी गति से काम किए जाने से मेट्रो के अधिकारी चिंतित और नाराज भी है। ऐसे में कंपनी को फटकार लगाकर 14 सितंबर तक काम को जल्द से जल्द पूरा करवाने की कवायद की जा रही है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 32 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 05.09.2023 | 02 | मेट्रो; पांचों स्टेशन की टेस्टिंग पूरी, आज से थर्ड रेल चार्जि | Neutral |

दैनिक भास्कर इंदौर 05-09-2023 Pg-J2

ट्रायल रन के लिए सभी काम 10 सितंबर तक पूरे करना होंगे

# मेट्रो; पांचों स्टेशन की टेस्टिंग पूरी, आज से थर्ड रेल चार्जिंग शुरू होगी




भास्कर संवाददाता | इंदौर

मेट्रो ट्रेन के ट्रायल रन के लिए सभी तरह के काम 10 सितंबर तक पूरे करने की समय सीमा तय की गई है। इसे देखते हुए गांधी नगर स्थित डिपो पर सिविल वर्क, स्टेशन, बिजली और ट्रेन की टेस्टिंग का काम चल रहा है। सोमवार को गांधी नगर स्टेशन से टीसीएच चौराहे तक के स्टेशन को चार्ज कर दिया गया। इन पांचों स्टेशनों पर टेस्टिंग की गई। डिपो यार्ड में स्टिंजर का काम भी पूरा कर लिया गया। हालांकि सिविल वर्क अभी पूरा नहीं हुआ है।

**750** वोल्ट डीसी करंट से दौड़ेगी ट्रेन

**17** किमी लंबी फीडर लाइन से बिजली कनेक्शन

एमपी मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमपीएमआरसीएल) थर्ड रेल प्रणाली पर पर काम करेगा। कानपुर, कोलकाता, बेंगलुरु में इस प्रणाली पर मेट्रो का संचालन किया जा रहा है। कल्पतरू को इसका जिम्मा दिया गया है। ट्रायल रन के मद्देनजर सोमवार शाम तक एससी-3 स्टेशन को भी चार्ज कर लिया गया। इंजीनियरों की टीम ने टेस्टिंग की। जहां-जहां ट्रेन चलेगी, उन सभी जगह को चार्ज कर लिया गया। टेस्टिंग भी हो चुकी है। गांधी नगर में जहां से बिजली जाना है, उसे भी चार्ज कर दिया गया है। मंगलवार को डिपो से आगे ट्रैक पर थर्ड रेल को चार्ज करने का काम होगा। फिर इसकी टेस्टिंग होगी। अस्थायी रूप से टीसीएच के पास एक सेंटर बनाया गया है, यहां से बिजली मिलेगी।

## थर्ड रेल प्रणाली यानी ओएचई की जगह पटरी से करंट सप्लाय

ओएचई (ओवर हेड इक्विपमेंट) प्रणाली की जगह इंदौर मेट्रो में पटरियों के समानांतर एक तीसरी रेल (पटरी) का प्रयोग किया जा रहा है। ओएचई में ऊपर तार दिखाई देते हैं। ट्रेन छत पर लगे पैंटोग्राफ से ऊर्जा लेकर चलती है, जबकि थर्ड रेल प्रणाली में ट्रैक के समानांतर बिछाई गई तीसरी पटरी से ऊर्जा लेकर चलती है। 750 वोल्ट डीसी करंट पर इसका संचालन किया जाता है। तीसरी रेल प्रणाली का उपयोग आम तौर पर मेट्रो या रैपिड ट्रांजिट सिस्टम में किया जाता है। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उज्जैन के जैतपुरा स्थित अल्ट्रा-हाई-वोल्टेज पॉवर ग्रिड से 17 किलोमीटर लंबी बिजली फीडर लाइन से बिजली कनेक्शन दिया है।

## मेट्रो कॉरपोरेशन ने एयरपोर्ट के सामने स्टेशन के लिए प्रशासन से मांगी जमीन

मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के जीएम अजय कुमार सोमवार दोपहर कलेक्टर इलैया राजा टी. से मिले। दरअसल, मेट्रो को गांधी नगर से आगे बढ़ने के लिए एयरपोर्ट के सामने जमीन की जरूरत है। एयरपोर्ट के सामने मेट्रो स्टेशन बनेगा और उसी से सब-वे के माध्यम से एयरपोर्ट को जोड़ा जाएगा, ताकि यात्री मेट्रो स्टेशन से सीधे एयरपोर्ट तक जा सकें। इस प्रोजेक्ट के तहत नवोदय विद्यालय, बीएसएफ, वन विभाग और एयरपोर्ट अथॉरिटी की जमीन आ रही है। एयरपोर्ट अथॉरिटी को राज्य सरकार ने लीज पर जमीन दी है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | पत्रिका | इंदौर | 05.09.2023 | 02 | मेट्रो कोच के साथ स्टेशन तैयार करने पर जोर2 | Neutral |

पत्रिका

# मेट्रो कोच के साथ स्टेशन तैयार करने पर जोर

**इंदौर @ पत्रिका.** ट्रायल के लिए मेट्रो कोच के साथ ही गांधी नगर व पास के दो अन्य स्टेशन तैयार करने पर अफसरों का जोर है। यहां 24 घंटे काम किया जा रहा है। गांधी नगर डिपो में कंपनी के विशेषज्ञ इंजीनियरों की देखरेख में इलेक्ट्रिफिकेशन का काम चल रहा है। सारे कनेक्शन जोड़ने के साथ उन्हें चेक भी किया जा रहा है। वरिष्ठ अफसर भी लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। 10 सितंबर तक पूरी तैयारी करने का लक्ष्य लेकर काम हो रहा है। गांधी नगर स्टेशन का काफी काम बचा था, लेकिन अब यहां तेजी आई है। प्रयास है कि ट्रायल वाले दिन तक स्टेशन को मूलभूत सुविधाओं से लैस कर दिए जाए। स्टेशन के अंदर व सीढ़ियों की फ्लोरिंग का काम चल रहा है, एस्केलेटर लगाए जा रहे हैं।



05/09/2023 | Indore City | Page : 2
Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 34 | अग्निबाण | इंदौर | 05.09.2023 | 07 | 248 करोड़ के मेट्रो डिपो मे विशाल प्रशासनिक भवन का निर्माण भी तेजी से | Neutral |



रात-दिन जुटे हैं तीन कोच की पहली ट्रेन को सेफ्टी और ट्रायल रन के लिए तैयार करने में, अनावश्यक प्रवेश पर भी डिपो में लगा दी रोक

# 248 करोड़ के मेट्रो डिपो में विशाल प्रशासनिक भवन का निर्माण भी तेजी से

इंदौर।

**रात-दिन इंजीनियरों की टीम डिपो में खड़ी तीन कोच की पहली ट्रेन को सेफ्टी और ट्रायल रन के लिए तैयार करने में जुटे हैं। अभी बड़ी संख्या में मेट्रो ट्रेन को निहारने और सोशल मीडिया पर वीडियो या रील बनाकर डालने वालों की भी भीड़ बढ़ने के चलते अब अनाधिकृत प्रवेश पर रोक भी लगा दी है। 75 एकड़ पर मेट्रो डिपो गांधी नगर में बनाया गया है, जहां पर रात में मेट्रो की पार्किंग होगी और वर्कशॉप में धुलाई, सफाई से लेकर तकनीकी जांच की जाएगी, जिसके लिए बड़े शेड बनाए गए हैं।**



वहीं पूरे मेट्रो नेटवर्क के संचालन और उस पर निगाह रखने के लिए डिपो में ही विशाल प्रशासनिक भवन भी बनाया जा रहा है, जिसके निर्माण का कार्य भी तेज गति से जारी है। सिविल वर्क लगभग पूरा भी हो गया है। मेट्रो डिपो को तैयार करने का जिम्मा 248 करोड़ रुपए में दिया गया है।

शुरुआत में तो सुपर कॉरिडोर पर गांधी नगर क्षेत्र में मेट्रो डिपो के लिए जमीन हासिल करने में भी मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन को परेशानी आई, क्योंकि गृह निर्माण के साथ-साथ वन विभाग की काफी जमीन इसमें शामिल थी। बाद में वन विभाग को इससे अधिक जमीन अन्य जिलों में शासन द्वारा आवंटित की गई। 75 एकड़ में मेट्रो डिपो बनाया गया है, जिसको विकसित करने का ठेका केएसएम बशीर मोहम्मद एंड संस को लगभग 248 करोड़ में दिया गया है। इस मेट्रो डिपो में ही दौड़ने वाली सभी ट्रेनें रात को खड़ी होंगी, जिसमें वर्कशॉप लेबर क्वार्टर्स, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक यानी प्रशासनिक भवन, कैफे सहित अन्य सुविधाएं जुटाई जा रही है। पॉवर ट्रांसमिशन सिस्टम का भी पूरा कंट्रोल डिपो से ही रहेगा। प्रशासनिक भवन का सिविल वर्क भी अंतिम चरण में है और आने वाले कुछ वर्षों में इंटीरियर, फर्नीचर सहित अन्य काम भी पूरे कर लिए जाएंगे। इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए नियुक्त होने वाले अफसरों, इंजीनियरों से लेकर कर्मचारियों का पूरा अमला इसी प्रशासनिक भवन में बैठेगा, जिसके जरिए पूरे मेट्रो सिस्टम को संचालित किया जाएगा। पिछले दिनों बड़ोदा के सावली स्थित संयंत्र से तीन कोच की पहली मेट्रो ट्राले में लदकर इंदौर पहुंची थी, जिसे अब सेफ्टी और ट्रायल रन के लिए तैयार किया जा रहा है। संभवतः 14 सितम्बर को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की मौजूदगी में ट्रायल रन होना है, जिसके लिए ये तीन कोच इंजीनियरों द्वारा तैयार किए जा रहे हैं। साथ ही 6 किलोमीटर के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर भी बचे हुए कार्यों को रात-दिन इंजीनियरों और सैकड़ों मजदूरों की सहायता से पूरा किया जा रहा है। इधर सोशल मीडिया पर भी इंदौर मेट्रो का हल्ला मचा है। लिहाजा बड़ी संख्या में रील, वीडियो, फोटो बनाने वाले सोशल मीडिया इन्फ्लुएंजर भी डिपो पहुंचने लगे, जिसके चलते अब मेट्रो प्रशासन ने अनाधिकृत प्रवेश पर रोक भी लगा दी है।

MPMETRO

MPMETRO

METRO NEWS

06th SEPTEMBER,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 35 | Patrika | Indore | 06.09.2023 | 04 | कमांड कंट्रोल सें होगा मेट्रो का संचालन | Positive |

पत्रिका



#IndoreMetro: मेट्रो स्टेशन पर शेड लगाने के काम में तेजी

# कमांड कंट्रोल सेंटर ने शुरू किया काम, यहीं से होगा मेट्रो का संचालन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com





इंदौर. मेट्रो के कोच ट्रायल के लिए लगभग तैयार हो गए हैं। बुधवार सुबह इन्हें ट्रैक पर चलाकर टेस्ट करने की कवायद पर विशेषज्ञ की टीम काम कर रही है। गांधीनगर स्टेशन पर कमांड कंट्रोल सेंटर ने भी काम शुरू कर दिया है, इसी के जरिए मेट्रो का संचालन होता है।

मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अफसरों की देखरेख में कोच को असेम्बल करने का काम लगभग अंतिम दौर में आ गया है, इलेक्ट्रिफिकेशन का बाकि काम भी लगभग पूरा हो गया है। अफसर चाहते हैं कि 14-15 सितंबर को मुख्यमंत्री की उपस्थिति में होने वाले ट्रायल के पहले मेट्रो की टेस्टिंग कर ली जाए। बुधवार को यह टेस्टिंग हो सकती है। इसके बाद आगे का कार्य किया जाना है।

## कंट्रोल सेंटर से होगी निगरानी

इस आधार पर मंगलवार को तेजी से काम चला। थर्ड रेल को भी चार्ज कर दिया है। गांधीनगर स्टेशन में कमांड कंट्रोल सेंटर बन गया है। मेट्रो में जो सॉफ्टवेयर सिस्टम रहेगा उसकी निगरानी कंट्रोल सेंटर से ही होती है। मेट्रो बिना ड्राइवर के संचालन के मॉडल पर तैयार हुई है जिसके कारण कमांड कंट्रोल सेंटर की मुख्य भूमिका है। किसी के सामने आने अथवा अन्य तरह के अलर्ट पर यहीं से संचालन होगा। स्टेशन पर एस्केलेटर लगाने के साथ ही शेड बनाने का काम भी तेजी से चल रहा है। मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के कर्मचारियों की टीम यहां 24 घंटे काम कर रही है।

क्यूआर कोड स्कैन कर वीडियो देखें...

06/09/2023 | Indore City | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 36 | Nai Duniya | Indore | 06.09.2023 | 02 | कोच के पहले मेट्रो ट्रक पर चलेगा 'स्ट्रक्चर गेज' | Positive |

2 नईदुनिया
इंदौर, बुधवार, 06 सितंबर, 2023
इंदौर सिटी
www.naidunia.com

# कोच के पहले मेट्रो ट्रैक पर चलेगा 'स्ट्रक्चर गेज'

**कवायद** ●प्लेटफार्म नंबर-3 से गांधी नगर स्टेशन तक चला कर होगी जांच



गांधीनगर स्थित मेट्रो डिपो में विद्युत कनेक्शन मिलने पर ड्राइविंग कार की लाइटें जलाई गईं और कोच जगमगा उठा। • वासु पवार

उदय प्रताप सिंह • इंदौर।

गांधी नगर स्टेशन से सुपर कारिडोर स्टेशन नंबर-3 के 5.9 किलोमीटर की दूरी तक मेट्रो के कोच को चलाने के पहले बुधवार को 'स्ट्रक्चर गेज' चलाया जाएगा। मेट्रो के ट्रैक सेगमेंट की टीम ने इसे तैयार किया है, जो ट्राली के पहियों के माध्यम से चलाया जाएगा। यह पटरियों और वायडक्ट की लोड टेस्टिंग के साथ मेट्रो कोच प्लेटफार्म के किसी हिस्से से टकराएगा, की जांच भी करेगा। 14 सितंबर को गांधी नगर स्टेशन से सुपर कारिडोर स्टेशन नंबर- 3 के बीच मेट्रो के तीनों कोच को पहला ट्रायल रन किया जाना है, उसके पहले उस रूट पर मेट्रो के एक कोच के आकार का ट्रालीनुमा 'स्ट्रक्चर गेज' चलाया जाएगा।

### स्टेशन नंबर-3 पर तैयार हो रहा फुटओवर ब्रिज

मेट्रो के स्टेशन नंबर-3 के कान्कोर लेवल पर टिकट काउंटर होगा। यहां से सुपर कारिडोर की एक रोड के हिस्से को पार कर सर्विस रोड और फुटपाथ पर पहुंचने के लिए फुटओवर ब्रिज भी रहेगा। फुटओवर ब्रिज पांच मीटर चौड़ा और करीब आठ मीटर लंबा होगा। वहीं इस स्टेशन के प्लेटफार्म तक पहुंचने वाली सीढ़ियों के किनारे पाइप भी लगा दिए गए हैं। इसके सहारे लोग सीढ़ियों पर चढ़कर प्लेटफार्म पर पहुंच सकेंगे। इसके अलावा प्लेटफार्म पर शेड लगाने का काम भी जोरों से किया जा रहा है।

### प्लेटफार्म पर पहुंचा 600 किलो वजनी 'स्ट्रक्चर गेज'

मेट्रो का ट्रैक तैयार करने वाली टीम ने ट्रैक की टेस्टिंग के लिए करीब 10 दिन में फेब्रिकेशन के माध्यम से 'स्ट्रक्चर गेज' को तैयार किया है। इसमें ट्राली के पहिए लगाए गए हैं। 600 किलोग्राम वजनी इस स्ट्रक्चर गेज को क्रेन के माध्यम से सुपर कारिडोर के स्टेशन नंबर-3 पर पहुंच चुका है। इसके बाद इसे इस स्टेशन से गांधी नगर स्टेशन तक चलाकर देखा जाएगा। दो से तीन बार इसे इस रूट पर चलाया जाएगा। इस दौरान प्लेटफार्म के जो हिस्से कोच से टकरा रहे होंगे, उन्हें कटर के माध्यम से काटा जाएगा। इस तरह यह कोशिश की जा रही है कि जब मेट्रो के कोच को ट्रायल रन के रूट पर चलाया जाए, तो वह प्लेटफार्म के किसी हिस्से से न टकराए।

## महू-पटना स्पेशल ट्रेन का संचालन बढ़ा

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। महू से पटना के बीच में शुरू की गई स्पेशल ट्रेन का संचालन दूसरी बार बढ़ाया गया है। अब यात्रियों की मांग को देखते हुए रेलवे ने इसका परिचालन 30 सितंबर तक बढ़ा दिया है।

पश्चिम रेलवे ने महू से पटना के बीच ग्रीष्मकालीन छुट्टियों में शुरू की गई स्पेशल ट्रेन का संचालन सितंबर तक बढ़ाते हुए बुकिंग शुरू कर दी है। प्रत्येक शुक्रवार को महू से सुबह 4.05 बजे ट्रेन चलकर 4.29 बजे इंदौर ठहराव देकर पटना के लिए रवाना होगी। अगले दिन शनिवार को सुबह 3.45 बजे ट्रेन पटना पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन शनिवार को सुबह 7.10 बजे रवाना होकर रविवार को सुबह 7 बजे महू पहुंचेगी।

महू-पटना-महू स्पेशल ट्रेन सितंबर माह में दोनों तरफ से चार चक्कर लगाएगी। गाड़ी संख्या 09343 महू-पटना स्पेशल ट्रेन इंदौर से 8, 15, 22, 29 सितंबर को रवाना होगी। जबकि गाड़ी संख्या 09344 पटना-महू स्पेशल ट्रेन 9, 16, 23, 30 सितंबर को चलेगी।

### खुले में फेंक रहा था कचरा 15 हजार का स्पाट फाइन

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। 4 सितंबर की रात पोलोग्राउंड औद्योगिक क्षेत्र के पास गोदाम क्षेत्र में दक्षिण भारत से मछली ट्राले का ड्राइवर व हेल्पर खुले में कचरा फेंक रहे थे। मौके पर ही नगर निगम की टीम ने पकड़ लिया। ट्रक ड्राइवर ने श्याम फिश सेंटर के मालिक से टीम की बात कराई। फिश सेंटर के मालिक द्वारा अभद्र व्यवहार करने पर ट्राले को निगम परिसर में जब्त कर लिया गया। फिश सेंटर के मालिक पर 15 हजार रुपये का स्पाट फाइन किया गया।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 37 | People Samachar | Indore | 06.09.2023 | 07 | मेट्रो के 5 स्टेशनों पर बिजली हुई ऑन 450 वॉट का दौड़ाया करंट | Neutral |

पीपुल्स समाचार

इंदौर सिटी Page: 7 September 06, 2023

एक-दो दिन में ट्रैक पर सेफ्टी रन के बाद ट्रायल की तैयारी होगी शुरू

# मेट्रो के 5 स्टेशनों पर बिजली हुई ऑन, 450 वॉट का दौड़ाया करंट

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9926064287

मेट्रो ट्रेन को लेकर अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों के साथ आमजन में भी उत्सुकता बनी हुई है। सुपर कॉरिडोर पर पांच स्टेशनों पर बिजली कंपनी ने 450 वॉट का करंट दौड़ा दिया है। एक-दो दिन में ट्रैक पर सेफ्टी रन के बाद ट्रायल की तैयारी शुरू हो जाएगी। ट्रायल रन के लिए तीन कोच वाली चमचमाती ट्रेन मुख्य स्टेशन पर खड़ी कर दी गई है। मुख्य स्टेशन से 5.9 किलोमीटर में होने वाले ट्रायल रन को लेकर बचे हुए सिविल वर्क, स्टेशन, बिजली की टेस्टिंग सहित सभी काम आगामी 10 सितंबर तक पूर्ण कर लिए जाएंगे। 11 सितम्बर को पूर्ण हुए कार्यों की मानीटरिंग की जाएगी। इसके बाद 12 को टेस्टिंग कर नगरीय प्रशासन विभाग से ट्रायल रन के लिए आग्रह किया जाएगा। संभवतया 14 सितम्बर को मुख्यमंत्री शिवराजसिह चौहान ट्रायल रन को हरी झंडी दिखा सकते हैं। ट्रायल रन के बाद सुपर कॉरिडोर के बचे हुए 4 स्टेशनों का काम गति पकड़ेगा।



## अधिकारी ले रहे पल-पल की जानकारी

सुपर कॉरिडोर से ट्रायल रन वाले स्टेशन तक 24 घंटे मेट्रो का काम चल रहा है। इन कामों की गुणवत्ता आदि की पल-पल की जानकारी मेट्रो रेल कारपोरेशन के साथ नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारी ले रहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक, प्रत्येक कार्य को विशेषज्ञों की मॉनिटरिंग में किया जा रहा है।

## पहली बार थर्ड रेल प्रणाली का उपयोग

कानपुर, मुंबई में थर्ड रेल प्रणाली का उपयोग मेट्रो में किया जाता है। इंदौर में पहली बार इसी प्रणाली पर ट्रेन चलाई जाएगी। इस प्रणाली का उपयोग रेपिड ट्रांजिस्ट सिस्टम में किया जाता है। इसमें बिजली के तार ऊपर की ओर रहते हैं। सभी कोच वातानुकूलित होते हैं।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 38 | Dainik Bhaskar | Indore | 06.09.2023 | 02 | मेट्रो कोच की टेस्टिंग, 3 नंबर स्टेशन पर 3 एस्केलेटर लगाए | Positive |

दैनिक भास्कर इंदौर 06-09-2023

Pg-J2

# मेट्रो कोच की टेस्टिंग, 3 नंबर स्टेशन पर 3 एस्केलेटर लगाए

इंदौर | मेट्रो ट्रेन ट्रायल रन के लिए कोच की टेस्टिंग जारी है। स्टेशन पर भी फ्लोरिंग का काम चल रहा है। सुपर कॉरिडोर के 5 में से टीसीएस चौराहे वाले स्टेशन पर 3 एस्केलेटर लग चुके हैं। तीनों को ही चलाकर देखा गया। लिफ्ट अभी नहीं लगाई जा रही है। मंगलवार को लाइटिंग की टेस्टिंग की गई। थर्ड रेल को चार्ज करने का काम शुरू किया गया। मालूम हो, सुपर कॉरिडोर पर 5 किमी के हिस्से पर इसी माह ट्रायल रन होना है। 17.5 किमी पर मेट्रो का काम चल रहा है। 33 किमी पर मेट्रो का काम होना है। गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर होते हुए बापट, विजय नगर, रेडिसन, रोबोट चौराहा से कनाड़िया होते हुए यह पलासिया की ओर टर्न लेगी। वहां से एबी रोड पर अंडरग्राउंड हो जाएगी।

MPMETRO

METRO NEWS

07th SEPTEMBER,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 | पत्रिका | इंदौर | 07.09.2023 | 04 | मेट्रो कोच जोड़ने के बाद सिक्युरिटी ट्रायल शुरू, थर्ड रेल चार्जि<br>किमी तक ट्रेन चलाकर देखेंगे | Neutral |

दैनिक भास्कर इंदौर 07-09-2023 Pg-04




**सुपर कॉरिडोर पर शहर की सबसे बड़ी कंस्ट्रक्शन साइट...** सुपर कॉरिडोर पर इन दिनों एक अलग ही नजारा दिख रहा है। शहर की अब तक की सबसे बड़ी 6 किलोमीटर की कंस्ट्रक्शन साइट पर 4 हजार लोगों की टीम दिन-रात काम में जुटी है। • फोटो | संदीप जैन

**भास्कर ग्राउंड रिपोर्ट**

14 सितंबर को ही ट्रायल की तैयारी, मुख्यमंत्री की अनुमति का इंतजार

# मेट्रो; कोच जोड़ने के बाद सिक्योरिटी ट्रायल शुरू, थर्ड रेल चार्जिंग होते ही पहले एक किमी तक ट्रेन चलाकर देखेंगे

भास्कर संवाददाता | इंदौर

मेट्रो रेल कॉरपोरेशन चमचमाती मेट्रो ट्रेन को 14 सितंबर को ही ट्रैक पर उतारने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए सीएम की अनुमति का इंतजार है। तीनों कोच जोड़ने के बाद अब सिक्योरिटी ट्रायल शुरू कर दिया है। विशेष स्ट्रक्चर गेज का उपयोग करके ट्रैक की टेस्टिंग की जा रही है। अगले एक-दो दिन में थर्ड रेल की चार्जिंग भी शुरू की जाएगी। इसके बाद मेट्रो को पटरी पर लाकर एक किमी का प्रारंभिक ट्रायल होगा।

दो दिन से गेज चेकिंग का काम चल रहा है। कॉरपोरेशन के एमडी मनीष सिंह का कहना है, हमारी तैयारी 14 सितंबर के अनुसार ही चल रही है। मुख्यमंत्री से भी इसी दिन के लिए आग्रह किया है। राजनीतिक व्यस्तता के बीच यह तारीख ज्यादा से ज्यादा 14 से 20 सितंबर के बीच हो सकती है। ट्रायल रन के लिए सबसे महत्वपूर्ण कार्य सिक्योरिटी ट्रायल शुरू कर दिया है। स्टेशन, पॉवर हाउस, कंट्रोल कमांड सेंटर की टेस्टिंग का काम भी तेजी से चल रहा है। ट्रायल रन कार्यक्रम के लिए भी तैयारियां शुरू करने के लिए कहा गया है।

| | |
|---|---|
| **5.9** किमी में होगा ट्रायल रन | **24** घंटे चल रहा सिविल और तकनीकी काम |
| **05** स्टेशन आएंगे ट्रायल रन के दौरान | **18** घंटे काम कर रही इंजीनियर्स की टीम |

**इस तरह होगा सिक्योरिटी ट्रायल**

- ट्रायल रन के लिए सभी जरूरी काम अंतिम चरण में हैं।
- सिक्योरिटी ट्रायल के तहत ट्रैक का गेज टेस्ट किया जा रहा है। इसके लिए स्ट्रक्चर गेज तैयार किया है।
- स्ट्रक्चर गेज का केलिब्रेशन मेट्रो के अनुरूप ही किया है। यह पटरियों पर घूमकर बीच की दूरी व पटरियों का गेज जांचेगा।
- यह जांचेगा कि प्लेटफॉर्म ट्रेन के बीच किसी तरह की समस्या तो नहीं है। स्ट्रक्चर में प्रॉब्लम तो नहीं है।
- एक-दो दिन में थर्ड रेल की चार्जिंग होगी। इसके बाद पटरियों पर करीब एक किलोमीटर तक मेट्रो को चलाकर देखा जाएगा।
- ट्रायल रन में भी इसकी गति एक से दो किमी के आसपास ही होगी।

**साइट पर आवाजाही से हो रही परेशानी**

मेट्रो की पॉवर सप्लाय प्रणाली के लिए तैयार की जा रही थर्ड रेल का काम भी पूरा हो गया है। अब इसे चार्ज किया जाएगा। लोगों की लगातार आवाजाही के चलते परेशानी आ रही है। इससे खतरा होता है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 40 | Nai Duniya | Indore | 07.09.2023 | 02 | विद्युत प्रवाह मिलते ही आगे बढ़ा कोच और मेट्रो का पहली बार बजा 'बिगुल' | Neutral |



# विद्युत प्रवाह मिलते ही आगे बढ़ा कोच और मेट्रो का पहली बार बजा 'बिगुल'

**तकनीकी जांच** ● कोच के करंट कलेक्टर डिवाइस व व्हील की हुई चेकिंग, हर कोच में लगे स्लाइडिंग डोर की भी जांच की



कोच की जांच का काम जारी है। ● नईदुनिया

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। गांधी नगर डिपो के स्टेबलिंग यार्ड में खड़े मेट्रो के तीनों कोचों को जोड़ने के बाद उसके तारों को जोड़ा जा चुका है। बुधवार को कोच के निचले हिस्से में लगे अंडर फ्रेम उपकरणों की जांच हुई। मेट्रो के पहिए को चलाकर उसके ब्रेकिंग व साउंड सिस्टम की भी जांच हुई। कोच को जैसे ही बिजली मिली और वह थोड़ा आगे बढ़ा तो उसके साउंड सिस्टम से आवाज भी आई। इसके साथ कोच में पहियों के पास लगे जिस करंट कलेक्टर डिवाइस से मेट्रो को थर्ड रेल से विद्युत मिलना है, उसकी भी जांच की गई। प्रत्येक मेट्रो कोच में लगे स्लाइडिंग डोर की भी जांच की गई।




### डिपो में विद्युत डिस्ट्रीब्यूशन बाक्स को तारों से जोड़ा

मेट्रो डिपो परिसर में बुधवार को थर्ड रेल की पटरियों को जिन डिस्ट्रीब्यूशन बाक्स से बिजली मिलना है। उस बाक्स को विद्युत केबल से जोड़ा गया। डिपो परिसर में जहां थर्ड रेल जमीन पर बिछी है। उसके आसपास ग्रीन नेट लगाई गई है, ताकि जब थर्ड रेल में विद्युत प्रवाह हो तो वहां किसी तरह की दुर्घटना न हो।

### ट्रैक चेकिंग मशीन से पटरियों की दूरी मापी

मेट्रो डिपो व वायडक्ट पर पिछले दो दिनों से ट्रैक अलायमेंट गेज चेकिंग मशीन के माध्यम से जिस पटरी पर ट्रेन चलना है उसकी जांच की जा रही है। इसके माध्यम से देखा जा रहा है कि पटरी कहीं ऊंची या नीची तो नहीं है। इसके अलावा दोनों पटरियों के बीच में दूरी तो ज्यादा नहीं है। जांच के दौरान जहां-जहां खामी मिल रही है, उसका सुधार किया जा रहा है।





### 'स्ट्रक्चर गेज' को प्लेटफार्म पर ले जाकर पटरियों की हुई जांच

कोच को प्लेटफार्म की पटरियों पर ले जाने के पहले स्ट्रक्चर गेज से पटरियों की जांच की गई। स्ट्रक्चर गेज को बुधवार को गांधी नगर स्टेशन के अलावा डिपो में ले जाकर पटरियों पर घुमाया गया। इसके अलावा वायडक्ट पर चलाया गया। कुछ स्थानों पर स्टेयर गेज के पाइप वायडक्ट पर प्लेटफार्म पर सिविल कार्य वाले हिस्सों को छू रहे थे। ऐसे में उन स्थानों पर सुधार किया गया है। इसके अलावा थर्ड रेल जिससे मेट्रो को बिजली मिलना है। उसके कुछ हिस्सों पर कवर नहीं लगा था जिससे सही वैल्यू का आंकलन नहीं हो रहा था। ऐसे में थर्ड रेल के उन हिस्से पर कवर लगाकर सुधार किया गया।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 41 | Free Press | Indore | 07.09.2023 | 03 | Metro coaches will get fully charged today | Neutral |

INDORE CITY
INDORE | THURSDAY | SEPTEMBER 7, 2023 www.freepressjournal.in

# METRO COACHES WILL GET FULLY 'CHARGED' TODAY

OUR STAFF REPORTER
city.indore@fpj.co.in

Charging of the initial three coaches of Indore Metro has begun which would get completed by Thursday. The power supply was also set up at five stations of the Metro where the trial run will be done. The Indore Metro, which is one of the auspicious projects in the city will get its safety run done in coming days. The work of installation of metro coaches is going on at a fast pace.

The metro work of Gandhi Nagar Depot is also going on rapidly. The workers are working in two shifts in which hundreds of them are involved. Assembling of the train is also going on and electrification work of three coaches has been done.



Officials said that to operate the metro, the third rail system is also getting activated which will add thrust to the metro in moving ahead. It is expected that in two to three days, the testing of the third rail will be done after which the metro safety run will be over.

Along with this, the work on other parts of the priority corridor is also going on and the plant for the turn at Radisson Square has been set up. For this traffic has also been diverted. At Radisson Square, the metro will take a right turn for which a curved corridor is needed to be made. The construction of the corridor is going on and it is expected that within a few weeks it will get completed.

It is expected that on September 14, the trial run of Indore Metro is to be done in the presence of Chief Minister Shivraj Singh Chouhan. Due to this, the metro has enforced a large number of labourers for expediting the work.

MPMETRO

MPMETRO

METRO NEWS

10th SEPTEMBER,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 42 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 10.09.2023 | J2 | हमारी मेट्रो का पहला कदम | पाज़िटिव |

दैनिक भास्कर इंदौर 10-09-2023

## हमारी मेट्रो का पहला कदम

# सेफ्टी रन सफल, 3 की स्पीड से 500 मी. चली इंदौर मेट्रो




भास्कर संवाददाता | इंदौर

चार्ड में कई दिनों से इंतजार कर रहे मेट्रो के कोच शनिवार को बारिश की फुहारों के बीच पटरी पर उतर आए। गांधी नगर डीपो में शाम करीब 5.30 बजे मेट्रो का सेफ्टी ट्रायल लिया गया। हमारी मेट्रो 3 से 4 किमी प्रति घंटा की गति से करीब 500 मीटर चली।

इसे स्टेशन के पहले घुमावदार ट्रैक तक ले जाया गया। अभी स्पीड कम रखी गई। बाद में इसे बढ़ाकर ट्रायल किए जाएंगे। इसी के साथ मेट्रो के ट्रायल रन की तैयारियों ने भी रफ्तार पकड़ ली है। योजना इसे लोडिंग ट्रैक से आगे उठाकर यानी गांधी नगर स्टेशन तक ले जाने की थी लेकिन बारिश के कारण ऐसा नहीं किया।

| 5.30 | 80 |
|---|---|
| बजे शाम को ट्रायल शुरू हुआ | की स्पीड में दौड़ेगी बाद में |

## एमडी बोले- इसी महीने होगा मेट्रो का ट्रायल रन

सेफ्टी ट्रायल के लिए मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह भी शनिवार शाम गांधी नगर पहुंचे। उन्होंने कहा कि ट्रायल रन भी इसी महीने होगा। हमारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। तारीख अभी तय नहीं है। जैसे ही मुख्यमंत्री के समय की उपलब्धता स्पष्ट होगी, उसी समय ट्रायल किया जाएगा। उन्होंने बताया, धीरे-धीरे मेट्रो की स्पीड का सेफ्टी ट्रायल किया जाएगा। थर्ड रेल को चार्ज कर लिया था, इसलिए बाहर खड़े को देखते हुए आवाजाही रोकी गई थी। सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रमिकों के रहने व खाने का ध्यान रखा जाए। गांधी नगर स्टेशन के निरीक्षण के दौरान उन्होंने सिविल वर्क व सिस्टम का काम देखा। सीढ़ियां स्ट्रक्चर यानी स्टेशन का शेड का काम जल्द पूरा करने के लिए कहा।

## सुरक्षा के सभी मानकों पर परखा गया ट्रेन को

- एमडी ने इंदौर मेट्रो स्टेशन एवं डिपो में सभी संबंधित विभागों के साथ निरीक्षण किया।
- यहां सुरक्षा के सभी मानकों के साथ काम समय पर पूर्ण हो इसके निर्देश भी उन्होंने अधिकारियों को दिए।
- स्टेशन पर एस्केलेटर, लिफ्टस, स्ट्रक्चर/शेड, ट्रैक, अग्निशमन संबंधित कार्यों का भी विस्तार से निरीक्षण किया गया।
- साफ-सफाई, हाउसकीपिंग के साथ बाहरी और आंतरिक सौन्दर्यीकरण के कार्यों की गति पर भी बात हुई।

## मई या जून 2024 में कमर्शियल रन होगा

- एमडी सिंह बोले कि ट्रायल का बहुत महत्व है। समय उसी में लगता है। इसमें टेक्नीकल अनुकूल से लेकर कई चरणों में पहली बार काम होता है। इसके बाद तेजी से आगे बढ़ेगा।
- अधिकारियों एवं स्टेशन कॉन्ट्रेक्टर को निर्देशित किया गया कि बचा हुआ काम जल्द पूर्ण किया जाए।
- सितंबर में ही मेट्रो का ट्रायल रन होना है। वहीं मई-जून 2024 में कमर्शियल/पैसेंजर ऑपरेशन का संचालन किया जाएगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 43 | राज एक्सप्रेस | इंदौर | 10.09.2023 | 02 | बरसते पानी मे मेट्रो ट्रेन पटरी पर चली | पाज़िटिव |



# बरसते पानी में मेट्रो ट्रेन पटरी पर चली



## एमडी मनीष सिंह ने देखी मेट्रो के ट्रायल रन की तैयारी

**इंदौर ■ राज न्यूज नेटवर्क**

मेट्रो ट्रायल के पहले मेट्रो कोच के सेफ्टी ट्रायल के लिए शनिवार को बाहर निकले और 500 मीटर तक रन किया। मेट्रो ट्रेन कॉरपोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने शनिवार को इंदौर पहुंच कर यहां मेट्रो ट्रेन के ट्रायल रन की तैयारियां देखी। उन्होंने गांधीनगर डिपो में जाकर अधिकारियों से चर्चा की। उनके समक्ष मेट्रो के कोच सैफ्टी ट्रायल के लिए डिपो से बाहर निकले।

जब मेट्रो ट्रेन बाहर निकली, तो उस समय भारी बारिश हो रही थी। बरसते पानी में मनीष सिंह ने समूचे परिसर का दौरा किया और निकटवर्ती स्टेशन में जाकर व्यवस्था देखी और चल रहे कार्यों को देखा। उन्हें आगामी दिनों ट्रायल रन के लिए होने वाले समारोहपूर्वक कार्यक्रम के संबंध में भी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। एमडी मनीष सिंह ने वहां काम कर रहे मजदूरों से भी आत्मीयता पूर्व चर्चा की। उन्होंने यहां सिलीगुड़ी से काम करने के लिए आए श्रमिकों से उनके आवास और भोजन की व्यवस्था की भी जानकारी ली और मेट्रो ट्रेन के अधिकारियों को विशेष तोर पर इन मजदूरों को ध्यान रखने के लिये निर्देशित किया।

### 14 को मेट्रो का ट्रायल रन

गौरतलब है कि 14 सितंबर को मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन लेना प्रस्तावित है। जिसके लिए तैयारियां तेजी से चल रही है। मेट्रो के गांधीनगर स्टेशन से सुपर कॉरिडोर स्टेशन नंबर तीन तक 5.9 किलोमीटर की दूरी पर ट्रायल रन प्रस्तावित है। हालांकि बारिश और डिपो परिसर में बन रही सड़क के कारण तैयारियों में थोड़ी परेशानी आ रही है। शनिवार को कोच को विद्युत सप्लाई देकर स्टेब्लिंग यार्ड में लगी पटरियों पर चलाकर देखा गया।

### अगले साल अप्रैल से जून के बीच मेट्रो पैसेंजर के साथ चलेगी



मेट्रो ट्रेन कॉरपोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने भरोसा जताया है कि अगले साल इंदौर में अप्रैल से जून के मध्य मेट्रो ट्रेन पैसेंजर के साथ चलेगी। वे शनिवार को मेट्रो के सेफ्टी ट्रायल को देखने और जारी कार्य का निरीक्षण करने आए थे। उन्होंने कहा कि जिस गति से इंदौर और भोपाल में काम हो रहा है, यह एक रिकॉर्ड है। गत आठ माह में जो गति इस प्रोजेक्ट ने पकड़ी है, वह देश में कहीं नहीं देखने को मिली है। इंदौर पहुंची मेट्रो ट्रेन भी तीन से चार माह में बनकर तैयार हुई है। मेट्रो कार्पोरेशन का हर अधिकारी इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए लगातार काम कर रहा है। एजेंसियों के साथ हमारा तालमेल काफी अच्छा है, कर्मचारी हमें पूरा सहयोग कर रहे है, जिससे यह प्रोजेक्ट तय समय में पूरा होने की उम्मीद है। 14 सितंबर को ट्रायल रन मुख्यमंत्री की मौजूदगी में होने पर अभी संशय है, यह ट्रायल रन मुख्यमंत्री की उपलब्धता के बाद ही तय होगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 44 | नई दुनिया | इंदौर | 10.09.2023 | 01 | रिमझिम वर्षा मे 1200 मीटर दौड़ी सपनों की मेट्रो | पाज़िटिव |

# रिमझिम वर्षा में 1200 मीटर दौड़ी सपनों की मेट्रो



इंदौर के गांधीनगर डिपो में शनिवार को मेट्रो ट्रेन का प्री-टेस्टिंग सेफ्टी रन किया गया। इसके तहत मेट्रो डिपो की पटरियों पर 1200 मीटर की दूरी तक रिमझिम वर्षा के बीच धीमी गति से दौड़ाई गई। इस सेफ्टी रन के लिए ट्रैक पर विद्युत भी प्रवाहित की गई थी। कोच के भीतर की लाइट भी चालू की गई और जगमगाती मेट्रो धीरे-धीरे पटरियों पर दौड़ने लगी। ● प्रफुल्ल चौरसिया आशु

● विस्तृत समाचार पेज 2 पर



# डिपो में पहली बार विद्युत करंट मिलते ही चली मेट्रो

**प्री-टेस्टिंग सेफ्टी रन** ● कोच ने डिपो में 1200 मीटर की दूरी तय की, सीएम द्वारा समय दिए जाने पर ट्रायल रन की आगामी तारीख तय होगी



डिपो में मेट्रो कोच चलाने की तैयारी करते कर्मचारी। ● नईदुनिया

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। इंदौर में मेट्रो कोच आने के नौ दिन बाद ही शनिवार को मेट्रो कोच डिपो की पटरियों पर अपनी धीमी चाल से विद्युत करंट के साथ दौड़ी। इतने कम समय में मेट्रो कोच को जांच कर उसे पटरियों पर थर्ड रेल के माध्यम से 750 डीसी वोल्ट करंट से चलाकर मेट्रो के टीम व इंजीनियर्स ने कीर्तिमान ही स्थापित किया।

प्री-टेस्टिंग सेफ्टी रन के तहत मेट्रो डिपो की पटरियों में 1200 मीटर की दूरी तक वर्षा के दौरान कोच को चलाया गया। इस दौरान ऐसा प्रतीत हुआ मानो मेट्रो कोच की पहली चाल पर वर्षा की बूंदों ने अभिषेक किया। गौरतलब है कि पूर्व में मेट्रो का ट्रायल रन 14 सितंबर को किया जाना तय किया गया था, लेकिन मुख्यमंत्री की व्यस्तता और वर्षा के कारण कुछ तैयारियां बाकी होने के कारण ट्रायल रन की तारीख को आगे बढ़ाया जाएगा। हालांकि मेट्रो के अधिकारी इस माह के अंत तक ट्रायल रन होने की संभावना जता रहे है। शनिवार को प्री-टेस्टिंग सेफ्टी रन के दौरान मेट्रो रेल कार्पोरेशन लि. के एमडी मनीष सिंह भी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि इंदौर में ट्रायल रन को लेकर तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। पूर्व में 14 सितंबर को ट्रायल रन की योजना बनाई गई थी और उसके अनुसार ही तैयारियां की गई हैं। मुख्यमंत्री द्वारा समय दिए जाने पर ट्रायल रन की आगामी तारीख तय होगी।

### भविष्य में मेट्रो कोच 80 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चलेंगे

**अभी मेट्रो को दिखी धीमी चाल**

शनिवार शाम करीब छह बजे गांधी नगर डिपो के स्टेबलिंग यार्ड से मेट्रो कोच को बाहर लाया गया और थर्ड रेल का करंट मिलने के बाद मेट्रो को 3 से 4 किलोमीटर प्रतिघंटे की धीमी गति से पटरियों पर चलाया गया। गौरतलब है कि मेट्रो कोच को 90 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चलाने का डिजाइन किया गया है, लेकिन भविष्य में मेट्रो कोच 80 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चलेंगे।

**छह किलोमीटर दूर स्टेशन से मिला विद्युत करंट**

मेट्रो के स्टेशन नंबर-3 के आरजीवीएस सब स्टेशन से करीब 6 किलोमीटर दूरी से मेट्रो डिपो तक विद्युत तारों से 750 डीसी वोल्ट का करंट पहुंचा। इससे ट्रेन चली।

**ट्रायल रन के दौरान शहरवासियों को कोच दिखाने की तैयारी**

इंदौर में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की उपस्थिति में होने वाले मेट्रो के ट्रायल रन के आयोजन के दौरान शहर के कुछ लोगों को मेट्रो डिपो में लाकर कोच को दिखाया जाएगा। इसके लिए डिपो परिसर में मंच व बैठक के लिए कुर्सियों की व्यवस्था भी की जाएगी। शनिवार को मेट्रो के अधिकारियों ने इस आयोजन की तैयारियों को लेकर परिसर में स्थान तय किया।

**11 सितंबर को वायडक्ट व प्लेटफार्म पर पहुंचेगी मेट्रो**

मेट्रो कोच को 11 सितंबर को वायडक्ट व ट्रायल रन के लिए गांधी नगर स्टेशन से सुपर कारिडोर स्टेशन नंबर-3 तक चलाया जाएगा। इसके पूर्व डिपो परिसर में एक से दो बार कोच को चलाकर जांच की जाएगी। मेट्रो कोच के जांच संबंधित अधिकांश काम पूर्ण हो चुके हैं। स्टेंडर गेज को वायडक्ट व प्लेटफार्म पर चलाने के दौरान कुछ निर्माण संबंधित मिली खामियों को दुरुस्त किया जाएगा। उसके बाद ही कोच को प्लेटफार्म पर ले जाया जाएगा।

**जून 2024 तक गांधी नगर से शुरू होगा कामर्शियल रन**

मेट्रो रेल कार्पोरेशन लि. के एमडी मनीष सिंह के मुताबिक वर्षा होने से फिनिशिंग कार्य नहीं हो पा रहा है। इससे मेट्रो के प्लेटफार्म पर पीवी शीट लगाने का काम बाकी है। अगले साल जून तक गांधी नगर से रेडिसन चौराहे तक मेट्रो का कामर्शियल आपरेशन होगा और यात्री सफर कर सकेंगे। एमडी ने शनिवार को गांधी नगर स्टेशन पर एस्केलेटर, लिफ्ट, टैंक, अग्निशमन इंतजाम, प्रवेश व निकासी मार्ग का अवलोकन किया।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 45 | पीपल्स समाचार | इंदौर | 10.09.2023 | 03 | इंदौर मेट्रो ट्रेन का आधा किमी मे सेफ़्टी ट्रायल, शेडयूल की तैयारी | पाज़िटिव |

# इंदौर मेट्रो ट्रेन का आधा किमी में सेफ्टी ट्रायल, शेड्यूल की तैयारी

## 14 को ट्रायल रन, सोमवार तक पूरी हो जाएगी लोकार्पण की तैयारी

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9926064287



शनिवार को सुपर कारीडोर पर आधा किलोमीटर में मेट्रो ट्रेन का सेफ्टी ट्रायल किया गया। सोमवार तक संचालन और लोकार्पण के शेड्यूल की तैयारी पूरी हो जाएगी। इसके बाद 14 सितम्बर को सीएम शिवराजसिंह चौहान इसके ट्रायल रन को हरी झंडी दिखाएंगे। मेट्रो के एमडी मनीषसिंह सेफ्टी रन को लेकर सुबह 11 बजे डिपो पहुंच गए थे। यहां उन्होंने कोचों को इंस्टालेशन और सेफ्टी ट्रेन को लेकर कंपनी और मेट्रो ट्रेन कारपोरेशन के अधिकारियों से तैयारियों की जानकारी ली। इसके पूर्व डिपो में बने स्टेब्लिंग यार्ड में कोच चलाकर देखा गया।

### पांच हजार लोग रहेंगे

5 हजार लोगों के सामने ट्रायल रन 6 किमी का होगा। ट्रेक 50 क्विंटल फूलों से सजेगा। ट्रायल रन के दौरान इंफोसिस के सामने कार्यक्रम होगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 46 | अमर उजाला | इंदौर | 10.09.2023 | 03 | इंदौर मेट्रो का सेफ़्टी रन, बरसते पानी मे आधा किमी दौड़ी ट्रेन | पाज़िटिव |

प्रक्रिया

**मुख्यमंत्री की व्यस्तता के कारण फिलहाल ट्रायल रन की तिथि तय नहीं हो पा रही है**

# इंदौर मेट्रो का सेफ्टी रन, बरसते पानी में आधा किमी दौड़ी ट्रेन

अमर उजाला ब्यूरो

इंदौर। गांधी नगर डिपो से टेस्टिंग ट्रैक तक मेट्रो ट्रेन ने बगैर किसी बाधा के आधा किलोमीटर का सफर तय किया। ट्रेन रैंप तक जाकर फिर डिपो में लौटी। इस सेफ्टी रन के लिए ट्रैक पर विद्युत भी प्रवाहित की गई थी। सेफ्टी रन मेट्रो ट्रेन कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह की मौजूदगी में हुआ। उन्होंने बताया है कि ट्रायल रन के हिसाब से हमारी तैयारी पूरी है। मुख्यमंत्री की व्यस्तता के कारण फिलहाल ट्रायल रन की तिथि तय नहीं हो पा रही है। जैसे ही अनुमति मिलेगी, हम इंदौर में ट्रायल रन करेंगे।

शाम पांच बजे सेफ्टी रन का समय तय किया गया था, लेकिन बारिश आने के कारण थोड़ी देर हुई। कर्मचारियों ने पहले पटरियों पर प्रवाहित विद्युत की जांच की। इसके बाद ट्रेन को ट्रैक के कुछ आगे तक लाया गया। कोच के भीतर की लाइट ऑन की गई और चमचमाती मेट्रो धीरे-धीरे पटरियों पर आगे बढ़ने लगी। बरसते पानी में ट्रेन ने करीब आधे किलोमीटर का सफर किया और रैम्प तक पहुंची। सेफ्टी रन के दौरान कोच में किसी को बैठाया नहीं गया। शनिवार को सेफ्टी रन में ट्रेन की स्पीड कम रखी गई थी। अब लगातार सेफ्टी रन होंगे और धीरे-धीरे स्पीड भी बढ़ाई जाएगी। अफसरों ने बताया कि मेट्रो ट्रेन को एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन तक जाने में डेढ़ से दो मिनट का समय लगेगा।



इंदौर में मेट्रो का सेफ्टी रन किया गया। इस दौरान आधा किलोमीटर तक ट्रेन चलाई गई।

## स्टेशनों का काम अधूरा

मेट्रो के ट्रायल रन के लिए ट्रैक पूरी तरह तैयार हो चुके हैं। मेट्रो के कोच को भी जोड़ा जा चुका है। एमडी मनीष सिंह ने बताया कि बारिश के कारण कुछ मेट्रो स्टेशनों पर वेल्डिंग का काम नहीं हो पाया है। मौसम खुलने पर उस काम को भी पूरा किया जाएगा। तीन स्टेशनों पर एस्केलेटर लगाए जा चुके हैं। 15 सितंबर को हमने ट्रायल रन की तिथि तय की थी, लेकिन तब ट्रायल रन नहीं हो पाएगा। अभी उसकी तिथि तय नहीं हो पाई है। अगले वर्ष सितंबर तक गांधी नगर से रेडिसन चौराहा तक मेट्रो का ट्रायल रन किया जाएगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 47 | नवभारत | इंदौर | 10.09.2023 | 03 | गांधी नगर डिपो मे हुआ मेट्रो का सेफ़्टी ट्रायल रन | पाज़िटिव |

# गांधी नगर डिपो में हुआ मेट्रो का सेफ्टी ट्रायल रन

**एमडी ने बरसते पानी में किया निरीक्षण**

**मुख्यमंत्री के मंशा अनुरूप इसी माह भोपाल एवं इंदौर में होगा ट्रायल रन**

इंदौर. मेट्रो ट्रेन कॉरपोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने आज इंदौर पहुँच कर यहाँ मेट्रो ट्रेन के ट्रायल रन की तैयारियां देखी. उन्होंने गांधीनगर डिपो में जाकर अधिकारियों से चर्चा की. इस दौरान मेट्रो का सैफ्टी ट्रायल रन भी हुआ. जब मेट्रो ट्रेन बाहर निकली, तो उस समय भारी बारिश हो रही थी. बरसते पानी में मनीष सिंह ने समूचे परिसर का दौरा किया और निकटवर्ती स्टेशन में जाकर व्यवस्था देखी और चल रहे कार्यों को देखा.

मेट्रो ट्रेन कॉरपोरेशन के प्रबंध संचालक मनीषसिंह द्वारा भोपाल एवं इंदौर मे निर्माण कार्यों की समीक्षा निरंतर की जा रही है. इसी माह होने वाले मेट्रो ट्रायल रन के मद्देनजर प्रबंध संचालक द्वारा आज इंदौर मेट्रो साइट्स का निरीक्षण करने पहुंचे. प्रबंध संचालक की उपस्थिति मे गांधी नगर डिपो मे मेट्रो का सेफ़्टी ट्रायलरन सफलतापूर्वक किया गया. सफल ट्रायल पर उन्होंने मेट्रो के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रमिकों को दिन रात मेहनत करने पर बधाई दी. तत्पश्चात प्रबंध संचालक द्वारा गांधीनगर स्टेशन का भी दौरा किया गया, जिसमे उन्होंने सिवल तथा सिस्टम के कार्यों को देखा एवं संतुष्टि जाहिर कर निर्देश दिए कि (पीईबी) स्ट्रक्चर/ शेड का कार्य भी जल्द पूर्ण कर ट्रायल रन को सफल बनाने के लिए दिन-रात कार्य करें. प्रबंधक संचालक के निरीक्षण कार्यक्रम में निदेशक प्रोजेक्ट अजय शर्मा, शोभित टंडन निदेशक सिस्टम, अजय कुमार महाप्रबंधक सिविल, अजय गुप्ता महाप्रबंधक ट्रैक, एन.डी. शक्यावार महाप्रबंधक ई×एम, अजय कुमार गुप्ता एजीएम सिक्युरिटी, कॉरपोरेशन के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी, जनरल कंसलटेंट के वरीय अधिकारी मौजूद रहे. प्रबंध निदेशक ने अधिकारियों को निर्माण कार्य को द्रूत गति में लाने के लिए हरसंभव प्रयास करने के निर्देश दिए.





## सुरक्षा के साथ समय पर पूर्ण करें कार्य

श्री सिंह द्वारा ट्रायल रन के मद्देनजर आज शाम इंदौर मेट्रो स्टेशन एवं डिपो मे सभी संबंधित विभागों के साथ निरीक्षण कर कार्य समय पर सुरक्षा के साथ पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया. एमडी द्वारा स्टेशन पर लगे एस्कलैटर, लिफ्टस, स्ट्रक्चर/शेड, ट्रैक, अग्निशमन संबंधित कार्यों का विस्तार से निरीक्षण किया एवं निर्देश दिए कि साफ-सफ़ाई एवं हाउस्कीपिंग के कार्यों को भी साथ-साथ किया जाए, तत्पश्चात बाहरी एवं आंतरिक सौन्दरियकर्ण के कार्य किए जाएंगे. साथ ही एमडी द्वारा एंट्री-एक्जिट पॉइंट का भी निरीक्षण किया गया एवं अधिकारियों एवं स्टेशन कान्ट्रैक्टर को निर्देशित किया गया कि बचा हुआ काम जल्द पूर्ण कर केनीचे कीरोड़ जल्द से जल्द बना दी जाए.

**श्रमिकों से बात कर हौंसला बढ़ाया** - प्रबंध संचालक ने स्टेशन पर कार्य कर रहे श्रमिकों से बातचीत कर हौंसला बढ़ाया एवं बारिश, धूप, आंधी में भी कार्य करने के लिए सराहना की. न्होंने यहाँ सिलीगुड़ी से काम करने के लिए आए श्रमिकों से उनके आवास और भोजन की व्यवस्था की भी जानकारी ली और मेट्रो ट्रेन के अधिकारियों को विशेष तोर पर इन मजदूरों को ध्यान रखने के लिये निर्देशित किया.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 48 | Free Press | Indore | 10.09.2023 | 04 | Indore Metro safety Run passes off without glitch | Positive |





PHOTO PIC BY ANANDSHIMBE

# INDORE METRO SAFETY RUN PASSES OFF WITHOUT GLITCH

OUR STAFF REPORTER
city.indore@fpj.co.in

The safety run of the Indore Metro was held on Saturday evening as part of the ongoing preparations for the trial run of Metro, and it went off smoothly.

Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Ltd (MPMRCL) MD Manish Singh was present during the safety run that took place amidst rain.

In the safety run, the Metro moved forward from the Inspection Bay Line (IBL) of Gandhi Nagar depot, a distance of around 400 to 300 metres. During this time its speed was kept very slow. The train's horn was checked during the run. The official trial run of Metro is possible on September 14.

After the safety run, the train was taken back to the depot where it will be parked and the trial run will start from there.

During the safety run, the train was also moved in the reverse direction. During this period, electrical, mechanical and software-related points were checked.

After the conclusion of the safety run, Manish Singh and other officials visited Gandhi Nagar station where he inspected the civil and system works and expressed satisfaction. He gave instructions to complete the (PRR) structure/shed work.

He also talked to the workers at the station, boosted their morale and praised them for working even in the rain.

The MD inspected works related to entry and exit at the station, escalators, lifts, (PRR) structure/shed, track, and fire fighting equipment at the station and directed workers that cleaning and housekeeping work should be completed.

While the trial run is expected around mid-September, the commercial/passenger operation will be done around May-June, 2024.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 49 | अग्निबाण | इंदौर | 10.09.2023 | 04 | मेट्रो युग मे प्रवेश कर रहा है इंदौर | Positive |

रविवार को बारिश में मप्र मेट्रो कॉरपोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने अफसरों को साथ गांधीनगर स्थित डिपो का अवलोकन किया

# मेट्रो युग में प्रवेश कर रहा है इंदौर ....

## मुख्यमंत्री की मौजूदगी में होगी मेट्रो के ट्रायल रन की शुरुआत, 10 दिन में भोपाल आ जाएंगे मेट्रो ट्रेन के कोच

इंदौर (नप्र)। बस अब कुछ ही दिनों में इंदौर मेट्रो युग में प्रवेश कर रहा है ... रविवार को तेज बारिश में मप्र मेट्रो कॉरपोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने अफसरों को साथ गांधीनगर स्थित डिपो और स्टेशन का अवलोकन किया। डिपो में खड़ी मेट्रो ट्रेन का सेफ्टी रन भी देखा . अब अगले कुछ दिनों में मुख्यमंत्री की मौजूदगी में ट्रायल रन होना है। इन्दौर का भविष्य बदलने में मेट्रो की भूमिका कारगर साबित होगी। । मेट्रो ट्रेन का कमर्शियल रन अब अगले साल सन 2024 में मई-जून तक ही संभव है।

जानकारी के मुताबिक शहर में पिछले कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है। इस बारिश से भले ही शहर में जन जीवन प्रभावित हुआ हो, लेकिन मेट्रो के ट्रायल रन के लिए चल रहे कार्यों पर बारिश का कोई असर नहीं पड़ा। रविवार को मप्र मेट्रो कॉरपोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने अफसरों को साथ गांधीनगर स्थित डिपो और स्टेशन का अवलोकन किया। मेट्रो के ट्रायल रन शुरु करने के संदर्भ में मनीष सिंह ने बताया की हमारी पूरी कोशिश यही है की 14 या 15 सितम्बर से ट्रायल रन शुरु कर दे। तेजी से काम चल रहा है और जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्य पूरा होते ही मुख्यमंत्री की मौजूदगी में ट्रायल रन शुरु कर दिया जाएंगा।



### 10 दिन में ट्रेन के कोच भोपाल आ जाएंगे

उन्होंने बताया की भोपाल मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन पास आ गया है। मेट्रो के कोच के लिए ट्रायल के अगले दिन आसपास की सडकों पर डामरीकरण किया जाएगा जबकि सुभाष डिपो की ओर से मेट्रो स्टेशन के बीच यात्रियों की सुविधा के लिए डिपो से स्टेशन फुट ओवरब्रिज बनाया गया है। 10 दिन में ट्रेन के कोच भोपाल आ जाएंगे। मेट्रो कोच को डिपो तक पहुंचाने के सडक भी बनाई गई है। शनिवार को ये कोच गुजरात के बड़ोदरा से भोपाल के लिए रवाना हो गए हैं। भोपाल मेट्रो ट्रेन के कोच तीन अलग-अलग ट्रालों में भोपाल लाए जा रहे हैं।

### ट्रायल की तैयारियां जोरों पर

भोपाल डिपो में इसके लिए सभी तैयारियां कर ली गई हैं। भोपाल की एम्स से करोंद तक 14.22 किमी लंबी ऑरेंज लाइन के लिए ऑरेंज रंग के कोच तैयार किए गए हैं। तीन कोच के डिब्बों की चौड़ाई 2.9 मीटर और लंबाई 22 मीटर है। जिस सडक मार्ग से मेट्रो कोच को लाया जा रहा है, पहले उन सडकों का मॉक ट्रायल किया गया। इसमें देखा गया कि सडक धंसेगी तो नहीं। मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के एमडी मनीष सिंह का कहना है कि मेट्रो ट्रायल रन इसी माह यानि सितंबर में होगा।

हालांकि इंदौर - भोपाल में मेट्रो ट्रेन का कमर्शियल रन अब अगले साल सन 2024 में मई-जून तक ही संभव है। मेट्रो ट्रेन ट्रायल के बाद अन्य स्टेशनों पर भी एफओबी से लोगों को सीधे स्टेशन के अंदर तक पहुंचने की सुविधा दी जाएगी। दो मंजिला स्टेशन के पहले फ्लोर पर टिकटिंग सिस्टम होगा, जबकि दूसरा प्लेटफार्म का हिस्सा रहेगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | Times of India | Indore | 11.09.2023 | 04 | Indore metro clears safety trial | Positive |

CASH, JEWELLERY WORTH LAKHS STOLEN FROM TWO LOCKED HOUSES | 3

TIMES

THE TIMES OF INDIA, INDORE | SU

## INDORE METRO CLEARS SAFETY TRIAL



- **MP Metro Rail Corporation Ltd (MPMRCL) on Saturday successfully completed** safety trial of Indore Metro
- As per **CM's wish, the trial run of Bhopal and Indore Metro** will start this month
- The commercial run of **Metro on 5.8 km super priority corridor on Super Corridor will start by May-June 2024**
- It would later be **extended to around 17.5 km**
- The entire **first phase of developing a circle of track around city is around 31.5 km**

### OVERSEEING THE WORK

- Managing director Manish Singh reached Indore Metro's depot for site review and congratulated all officials, workers and labourers
- He took stock at Gandhi Nagar station; also inspected escalators, lifts, track and firefighting arrangements
- Instructed officials to complete remaining work at the depot and stations for trial run by the end of this month

MPMETRO

METRO NEWS

11th SEPTEMBER,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 51 | पत्रिका | इंदौर | 11.09.2023 | 07 | डिपो के ट्रैक पर दूसरे दिन भी दौड़ी मेट्रो, खुश हुए इंदौरी | पाज़िटिव |

फोटो स्टोरी **डिपो के ट्रैक पर दूसरे दिन भी दौड़ी मेट्रो, खुश हुए इंदौरी**



**इंदौर@पत्रिका.** गांधीनगर डिपो में रविवार को भी मेट्रो ट्रेन का सेफ्टी ट्रॉयल हुआ। डिपो के टेस्टिंग ट्रेक पर मेट्रो घूमी और विशेषज्ञों ने बारिकी से नजर रखी। आसपास के लोग मेट्रो को देखने पहुंचे, वे दूर से ही देख पाए। डिपो में मेट्रो कोच के इलेक्ट्रिफिकेशन कार्य के पूरा होने के बाद वहां सुरक्षा व्यवस्था और पुख्ता कर दी हैं। रविवार दोपहर बाद विशेषज्ञों की टीम ने मेट्रो को डिपो के टेस्टिंग ट्रेक पर चलाया। करीब एक किलोमीटर से ज्यादा हिस्से में ट्रेन चली और फिर डिपो में लाकर खड़ा कर दिया। अफसरों के मुताबिक, अभी धीमी गति से ट्रेन को चलाया जा रहा है, अभी तक के सेफ्टी रन से सभी संतुष्ट है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 52 | नई दुनिया | इंदौर | 11.09.2023 | 02 | डायमंड कटर से प्लेटफार्म की हो रही कटाई | Neutral |

नईदुनिया
इंदौर, सोमवार, 11 सितंबर, 2023
इंदौर सिटी

# डायमंड कटर से प्लेटफार्म की हो रही कटाई

## कवायद ● 900 मीटर के टेस्टिंग ट्रैक पर मेट्रो कोच को चला कर की गई जांच

उदय प्रताप सिंह ● इंदौर

इंदौर में मेट्रो कोच जिस प्लेटफार्म से होकर गुजरेगा, उसके निर्माण में डायमंड का इस्तेमाल किया जा रहा है। मेट्रो कोच को प्लेटफार्म पर लाने के पहले स्ट्रक्चर गेज को पटरियों पर चला कर जांच की गई। ऐसे में स्ट्रक्चर गेज के पाइप प्लेटफार्म के जिस भी हिस्से से टकरा रहे हैं, उस सीमेंट कांक्रीट के हिस्से को डायमंड कटर से काटा जा रहा रहा है।

गांधी नगर स्टेशन और सुपर कारिडोर स्टेशन नंबर-3 पर दो डायमंड कटर का उपयोग किया जा रहा है। इस कटर में उपयोग होने वाली ब्लेड में डायमंड के टुकड़े लगे हुए हैं। इस वजह से कटर में लगी एक स्टील की ब्लैड की कीमत ही एक से डेढ़ लाख रुपये है।

**पांचों प्लेटफार्म के कुछ-कुछ हिस्सों की हो रही छंटाई :** मेट्रो कोच का ट्रायल रन गांधी नगर स्टेशन से सुपर कारिडोर स्टेशन नंबर-3 तक 5.9 किलोमीटर की दूरी तक होना है। इस बीच में मेट्रो के पांच स्टेशन आ रहे हैं। स्टेशन नंबर-3 पर करीब चार स्थान ऐसे हैं, जहां प्लेटफार्म का हिस्सा निर्धारित मापदंड से 10 से 15 सेंटीमीटर आगे बढ़ा हुआ है। इसे ही डायमंड कटर से काटा जा रहा है। इसी तरह गांधी नगर स्टेशन पर भी तीन स्थानों पर छंटाई की जा रही है। इसके अलावा मेट्रो के अन्य प्लेटफार्म पर करीब 15 से ज्यादा स्थानों पर डायमंड कटर का उपयोग कर छंटाई की जा रही है। प्लेटफार्म के तय मापदंड से बाहर निकले सीमेंट कांक्रीट के हिस्सों को काटने के बाद सोमवार या मंगलवार को मेट्रो कोच को वायडक्ट से प्लेटफार्म तक लाया जाएगा।



स्ट्रक्चर गेज के माध्यम से निर्धारित मापदंड से बाहर निकले प्लेटफार्म के सीमेंट कांक्रीट के हिस्सों को कटर से काटा जा रहा है। ● नईदुनिया

### टेस्ट ट्रैक पर 5 से 6 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चली मेट्रो

गांधी नगर डिपो के मेट्रो कोच की प्री-टेस्टिंग सेफ्टी रन के बाद रविवार को मेट्रो को 900 मीटर के टेस्ट ट्रैक पर चलाया गया। शनिवार को जहां मेट्रो 2 से 3 किलोमीटर प्रतिघंटे की स्पीड से डिपो में चली थी, वहीं रविवार को मेट्रो कोच टेस्ट ट्रैक पर पांच से छह किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चले। इस ट्रैक पर तीन से चार बार चला कर कोच के ब्रेकिंग सिस्टम, स्पीड व एक्सीलेटर की जांच की गई। मेट्रो डिपो परिसर के जिस हिस्से में कोच को अनलोड किया गया था, उसके पास में ही यह टेस्ट ट्रैक बना हुआ है। इस पर मेट्रो कोच के सारे फंक्शन की जांच होने के बाद उसे वायडक्ट व प्लेटफार्म पर चलाया जाएगा। जिसके लिए तैयारी चल रही है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 53 | Freepress | Indore | 11.09.2023 | 04 | Vehicle ferrying Bhopal Metro coaches leaves Gujarat | Neutral |


INDORE CITY

INDORE | MONDAY | SEPTEMBER 11, 2023 www.freepressjournal.in


# Vehicle ferrying Bhopal Metro coaches leaves Gujarat


OUR STAFF REPORTER
city.bhopal@fpj.co.in


The three coaches with inbuilt engine of Bhopal Metro Train left for Bhopal after they were loaded on a heavy transportation vehicle at the manufacturing unit based in Gujarat in the intervening night of Saturday and Sunday.

The heavy vehicle ferrying metro coaches will reach Bhopal in 10 days. After arriving in city, Metro coaches will be unloaded at Subash Nagar depot.

"Bhopal Metro Coaches were manufactured in short duration. The manufacturing began on March 13," said Madhya Pradesh Metro Train Corporation Limited official.

Metro train trial is likely to be held around September 30. The metro coaches are expected to reach Bhopal by September 18.

The trial run would be held between Subash Nagar Metro Station and Rani Kamlapati railway station.

MPMETRO

METRO NEWS

11th SEPTEMBER,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 54 | पत्रिका | इंदौर | 12.09.2023 | 04 | अब ट्रैक पर होगा ट्रायल, तैयारियां जारी | पाज़िटिव |

पत्रिका

## अब ट्रैक पर होगा ट्रायल, तैयारियां जारी




**इंदौर.** गांधी नगर डिपो में हुई सेफ्टी ट्रायल के बाद अब ट्रैक पर भी मेट्रो चलाने की तैयारी है। शनिवार को पहली बार डिपो के टेस्टिंग ट्रैक पर मेट्रो की सेफ्टी ट्रायल की शुरुआत हुई, जो रविवार को भी जारी रही। मेट्रो कॉर्पोरेशन के अफसरों का जोर ट्रैक को पूरा करने पर है। बिजली सप्लाई वाले थर्ड रेल के कनेक्शन को पूरा किया जा रहा है। अफसरों के मुताबिक, ट्रैक का काम पूरा होने पर मंगलवार को टेस्टिंग होगी।

12/09/2023 | Indore City | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 55 | नई दुनिया | इंदौर | 12.09.2023 | 04 | प्लेटफार्म पर पीवी शेड के लिए पिलर लगाने का काम शुरू | Neutral |

4 नईदुनिया
इंदौर, मंगलवार, 12 सितंबर, 2023

इंदौर सिटी

# प्लेटफार्म पर पीवी शेड के लिए पिलर लगाने का काम शुरू

## मेट्रो ● गांधी नगर स्टेशन 40 मीटर चौड़ा और 140 मीटर लंबा होगा, जो सबसे बड़ा स्टेशन है

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। इंदौर में मेट्रो के ट्रायल रन की तारीख आगे बढ़ने के कारण अब मेट्रो स्टेशन पर बचे हुए कार्यों को पूरा करने की कवायद की जा रही है। सुपर कारिडोर के स्टेशन नंबर-3 के प्लेटफार्म पर शेड लगाने का काम लगभग पूर्णता की ओर है, वहीं सोमवार से गांधी नगर स्टेशन के प्लेटफार्म पर शेड लगाने के लिए लोहे के पिलर लगाने का काम शुरू हो गया है।

गांधी नगर स्टेशन 40 मीटर चौड़ा और 140 मीटर लंबा होगा। यह सबसे बड़ा स्टेशन है। इस वजह से अन्य मेट्रो स्टेशन के मुकाबले यहां पर ज्यादा संख्या में प्लेटफार्म वाले हिस्से में लोहे के पिलर लगाए जाएंगे। इसके बाद यहां पर शेड लगाने का काम किया जाएगा। इस स्टेशन पर 216 गर्डर बिछाकर कान्कोर लेवल व प्लेटफार्म को तैयार किया गया है। इसके अलावा अब स्टेशन नंबर-5 व अन्य स्टेशन पर भी लोहे के पिलर लगाकर शेड लगाने का काम शुरू होगा। इसके अलावा प्लेटफार्म पर प्रवेश व निकासी मार्गों को भी तैयार किया जा रहा है। स्टेशन पर टाइल्स लगाने सहित अन्य काम भी किए जा रहे हैं।



गांधीनगर डिपो के टेस्ट ट्रेक पर मेट्रो कोच को चलाकर जांच की जा रही है। ● नईदुनिया

**डिपो परिसर में केबल बिछाने के लिए बनाई गई डक्ट में जालियां बिछाई :** मेट्रो डिपो परिसर में बिजली के तार के अलावा अन्य तरह के केबल बिछाने के लिए जमीन पर डक्ट बनाई गई है। इस डक्ट के में लोहे की जालियां बिछाई गई है। इस पर केबल डाली जाएगी। इसके डक्ट के ऊपर सीमेंट ढक्कन भी लगाए जाएंगे ताकि कोई इसमें गिरकर दुर्घटनाग्रस्त न हो।

### आज प्लेटफार्म पर मेट्रो कोच ले जाने का किया जाएगा प्रयास

गांधी नगर डिपो में 900 मीटर के टेस्टिंग ट्रैक पर मेट्रो कोच को चलाकर जांच की जा रही है। मेट्रो की गति को धीरे-धीरे बढ़ाकर उसकी जांच की जा रही है। दूसरी ओर स्ट्रक्चर गेज से जांच कर डायमंड कटर से प्लेटफार्म के उभरे हुए हिस्सों की कटाई की जा चुकी है। ऐसे में आज मेट्रो कोच का वायडक्ट से सबसे पहले गांधी नगर स्टेशन पर उसके बाद ट्रायल रन के लिए 5.9 किलोमीटर की दूरी के बीच बने अन्य स्टेशन पर ले जाकर जांच की जाएगी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 56 | हरिभूमि | इंदौर | 12.09.2023 | 10 | राजधानी में मेट्रो के ट्रायल रन को लेकर तैयारियां पूरी, दो स्टेशन बनकर तैयार | Neutral |



### इस सप्ताह ट्रेन के आने की उम्मीद, लोडिंग व अनलोडिंग की भी तैयारी हुई

# राजधानी में मेट्रो के ट्रायल रन को लेकर तैयारियां पूरी, दो स्टेशन बनकर तैयार

हरिभूमि न्यूज ›› भोपाल

राजधानी में मेट्रो ट्रेन की ट्रायल रन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है। सुभाष नगर डिपो में ट्रेन के लोडिंग और अनलोडिंग के लिए भी तैयारियां पूरी हो गई है। वहीं सुभाष नगर जहां से मेट्रो रन शुरू होना है और रानी कमलापति रेलवे के पास मेट्रो स्टेशन जहां तक मेट्रो को आना है, को पूरी तरह से तैयार कर दिया गया है।

मेट्रो कंपनी के अधिकारी लगातार निरीक्षण कर ले रहे है तैयारियों का जायजा



**भोपाल व इंदौर में ट्रायल रन का शुभारंभ सीएम करेंगे**

भोपाल व इंदौर में ट्रायल रन का शुभारंभ सीएम करेंगे। इसको पहले ट्रायल रन की तैयारी चल रही है। मेट्रो कॉरिडोर के पहले फेज में सुभाष नगर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तक की पटरी बिछाई जा चुकी है। वहां पर स्टेशन निर्माण और पटरी बिछाने का काम भी पूरा हो गया है।

**भोपाल डिपो में कोच होंगे अनलोडिंग**

भोपाल डिपो में ट्रेन कोच को अनलोडिंग के पर अनलोड किया जाएगा। ट्रेन के आने के पूर्व [illegible] ट्रायल का ट्रायल [illegible] भी किया जा चुका है। इसमें [illegible] ट्रेन का [illegible] की जांच भी हो चुकी है। इसके बाद मेट्रो ट्रेन को लाया जा रहा है। पहले मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी [illegible] ने पिछले सप्ताह स्टेशन पर लगे एस्केलेटर लिफ्ट, ट्रैक [illegible] तार्यों का निरीक्षण किया था।

**24 घंटे चल रहा तेजी से काम**

मेट्रो कॉरिडोर के पहले चरण में सुभाष नगर स्टेशन को [illegible] प्रोजेक्ट प्वाइंट से जोड़ा जा रहा है। इसके लिए यहां पर 24 घंटे तेजी से काम चल रहा है। इस स्टेशन को [illegible] (एफओबी) फुट ओवर ब्रिज से जोड़ने का कार्य जल्द पूरा किया जाएगा। इंदौर में मेट्रो का ट्रायल रन किया जाना है। इसकी तैयारी अंतिम चरण में है। [illegible] स्टेशन कॉन्ट्रैक्टर को निर्देशित किया है कि बचा हुआ काम जल्द पूरा कर [illegible] जल्द से जल्द बना दी जाए।

सुभाष नगर फाटक से एम्स तक मेट्रो के रूट तैयार होने के बाद अब मेट्रो ट्रेन आने का इंतजार है। इसके लिए भोपाल मेट्रो ऑरेंज लाइन के तीन कोच एल्सटॉम कंपनी वडोदरा से दो दिन पहले रवाना हो गए हैं। मेट्रो के डिब्बे की 2.9 मीटर चौड़ाई और 22 मीटर लंबाई है। इस सप्ताह के अंत तक यह ट्रेन आने की उम्मीद है। जबकि ट्रायल रन इस माह के अंत में शुरू हो जाएगा।

MPMETRO

METRO NEWS


13th SEPTEMBER,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 57 | पत्रिका | इंदौर | 13.09.2023 | 05 | ट्रैक पर थर्ड रेल को किया चार्ज, अन्य कामों में भी तेजी | Neutral |

पत्रिका



## ट्रैक पर थर्ड रेल को किया चार्ज, अन्य कामों में भी तेजी




**इंदौर @ पत्रिका.** मेट्रो के सेफ्टी रन के लिए ट्रैक पर थर्ड रेल को चार्ज कर मंगलवार को बिजली प्रभावित कर दी गई। दोपहर में सभी अधिकारी ट्रैक पर पहुंचे और थर्ड रेल को चार्ज करने के काम को पूरा किया। कानपुर की तर्ज पर इंदौर में मेट्रो को ऊपर से जाने वाली बिजली लाइन के बजाए पटरी के पास लगी थर्ड रेल लाइन से संचालित किया जाएगा। थर्ड रेल को चार्ज कर उसकी टेस्टिंग करने के बाद अफसर अब संतुष्ट है। बुधवार सुबह कुछ जांच के बाद यहां मेट्रो ट्रेन का संचालन कर सेफ्टी ट्रॉयल रन करने की संभावना है।



13/09/2023 | Indore City | Page : 2

Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 58 | पीपुल्स समाचार | इंदौर | 13.09.2023 | 05 | मेट्रो ट्रायल 'आप क्यू में हैं | Neutral |


पीपुल्स समाचार

इंदौर सिटी Page: 5 September 13, 2023


### मेट्रो सेफ्टी रन में पास, लेकिन ट्रॉयल रन के लिए अभी और करना पड़ेगा इंतजार

### अब 14 की जगह मप्र शासन 25 सितंबर के बाद दिखाएगा हरी झंडी

# मेट्रो ट्रॉयल 'आप क्यू में हैं'

### डिपो में रोज तीन से चार बार हो रहा सेफ्टी रन, अगर बारिश हुई तो आगे बढ़ जाएगा काम


पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर

मो.नं. 9926064287


मेट्रो ट्रॉयल 'आप क्यू में हैं'... जी हां, 14 सितम्बर को शुरू होने वाला ट्रॉयल रन अब 25 के बाद शुरू होने की जानकारी आ रही है। नगरीय प्रशासन विभाग को प्रोजेक्ट मेट्रो ट्रॉयल रन को लेकर शासन की हरी झंडी मिलने का इंतजार है। पूर्व में ट्रॉयल रन के लिए 14 सितम्बर की तारीख तय की गई थी। अब 25 सितम्बर के बाद गांधीनगर डिपो के स्टेशन से ट्रॉयल रन कराया जाएगा। इसे लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

कॉर्पोरेशन के एक अधिकारी ने बताया कि गांधीनगर से लेकर टीसीएस तक काम पूरा हो चुका है। तीन स्टेशनों पर एस्केलेटर लगाए जा चुके हैं। पांचों स्टेशनों पर पॉवर सप्लाय के काम जोरों पर चल रहा है। पांचों स्टेशनों के कुछ हिस्सों में वेल्डिंग और बिजली के काम किए जाना है। यह काम तभी संभव है, जब तीन से चार दिन बारिश न हो। अगर इस बीच बारिश होती है तो दोनों ही काम आगे बढ़ जाएंगे। अभी रोजाना तीन से चार बार सेफ्टी रन हो रहे हैं।



### निगम के बस स्टैंड की तैयारी

मेट्रो ट्रेन शुरू होने की हलचल के बीच अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस (एआईसीटीएसएल) मेट्रो के मुख्य स्टेशन के समीप बस स्टैंड का निर्माण करेगा। इसके लिए शीघ्र ही जगह का चयन किया जाएगा। स्टैंड से दो इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी। इन बसों के चलने से मेट्रो ट्रेन को अधिक यात्री मिल सकेंगे। आईसीटीएसएल के सूत्रों ने बताया कि मेट्रो ट्रेन स्टेशन के समीप जो बस स्टैंड बनेगा, वहां से दोनों बसों के अलग-अलग रूट रहेंगे। एक बस किशनपुरा, कालानी नगर, बड़ा गणपति की ओर तो दूसरी सुपर कॉरिडोर से लवकुश चौराहा, एमआर-10 होते हुए विजयनगर तरफ चलाई जा सकती है। इससे दोनों तरफ के यात्री मेट्रो का लाभ ले सकेंगे।

### 15 से 30 की स्पीड से दौड़ते देखेंगे मेट्रो

मेट्रो का सेफ्टी रन फिलहाल 10-15 की स्पीड पर हो रहा है। जैसे ही यह ट्रॉयल रन के पड़ाव में पहुंचेगी, इसकी स्पीड को दोगुना कर दिया जाएगा, यानि 30 किलोमीटर प्रति घंटा हो जाएगी। ट्रॉयल रन के लिए नगरीय प्रशासन विभाग का अमला अगले कुछ दिनों में सुपर कॉरिडोर पहुंचेगा। अमला यहां सेफ्टी रन के साथ ट्रॉयल के लिए ट्रेन की गति 30 किलोमीटर प्रतिघंटे का निरीक्षण करेगा। हालांकि, ट्रेन की पूर्ण रूप से संचालित होने पर यह गति 80 किलोमीटर हो जाएगी।

### इन क्षेत्रों को फायदा

मेट्रो ट्रेन चलने से सबसे अधिक फायदा एरोड्रम, बिजासन रोड, गांधीनगर, सुपर कॉरिडोर पर औद्योगिक इकाइयों के श्रमिकों, दो किलोमीटर दूर पालाखेड़ी स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के फ्लैट धारकों तथा लवकुश चौराहा से गांधीनगर तरफ आने वालों को होगा।

MPMETRO

METRO NEWS

14th SEPTEMBER,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 59 | पत्रिका | इंदौर | 14.09.2023 | 03 | 'घर' से निकली इठलाती, बलखाती.. ठाड़े रह गए लोग | Neutral |

इंदौर, गुरुवार, 14 सितंबर, 2023

# पत्रिका

**हमारी मेट्रो : ट्रैक पर जिधर से गुजरी, देखनेवालों की लग गई भीड़, मोबाइल फोन से वीडियो बनाते रहे लोग, लेते रहे सेल्फी**

## 'घर' से निकली इठलाती, बलखाती... ठाड़े रह गए लोग

*अलग-अलग गति से चलाकर इंजीनियरों ने की जांच*



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इंदौर.** अभी तक घर (डिपो) में ही रही मेट्रो ट्रेन कल पहली बार डिपो से निकलकर अपने ट्रैक पर दौड़ती नजर आई। गांधी नगर से लेकर सुपर कॉरिडोर के स्टेशन नंबर तीन तक ट्रेन दौड़ी। इंजीनियरों ने अलग-अलग गति से चलाकर उसकी जांच की। ट्रैक पर जब मेट्रो दौड़ लगाती नजर आई तो देखनेवाले ठिठक गए। सेल्फी-वीडियो बनाते रहे।

वैसे तो मेट्रो का ट्रायल रन सितंबर के दूसरे-तीसरे सप्ताह में होना था लेकिन किन्हीं कारणों से लेट किया जा रहा है। इससे पहले मेट्रो ट्रेन कंपनी भी मेट्रो की सेफ्टी ट्रायल लेकर पूरी तरह से आश्वस्त होना चाहती है। एक सप्ताह से ट्रेन को डिपो में चलाया जा रहा था, लेकिन बुधवार को उसे पहली बार असल ट्रैक पर लाया गया। डिपो से रैंप के माध्यम से उसे गांधी नगर स्टेशन पर लाकर बुधवार शाम 5 बजे के करीब सुपर कॉरिडोर की ओर चलाया गया। वह स्टेशन सुपर कॉरिडोर 6, 5, 4 और 3 तक पहुंची। इस बीच में अलग-अलग गति से उसे चलाया। इसमें इंजीनियर सवार थे, जो सारी गतिविधियों पर नजर रखे थे। ट्रेन ने करीब छह किमी सफर तय किया और वापस गांधी नगर स्टेशन होते हुए डिपो पहुंची।



| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 60 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 14.09.2023 | 01 | पहली बार.. ट्रैक पर हमारी मेट्रो, 25 मिनट में तय किया 12 किमी का फासला | Neutral |

दैनिक भास्कर इंदौर 14-09-2023 Pg-01

# पहली बार... ट्रैक पर हमारी मेट्रो, 25 मिनट में तय किया 12 किमी का फासला

**इंदौर**| इंदौर मेट्रो बुधवार को पहली बार डिपो से निकलकर स्टेशन की ओर बढ़ी। इसे ट्रैक पर चढ़ाया गया और 12 किमी तक चलाकर देखा गया। मेट्रो ने सुपर कॉरिडोर पर गांधीनगर स्टेशन से टीसीएस चौराहे तक का सफर 20 से 25 मिनट में तय किया। इसकी रफ्तार 8 से 10 किमी प्रति घंटा रखी गई। दरअसल, मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन रोज प्री-ट्रायल कर रहा है। बुधवार को इसे सुपर कॉरिडोर पर एलिवेटेड ट्रैक पर ले जाया गया। बाकायदा हर स्टेशन पर इसे रोका भी गया। इस रूट पर पांच स्टेशन है, जहां तक ट्रायल रन होगा। 9 सितंबर को पहली बार सेफ्टी ट्रायल किया गया था। मेट्रो के ट्रायल रन की तारीख अभी घोषित नहीं की गई है, लेकिन संभवतः महीने के आखिर में इसे चलाया जाएगा।



| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 61 | नई दुनिया | इंदौर | 14.09.2023 | 02 | पहली बार इंदौर की मेट्रो पहुंची स्टेशन | Neutral |


नईदुनिया
नई सोच, नया अंदाज
वर्ष 77 अंक 101
कुल पेज 20+ 4 = 24
नगर संस्करण
कीमत 5.00
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष अमावस्या सं. 2080
इंदौर, गुरुवार, 14 सितंबर, 2023
www.naidunia.com
इंदौर, भोपाल (नवदुनिया), जबलपुर, ग्वालियर, रायपुर और बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित





बुधवार दोपहर 2 बजकर 10 मिनट पर जैसे ही मेट्रो के कोच गांधी नगर स्टेशन पर पहुंचे, वहां मौजूद इंजीनियर और मजदूरों ने इस खास मौके पर तालियां बजाकर स्वागत किया। ●प्रफुल्ल चौरसिया आशु

# पहली बार इंदौर की मेट्रो पहुंची स्टेशन

उदय प्रताप सिंह ●इंदौर

डायनमिक टेस्ट के तहत मेट्रो कोच बुधवार को दो बजे गांधी नगर मेट्रो डिपो से रवाना हुए और पहली बार रैंप व वायडक्ट पर चलते हुए प्लेटफार्म पहुंचे। इस दौरान कोच व ट्रैक का फिटनेस परीक्षण भी हुआ। 8 से 9 किमी प्रतिघंटा की गति से चलते हुए करीब 1200 मीटर दूरी तय कर मेट्रो कोच छह मिनट में गांधी नगर स्टेशन तक पहुंचे। कोच के प्लेटफार्म पहुंचने पर इंजीनियर व स्टेशन का निर्माण कर रहे मजदूरों ने तालियां बजाकर स्वागत किया। गांधी नगर स्टेशन से सुपर कारिडोर स्टेशन नंबर-3 तक ट्रायल रन के 5.9 किमी के हिस्से में मेट्रो कोच चलाया गया। इस दौरान 10 से 11 किमी प्रतिघंटा की गति से चलते हुए 25 मिनट में पहुंचे। कोच पांचों स्टेशन पर भी रुका।

## पहली बार मेट्रो कोच ने तय की 12 किमी की दूरी

मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन लि. के डायरेक्टर सिस्टम शोभित टंडन के मुताबिक पहली बार मेट्रो कोच वायडक्ट, रैंप पर होकर मेट्रो स्टेशन तक पहुंचे। मेट्रो कोच के आने-जाने के दौरान 12 किमी की दूरी तय की। तीन से चार बार कोच को डिपो से स्टेशन लाकर टेस्टिंग की जाएगी। डिपो से वायडक्ट पर पहुंचने के लिए बना रैंप का ढलान 3.5 मीटर का है।



मेट्रो कोच बुधवार को पहली बार वायडक्ट चले और मेट्रो के प्लेटफार्म पर पहुंचे। नईदुनिया

## आरआरटीएस के ट्रेन आपरेटर ने चलाई मेट्रो

मेट्रो कोच को पहली बार रैंप व वायडक्ट पर पहुंचाने वाले ट्रेन आपरेटर सागर डंड थे। ये दिल्ली से मेरठ रूट पर चलने वाले आरआरटीएस के अंतर्गत 180 किमी प्रतिघंटा की गति से चलने वाली सेमी हाई स्पीड मेट्रो ट्रेन को चला चुके हैं।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 62 | नव भारत | इंदौर | 14.09.2023 | 02 | ट्रायल ट्रैक पर दौड़ी मेट्रो, डायनामिक टेस्ट किया | Neutral |





# ट्रायल ट्रैक पर दौड़ी मेट्रो, डायनामिक टेस्ट किया

इंदौर. बुधवार को पहली बार मेट्रो का डायनामिक टेस्ट किया गया. यह डायनामिक टेस्ट गांधी नगर स्टेशन से सुपर कॉरिडोर स्टेशन नंबर 3 तक ट्रायल रन के 5.9 किलोमीटर के हिस्से में चलाया गया. इस दौरान पहली बार गांधी नगर डिपो से वायडक्ट चले और मेट्रो प्लेटफार्म पर पहुंची. डायनामिक टेस्ट के तहत मेट्रो कोच बुधवार को 2 बजे मेट्रो डिपो से रवाना हुए. इस दौरान कोच की फिटनेस व ट्रैक की फिटनेस परीक्षण भी हुआ. 8 से 9 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से चलते हुए मेट्रो कोच 6 मिनट में गांधी नगर स्टेशन तक पहुंचे. बुधवार को जैसे ही कोच प्लेटफार्म पर पहुंचे मेट्रो के इंजीनियर व स्टेशन का निर्माण कर रहे मजदूरों ने तालियां बजाकर स्वागत किया। गांधी नगर स्टेशन से सुपर कॉरिडोर स्टेशन तक ट्रायल रन के 5.9 किलोमीटर के हिस्से में मेट्रो कोच चलाया गया. हर प्लेटफार्म पर कोच के पहुंचने पर उसके गेट की मार्किंग व प्लेटफार्म से दूरी का आकलन किया गया. बताते हैं कि आगामी दिनों में तीन से चार बार कोच को डिपो से स्टेशन तक लाकर टेस्टिंग की जाएगी.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 63 | Freepress | Indore | 14.09.2023 | 02 | The Metro rakes during the first safety run on Wednesday | Neutral |


# INDORE CITY

www.freepressjournal.in INDORE | THURSDAY | SEPTEMBER 14, 2023




The Metro rakes during the first safety trial run on Wednesday.

PICTURE BY ANAND SHIVRE

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 64 | नई दुनिया | इंदौर | 14.09.2023 | 01 | पहली बार.. ट्रेक पर हमारी मेट्रो, 25 मिनट में तय किया 12 किमी का फासला | Neutral |

इंदौर, शुक्रवार, 15 सितंबर, 2023

नईदुनिया सिटी

# इंदौर गढ़ रहा है देश के श्रेष्ठ इंजीनियर

**इंजीनियर दिवस आज : मध्यभारत में सर्वाधिक अभियंता तैयार कर रहा अपना शहर**

आदर्श कुमार सिंह

वर्तमान दौर इंजीनियरिंग और तकनीक का है। चाहे इंदौर में बनने वाली मेट्रो हो या प्रदेश की सबसे आधुनिक व अनूठी दिखने वाली बिल्डिंग विजयनगर स्थित अपोलो प्रीमियम टावर हो, ये सब श्रेष्ठ इंजीनियरिंग की वजह से ही संभव हो सके हैं। कमाल की बात यह है कि मध्य भारत के सबसे श्रेष्ठ और प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थान इंदौर में हैं। इनमें एसजीएसआइटीएस से लेकर अन्य तमाम कालेज शामिल हैं। ये संस्थान सामान्य विद्यार्थियों को श्रेष्ठ इंजीनियर में बदल देते हैं और देश को श्रेष्ठ इंजीनियर दे रहे हैं। यहां के इंजीनियर्स शहर की तरक्की व जल संरक्षण के लिए भी तकनीकी सपोर्ट देते रहे हैं। तेजी से बदल रहे इंदौर को एक दिशा देने का काम यहां के इंजीनियर्स ने ही किया है। आज देश भारतीय इंजीनियर भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की स्मृति में इंजीनियर दिवस मना रहा है। नईदुनिया ने इस अवसर पर उन इंजीनियर्स से बात की, जिन्होंने शहर के उत्थान के लिए कई प्रोजेक्ट चलाए।



## इंदौर, भोपाल मेट्रो में निभा रहे अहम भूमिका

मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड के डायरेक्टर सिस्टम शोभित टंडन। ● नईदुनिया

मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड के डायरेक्टर सिस्टम शोभित टंडन की इंदौर व भोपाल में मेट्रो ट्रेन के संचालन में अहम भूमिका है। एनआइटी भोपाल से बीटेक व आइआइटी दिल्ली से एमटेक के बाद उन्होंने 21 साल तक भारतीय रेल सेवा में काम किया। बेंगलुरु, अहमदाबाद में मेट्रो संचालन में इनकी अहम भूमिका रही। बीते चार वर्ष से ये भोपाल व इंदौर के मेट्रो प्रोजेक्ट से जुड़े हैं। मेट्रो प्रोजेक्ट के सिविल निर्माण कार्य के अलावा मेट्रो कोच के डिजाइन व निर्माण में भी इनकी अहम भूमिका है। इंदौर में भोपाल के मेट्रो प्रोजेक्ट में 150-150 इंजीनियर व कंसल्टेंट की टीम का वे नेतृत्व कर रहे हैं। इनके मार्गदर्शन में ही बड़ौदा के सावली में कोच के तैयार होने के बाद वहां से उन्हें इंदौर लाने के बाद स्टेबलिंग यार्ड में कोच को तैयार कर उसे डिपो व वायडक्ट से प्लेटफार्म तक चलाने का कार्य इंजीनियरों की टीम ने किया है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 65 | नई दुनिया | इंदौर | 15.09.2023 | 04 | अंडरग्राउंड मेट्रो के लिए गांधी हाल के पास हो रहा मृदा परीक्षण | Neutral |



## अंडरग्राउंड मेट्रो के लिए गांधी हाल के पास हो रहा मृदा परीक्षण



इंदौर। शहर में रीगल तिराहे से एयरपोर्ट के बीच 8.5 किलोमीटर में भूमिगत मेट्रो का संचालन होना है। रीगल से नगर निगम, एमजी रोड, बड़ा गणपति होते हुए एयरपोर्ट तक मेट्रो का रूट रहेगा। इस पर मेट्रो के नए अलाइनमेंट के अनुसार मृदा परीक्षण कार्य किया जा रहा है। गुरुवार को गांधी हाल के पास मृदा परीक्षण के लिए 30 मी . गहराई तक खोदाई की गई। ● राजू पवार

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 66 | पत्रिका | इंदौर | 14.09.2023 | 02 | ट्रायल ट्रैक पर दौड़ी मेट्रो, डायनामिक टेस्ट किया | Neutral |

पत्रिका

**#Engineer'sDay:** इंजीनियरिंग एवं तकनीक है खासियत, ट्रेन के कोच में आपत्तिजनक सामग्री का तुरंत मिलेगा अलर्ट

# ऊर्जा संरक्षण और सुरक्षा गारंटी का मॉडल है मेट्रो

प्रमोद मिश्रा
patrika.com

इंदौर. सालों बाद इंदौर में मेट्रो चलने का सपना साकार होने को है। दावा है, इंदौर और भोपाल में चलने वाली मेट्रो कोच विश्व मानक पर आधारित है। कोच लोगों की सुरक्षा की गारंटी के साथ ऊर्जा संरक्षण का मॉडल भी है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआइ) के जरिए अवरोध को देख ट्रेन का ब्रेक लगा देगी। सेफ्टी ट्रायल के बाद कमर्शियल रन की तैयारी है। एमडी मनीषसिंह की देख-रेख में इंदौर-भोपाल में करीब 10 हजार कर्मचारी काम कर रहे हैं और समय पर काम पूरा करने का दावा है।

क्यूआर कोड स्कैन कर वीडियो देखें...



*आज इंजीनियर्स डे है। पत्रिका ने इंदौर-भोपाल के मेट्रो कोच की विशेषता को लेकर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन मप्र के निदेशक (सिस्टम) शोभित टंडन से बात की। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (दिल्ली) से थर्मल इंजीनियरिंग में मास्टर्स डिग्री लेने वाले टंडन के मुताबिक, इंदौर-भोपाल की मेट्रो देश ही नहीं, दुनिया के अच्छे मानकों पर आधारित है।*



## मेट्रो कोच की बताईं ये खूबियां

- मेट्रो ऑटो मोड यानी बिना लोको पायलट चलने में सक्षम।
- लोगों की सुरक्षा की गारंटी व ऊर्जा संरक्षण।
- मेट्रो में सेंटर व एआइ आधारित सिस्टम में कैमरे लगे हैं। अगर ट्रैक पर तय दूरी पर दूसरी ट्रेन आ जाती है या अन्य कोई बाधा आती है तो खुद ही ट्रेन रुक जाएगी।
- ट्रेन खाली है या कोई अंदर है। अंदर कोई आपत्तिजनक सामग्री, विस्फोटक का खतरा है तो एआइ आधारित कैमरे सिस्टम को अलर्ट कर देंगे और ऐसी सामग्री को डिटेक्ट किया जा सकेगा। एआइ धीरे-धीरे खुद ही सिस्टम में सुधार करता है। भविष्य में ये सारे सिस्टम एक्टिवेट हो जाएंगे।
- कोच में ऊर्जा संरक्षण का सिस्टम भी इनबिल्ट है। ड्राइवर जिस ट्रेन में होता है, वह ऊंचाई, ढलान के आधार पर ऊर्जा का इस्तेमाल करता है। जहां ऊंचाई है, वहां ज्यादा ऊर्जा और जहां ढलान है वहां कम ऊर्जा ऑटोमैटिक तय होता है। रोशनी का इस्तेमाल भी इसी तरह होगा, इसे कास्टिंग कहा जाता है। यह इंजीनियरिंग व आधुनिक तकनीक का फायदा है।

## एक साथ 14 पाइलिंग मशीन व 7 लांचर का इस्तेमाल



- मेट्रो ट्रैक का काम शुरुआती दौर में धीमा था पर एक साल में इसमें तेजी आई और रिकॉर्ड समय में पूरा होने की स्थिति बनी। कुछ समय पहले तक जीएम (सिविल) का काम देखने रेलवे के रिटायर्ड डिप्टी चीफ इंजीनियर, गुजरात मेट्रो रेल में कार्य कर चुके **केसी चौहान** ने **पत्रिका** से ट्रैक को जल्द तैयार करने की तकनीक साझा की। चौहान ने बताया, टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से ही गांधीनगर डिपो व ट्रैक एक साल के रिकॉर्ड समय में तैयार हो सका है।
- गांधीनगर डिपो बनाने में करीब 70 मकान बाधक थे, इन्हें तोड़ा जाना तय था। ट्रैफिक के कारण काम नहीं हो पा रहा था। एमडी मनीषसिंह के निर्देश पर निगमायुक्त, अन्य अफसरों से बात की। 10 दिन में डायवर्सन का ट्रैक तैयार किया गया।
- डायवर्सन के बाद सुपर कॉरिडोर पर ट्रैफिक बंद कर 24 घंटे डिपो का काम करने के लिए ठेकेदार कंपनी को तैयार किया। करीब 70 मकान तोड़ने की स्थिति थी। टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर यार्ड की योजना में बदलाव किया, इसका फायदा रहा कि मकान भी बच गए और डिपो भी रिकॉर्ड समय में बन गया।
- दक्षिण भारत की बड़ी कंपनी के पास ट्रैक का ठेका था। कंपनी से बात कर एक साथ 14 पाइलिंग रिंग मशीन और 7 लांचर का इस्तेमाल किया। देश में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में मशीनरी का इस्तेमाल कर पाइलिंग व लॉन्चिंग एक साथ की, जिसका असर था कि एक साल में ट्रैक बन गया और अब टेस्टिंग की स्थिति बन गई है।

15/09/2023 | Indore City | Page : 8
Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 67 | पत्रिका | इंदौर | 15.09.2023 | 02 | मेट्रो कोच 17 को शहर में कारेने एंट्री | Neutral |

# भोपाल प्राइम
BHOPAL PRIME



## मेट्रो कोच 17 को शहर में करेंगे एंट्री

भोपाल . मेट्रो ट्रेन के ऑरेंज कोच भोपाल से करीब हैं। वड़ोदरा से ये आधी से अधिक दूरी तय कर चुके हैं। बताया जा रहा है कि 17 सितंबर की रात दो से तीन बजे के बीच ये सुभाष डिपो पहुंच सकते हैं। इससे पहले गुरुवार को मेट्रो ट्रेन कॉर्पोरेशन की टीम ने एक बार फिर से इसके रास्ते का मुआयना कर डिपो में कोच के ट्रॉलों के खड़े रहने और कोच को उतारने की स्थितियों को समझा। भोपाल में कोच पहुंचने के बाद इन्हें रैंप के जरिए सुभाष स्टेशन तक पहुंचाना और फिर ट्रेक पर सेफ्टी ट्रायल बड़ा काम होगा।23 सितंबर तक सेफ्टी समेत अन्य ट्रायल पूरे किए जाएंगे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 68 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 18.09.2023 | 01 | तीन कोच वाली मेट्रो 1100 किमी सफर कर भोपाल पहुंची, आज होगी अनलोडिंग | Neutral |

दैनिक भास्कर इंदौर 18-09-2023 Pg-01

### इंदौर में कोच की अनलोडिंग के 17 दिन बाद राजधानी की बारी

# तीन कोच वाली मेट्रो 1100 किमी सफर कर भोपाल पहुंची, आज होगी अनलोडिंग

**भास्कर न्यूज** | भोपाल. तीन कोच वाली भोपाल की पहली भगवा (नारंगी) मेट्रो ट्रेन रविवार को राजधानी में दाखिल हो गई। 42 टन वजनी हर कोच को 106 पहियों वाले ट्राले से 1,100 किमी का सफर तय करवाकर भोपाल लाया गया है। रविवार देर शाम ये सीहोर बॉर्डर पहुंचे। अंधेरा होते ही ट्राले भोपाल-सीहोर बॉर्डर पर रोक दिए गए।

ट्राले के साथ चल रही एक टीम ने यहां से सुभाष नगर डिपो तक पहुंचने वाले रूट का मुआयना किया फिर



सड़कों से ट्रैफिक कम होने पर ट्रेन को रात करीब ढाई बजे सुभाष नगर डिपो पर पहुंचाया गया। यहां सोमवार सुबह 10 बजे इन तीनों कोच को क्रेन की मदद से अनलोड किया जाएगा। बता दें कि इंदौर मेट्रो की कोच को 31 अगस्त को अनलोड किया गया था।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 69 | Freepress | Indore | 18.09.2023 | 01 | New journey awaits commuters with Metro rakes at city doorsteps | Neutral |


MADHYA PRADESH

INDORE | MONDAY | SEPTEMBER 18, 2023 www.freepressjournal.in


# New journey awaits commuters with Metro rakes at city doorsteps

## To be unloaded at Subash Nagar Metro depot at 10 am today

OUR STAFF REPORTER
city.bhopal@fpj.co.in



The much awaited Metro train coaches were on the way to reach the city on late Sunday evening. The officials of the Metro project said that Metro train, being brought on a big trailer, will enter Bhopal at 12 midnight and will reach Subash Nagar depot around 2.30 am.

Till the filing of the story they were yet to reach the city. It took at least five days for Metro train to reach Bhopal from the manufacturing unit situated at Savli in Gujarat.

The big trailer carrying Bhopal Metro Train entered from Bhauri bypass and reached Subash Nagar depot via Anna Nagar. The trailer carrying Metro train entered the city after 12 pm.

Now it would be at 10 am on Monday that Metro train coaches comprising engine will be unloaded at Subash Nagar Metro depot. Thereafter, the work of assembling Metro coaches will be done.

At least eight to ten days are needed for assembling of metro coaches after which safety trial run will be done to check the safety procedures. Later on, time will be taken from Chief Minister Shivraj Singh Chouhan for the inauguration of Metro trial. The trial run of Metro train will be done from Subash Nagar depot till Rani Kamlapati Railway Station. The Metro train colour is orange. The length of coach is 22 metres and width is 2.9 metres. They are equipped with modern facilities. Bhopal Metro phase 1 will have two lines including Line 2 (Orange Line) and Line 5 (Blue Line). The Orange Line will be between Karond Circle and AIIMS. The Blue Line will be between Bhadbhada Square and Ratnagiri Tiraha.

People are eagerly waiting to see that how Metro train of city will look in actuality. However they are having the idea of Bhopal Metro train as they have already seen the Metro model which has been installed at Smart City Park. The metro train project is a dream project of Bhopal and citizens are waiting with eagerness to travel in the metro. The metro trial run will pave the way for the operation of Bhopal Metro.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 70 | Freepress | Indore | 19.09.2023 | 03 | 3 COACHES UNLOADED AT METRO DEPOT | Neutral |

MADHYA PRADESH
INDORE | TUESDAY | SEPTEMBER 19, 2023 www.freepressjournal.in

# 3 COACHES UNLOADED AT METRO DEPOT

## TRIAL RUN BY MONTH END



OUR STAFF REPORTER
city.bhopal@fpj.co.in

Three coaches of Bhopal Metro train were unloaded at Subhash Nagar Metro depot on Sunday. The first coach was unloaded at about 10.42 am. Now, the trial run of Metro Train is awaited, which is expected by month end. The commercial operation of Metro Train is likely in May and June.

The three coaches were unloaded from lorry with the help of cranes in presence of senior officials of Madhya Pradesh Metro Train Corporation Limited.

According to Shobit Tandon, Director System, Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited, 15 to 20 days are taken for assembling Metro coaches but efforts will be done to complete it fast so that trial run can be held by September end.

Before that, safety trial will be conducted. The three coaches of Metro train will accommodate 900 passengers.

The trial run will be held on 6KM long railway track from Subash Nagar to Rani Kamlapati Railway Station.

The Metro Project is likely to be completed by 2026. After trial run, the Metro track will be extended till AIIMS. The work of manufacturing Bhopal Metro Coaches was started in March by Alstom Company at its plant in Savli, Gujarat.

Efforts are underway to complete other works of Metro project at a lightning speed.

The length of Metro Coach is 22 metres and width is 2.9 metres. Each Metro Coach will have seating capacity of 50 people and standing capacity of around 300 people. Bhopal Metro Train is based on high level modern technique. It is equipped with AI technique, LED, AC coaches, intelligent CCTV system, train control and management system, cyber security etc.

## 27 MORE PROPOSED

At least 27 more Metro trains are proposed in Bhopal. "These trains will run on two tracks and will be available in the gap of two to three minutes. They will significantly reduce the traffic pressure on roads as people would prefer Metro to avoid traffic chaos," said an official of MP Metro Train Corporation Ltd.

## TWO LINES

Bhopal Metro will have two lines Orange and Blue Line. The orange line will connect Karondh Circle with AIIMS while Blue Line will connect Bhadbhada Square with Ratnagiri Trisection. There will be 28 Metro stations in the city.


| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 71 | पीपुल्स समाचार | इंदौर | 19.09.2023 | 02 | मेट्रो स्टेशन के शेड लगे, पटरियों के पास पास रेलिंग का काम तेज | Neutral |

INDOREPRIME
इंदौर प्राइम



सीएम की मौजूदगी में 27 या 30 को ट्रायल की तैयारी


# मेट्रो स्टेशन के शेड लगे, पटरियों के पास रेलिंग का काम तेज




इंदौर @ पत्रिका. मेट्रो कोच के ट्रायल के बाद अब स्टेशन के काम में तेजी लाई जा रही है। गांधीनगर के पास के डिपो में शेड लग गए हैं, पटरियों के पास रेलिंग भी लगा दी है। एस्केलेटर भी शुरू हो गए हैं।

अब सारा जोर स्टेशन का काम पूरा करने में है। स्टेशन के काम में रुकावट न आए, इसलिए कोच के आगे की ट्रायल भी नहीं की जा रही है। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी मनीषसिंह के मुताबिक, सभी काम चल रहे हैं। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की उपस्थिति में 27 सितंबर या 30 सितंबर को ट्रायल होगा, इस आधार पर काम चल रहा है।

**डबल डेकर ब्रिज का भूमिपूजन 30 को संभव:** आईटीए लवकुश चौराहे पर डबल डेकर ब्रिज बनने वाला है, एजेंसी तय हो चुकी है। 30 सितंबर को मुख्यमंत्री की उपस्थिति में भूमिपूजन की तैयारी है। इसी दिन नायता मुंडला बस स्टैंड और स्विमिंग पूल का भी लोकार्पण संभावित होने से तेजी से काम चल रहा है।



## सिग्नल भी लगाए

स्टेशन के ऊपरी हिस्से में रेलिंग लगाकर पटरियों को सुरक्षित किया है, क्योंकि रेल से बिजली प्रवाहित होने के कारण पहले रेलिंग लगाई है ताकि लोग आगे तक न जा सकें। सिग्नल भी लगा दिए गए हैं। एस्केलेटर ने भी काम करना शुरू कर दिया है। अन्य दो स्टेशन का काम भी चल रहा है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 72 | पीपुल्स समाचार | इंदौर | 20.09.2023 | 03 | मेट्रो: ट्रेन को सेफटी रन के बाद अब ट्रायल रन का इंतज़ार | Neutral |

बदलते ज़माने का अख़बार
पीपुल्स समाचार

इंदौर सिटी Page: 3 September 20, 2023

# मेट्रो ट्रेन को सेफ्टी रन के बाद अब ट्रायल रन का इंतजार



पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9926064287

स्मार्ट सिटी के बहुप्रतीक्षित मेट्रो ट्रेन का सेफ्टी रन लगातार चल रहा है। मेट्रो ट्रेन कारपोरेशन को अब ट्रायल रन का इंतजार है। सेफ्टी रन के साथ ही अन्य तैयारियां भी पूर्ण की जा रही हैं। मुख्य स्टेशन पर शेड बिछाने सहित अन्य बचे हुए कामों को जोरशोर से किया जा रहा है।

मेट्रो ट्रेन कारपोरेशन से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि एक सप्ताह पहले बड़ौदा के सांवली जिले से आए तीन कोचों से सेफ्टी रन किया गया था। यह सेफ्टी रन रोजाना 1500 से 3000 मीटर तक किया जा रहा है। कुछ दिन पहले कोचों को रैम्प (ऊंचाई) तक चलाया गया था, ताकि लोड क्षमता की जांच हो सके। इधर, गांधीनगर में मुख्य स्टेशन पर शेड बिछते ही बिजासन पहुंच मार्ग और एयरपोर्ट तक अंडर ग्राउंड लाइन बिछाने का काम शुरू किया जाएगा। इस काम का सर्वे और मिट्टी परीक्षण हो चुका है। एयरपोर्ट पर भी स्टेशन बनाया जाना प्रस्तावित है। स्टेशन बनने से विमान से आने वाले यात्री मेट्रो का सफर कर सकेंगे।

**पूर्व में ऊपर बनाने की योजना**-मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट का काम शुरू होने के दौरान अधिकारियों को कहा गया था कि गांधीनगर स्टेशन से एयरपोर्ट तक जमीन के ऊपर मेट्रो की लाइन बिछाई जाएगी, लेकिन सर्वे के बाद कारपोरेशन के अधिकारी इस पर सहमत नहीं हुए। उनका कहना था कि गांधीनगर से एयरपोर्ट तक यदि जमीन के ऊपर मेट्रो निकाली तो बड़े यात्री वाहनों को आवाजाही में दिक्कत होगी। इसलिए अंडरग्राउंड करना उचित रहेगा।


| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 73 | पत्रिका | इंदौर | 20.09.2023 | 04 | 27 या 30 को हो सकता है मेट्रो कोच का ट्रायल, तैयारियां तेज | Neutral |





सीएम के आने के पहले फिर होगा सेफ्टी ट्रायल

# 27 या 30 को हो सकता है मेट्रो कोच का ट्रायल, तैयारियां तेज



इंदौर @ पत्रिका. मुख्यमंत्री की उपस्थिति में 27 या 30 सितंबर को मेट्रो कोच का ट्रायल होना है। मेट्रो रेल कार्पोरेशन के अफसरों ने सीएम के आगमन को ध्यान में रखते हुए स्टेशन के बचे काम जल्द पूरा करने में ताकत लगा दी है। सीएम के आने के पहले एक बार फिर पूरे ट्रैक पर मेट्रो का सेफ्टी ट्रायल होगा।

भोपाल में कोच आने पर वरिष्ठ अधिकारी वहां गए थे। भोपाल में अफसरों को कहा गया है कि इस माह सीएम के सामने ट्रायल होना है, उनके आने के पहले पूरा काम कर लिया जाए। तीन स्टेशन के काम तेजी से किए जा रहे हैं। अफसरों के मुताबिक, ट्रैक पर सेफ्टी ट्रायल और होना है पर काम प्रभावित न हो, इसे ध्यान में रखते हुए अभी स्टेशन को तैयार किया जा रहा है। जैसे ही मुख्य काम हो जाएंगे एक बार फिर ट्रैक पर सेफ्टी ट्रायल होगा।

MP METRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 74 | पत्रिका | इंदौर | 22.09.2023 | 03 | अंडरग्राउंड ट्रैक के लिए एमजी रोड पर शुरू हुआ मिट्टी परीक्षण | Neutral |




पत्रिका. इंदौर, शुक्रवार, 22 सितंबर 2023

**मेट्रो कॉर्पोरेशन ने जयपुर की कंपनी को सौंपा काम**

# अंडरग्राउंड ट्रैक के लिए एमजी रोड पर शुरू हुआ मिट्टी परीक्षण

**इंदौर@पत्रिका.** मेट्रो के अंडर ग्राउंड ट्रैक के लिए मिट्टी का परीक्षण किया जा रहा है। मेट्रो कॉर्पोरेशन ने जयपुर की कंपनी को काम सौंपा है। कंपनी हाई कोर्ट के सामने एमजी रोड पर भी मिट्टी की जांच कर रही है।

मेट्रो के तीसरे चरण में एमजी रोड पर मॉल के पास से अंडर ग्राउंड ट्रैक का निर्माण होना है। एमजी रोड पर रीगल तिराहे से अंडर ग्राउंड ट्रैक को टर्न लेकर नगर निगम की ओर ले जाकर छोटा गणपति होकर बड़ा गणपति चौराहे से एयरपोर्ट तक बनाया जाएगा। पहले नगर निगम के सामने व राम बाग में मिट्टी परीक्षण किया जा रहा था। अब एमजी रोड पर हाई कोर्ट के सामने भी परीक्षण का काम शुरू हो गया है। रीगल



टॉकीज के बाहर भी मिट्टी का परीक्षण हो रहा है। जयपुर की लैब में जांच होगी, जिसके आधार पर आगे काम चालू होगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 75 | पत्रिका | इंदौर | 23.09.2023 | 10 | मेट्रो के शेड हटे, नजर आने लगी चौड़ी सड़क | Neutral |

पत्रिका

27 या 30 सितंबर को होना है ट्रायल

# मेट्रो के शेड हटे, नजर आने लगी चौड़ी सड़क



**इंदौर @ पत्रिका.** विजयनगर चौराहे से रेडिसन चौराहे की ओर मेट्रो कॉरिडोर पर काफी समय से लगे शेड को हटा दिया गया है। शेड हटने से चौड़ी सड़क नजर आने लगी है। इस क्षेत्र में मेट्रो वायडक्ट का काम पूरा हो गया है। ट्रैफिक में आ रही परेशानी को देखते हुए शेड हटाए गए हैं। सुपर कॉरिडोर में भी शेड हटाने का काम किया जाएगा। मेट्रो के ट्रायल नजदीक होने से गांधीनगर से 5.9 किमी इलाके में तेजी से काम चल रहा है। 27 या 30 सितंबर को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की उपस्थिति में ट्रायल होना है।

23/09/2023 | Indore City | Page : 10
Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 76 | पीपुल्स समाचार | इंदौर | 24.09.2023 | 3 | मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन 30 को होना तय | Neutral |



# मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन 30 को होना तय



### सीएम के यह कार्यक्रम भी

- मेट्रो ट्रेन के ट्रायल रन के बाद मुख्यमंत्री लवकुश चौराहा पर आईडीए द्वारा प्रस्तावित शहर के पहले डबलडेकर ब्रिज निर्माण का भूमिपूजन करेंगे।
- राऊ में फ्लायओवर ब्रिज निर्माण का भूमिपूजन।
- इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा पीपल्याहाना में बनाए गए अंतरराष्ट्रीय स्विमिंग पूल का लोकार्पण।

### इस पर अभी विचार नहीं

इंदौर विकास प्राधिकरण ने कुछ माह पहले आरटीओ के समीप नायता मुंडला बस स्टैंड का निर्माण किया था। यहां से इटारसी, होशंगाबाद रूट पर 600 बसें चलाई जाएंगी। आरई-2 की सड़क का काम अधूरा होने से बस स्टैंड शुरू नहीं हो पाएगा। अधिकारियों की मानें तो अक्टूबर में अधूरी सड़क का काम पूरा होगा यानी बस स्टैंड से बसें चुनाव खत्म होने के बाद चल सकेंगी।

बाद कारपोरेशन ने नगरीय प्रशासन विभाग को ट्रायल रन को लेकर आग्रह किया था।

लवकुश चौराहे पर होगा काम- मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन होने के बाद कारपोरेशन का मुख्य फोकस सुपर कॉरिडोर के अंतिम छोर लवकुश चौराहा पर रहेगा। यहां स्टेशन के साथ लाइन बिछाने का काम शुरू किया जाना है। अभी तक चौराहा पर स्टेशन और लाइन को लेकर किसी प्रकार की हलचल नहीं है। केवल इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा चौराहे पर फ्लायओवर ब्रिज का निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 77 | नई दुनिया | इंदौर | 25.09.2023 | 4 | मेट्रो का ट्रायल रन 30 सितंबर को | Neutral |

नईदुनिया

इंदौर, सोमवार, 25 सितंबर, 2023

इंदौर सिटी

# मेट्रो का ट्रायल रन 30 सितंबर को

## पीथमपुर से महाकाल मंदिर तक आरआरटीएस की सीएम करेंगे घोषणा

**इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में 30 सितंबर को मेट्रो ट्रेन का गांधी नगर डिपो से सुपर कारिडोर स्टेशन नंबर 3 के बीच 5.9 किलोमीटर हिस्से में ट्रायल रन किया जाएगा। ट्रेन की रफ्तार 10 से 15 किमी प्रतिघंटा रहेगी। डेढ़ से दो हजार लोगों को भी इसे देखने का मौका मिलेगा। ट्रायल रन के रूट पर मेट्रो के पांचों स्टेशनों को तैयार किया जा रहा है।

मेट्रो को डायनामिक टेस्ट के तहत 13 सितंबर को वायडक्ट पर ले जाया जा चुका है। अब ट्रायल रन के पूर्व दो से तीन बार मेट्रो को ट्रायल रन रूट पर चलाया जाएगा। ट्रायल रन के मौके मुख्यमंत्री पीथमपुर से राऊ होते हुए राजवाड़ा, लवकुश चौराहे से उज्जैन महाकाल मंदिर तक रैपिड रेल ट्रांजिस्ट सिस्टम (आरआरटीएस) की घोषणा भी करेंगे। दिल्ली मेट्रो रेल कार्पोरेशन कंसल्टेंट(डीएमआरसी) द्वारा इसका सर्वे किया जा चुका है। पीथमपुर से राऊ तक आरआरटीएस का निर्माण किया जाएगा। राऊ से शहर में राजवाड़ा होते हुए लवकुश चौराहे तक इंदौर मेट्रो का हिस्सा होगा। इसके बाद लवकुश चौराहे से उज्जैन महाकाल मंदिर तक आरआरटीएस का रूट होगा।

**दिखने लगा स्वरूप :** गांधी नगर स्टेशन व सुपर कारिडोर स्टेशन नंबर 3 के प्लेटफार्म पर शेड लगाने का कार्य पूर्ण हो गया है। गांधी नगर स्टेशन पर एक एस्केलेटर, दो सीढ़ियां, आगम और निर्गम द्वार तैयार हो गए हैं। रंगरोगन, पालिशिंग व सफाई का काम किया जा रहा है। मेट्रो के स्टेशन नंबर 3 के प्लेटफार्म पर शेड लगाने का काम पूर्ण हो गया है।



ट्रायल रन के पहले तैयार हो गए हैं मेट्रो के प्लेटफार्म। ● सौ. मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन लि.

### शहर के मेट्रो रूट से जुड़ेगा आरआरटीएस

पीथमपुर से राऊ तक : दूरी 29 किमी (आरआरटीएस)

राऊ से राजवाड़ा होते हुए लवकुश चौराहा: दूरी करीब 15 किमी (इंदौर मेट्रो)

लवकुश चौराहे से उज्जैन महाकाल मंदिर: दूरी 49 किमी (आरआरटीएस)

> ट्रायल रन को लेकर हमारी तैयारी पूर्ण हो चुकी है। प्लेटफार्म पर मंगलवार से सफाई और सजावट का कार्य किया जाएगा। आयोजन की तैयारी की जाएगी।
>
> – शोभित टंडन, डायरेक्टर टेक्निकल, मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन लि.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 78 | पीपुल्स समाचार | इंदौर | 25.09.2023 | 11 | मेट्रो ट्रायल रन: एक-दो दिन मे तय होगी कार्यक्रम की रूपरेखा | Neutral |

बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार

न्यूज़ पोर्टल राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय प्रादेशिक खेल व्यापार

इंदौर सिटी Page: 11 September 25, 2023

## देखने के लिए हजारों की संख्या में पहुंचेंगे लोग

# मेट्रो ट्रायल रन : एक-दो दिन में तय होगी कार्यक्रम की रूपरेखा

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9926064287



स्मार्ट सिटी के बहुप्रतीक्षित मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के प्रथम चरण का काम अंतिम दौर में पहुंच चुका है। इसी सप्ताह के अंत में ट्रायल रन को प्रदेश के मुखिया हरी झंडी देंगे। ट्रायल रन को लेकर कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा एक-दो दिन में तय हो जाएगी। मेट्रो ट्रेन कॉरपोरेशन इस कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने में कोई कसर बाकी नहीं रखेगा। कार्यक्रम स्थल पर हजारों लोग पहुंचेंगे। वहीं, विधानसभा टिकट के दावेदारों का नाम फाइनल नहीं हुआ तो वे शक्ति प्रदर्शन भी करेंगे।

मुख्यमंत्री के सपनों का शहर शीघ्र ही दिल्ली, मुंबई की तरह मेट्रो ट्रेन वाले शहरों की सूची में शामिल हो जाएगा। इसके लिए कॉरपोरेशन से जुड़े अधिकारी नगरीय प्रशासन विभाग के आदेश के परिपालन में तेजी से काम कर रहे हैं। पहले चरण में ट्रेन संचालन का काम सुपर कॉरिडोर पर पूरा हो चुका है। यहां 11 किलोमीटर क्षेत्रफल में 9 स्टेशन बनाए गए हैं। मुख्य स्टेशन गांधीनगर में तैयार किया गया है।

सूत्रों ने बताया कि ट्रायल रन कार्यक्रम को प्रदेश स्तरीय बनाया जा सकता है। पूर्व में सुपर कारीडोर पर लाडली बहना योजना कार्यक्रम आयोजित की तरह ट्रायल रन कार्यक्रम होगा। लाडली बहना कार्यक्रम में 10 हजार महिलाएं इकट्ठा हुई थी। कारपोरेशन की कोशिश रहेगी, उनती ही संख्या में दोबारा यहां भीड़ जुटाई जाएगी। हालांकि, इसके लिए वह प्रशासन से मदद लेगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 79 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 25.09.2023 | J4 | 2 दिन बाद मेट्रो ट्रेन को फिर वायाडक्ट पर चलाकर देखें | Neutral |

दैनिक भास्कर इंदौर 25-09-2023

Pg-J4

**ट्रायल की तैयारी**

# 2 दिन बाद मेट्रो ट्रेन को फिर वाया डक्ट पर चलाकर देखेंगे

भास्कर संवाददाता | इंदौर

सुपर कॉरिडोर पर प्रस्तावित मेट्रो के ट्रायल रन की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। अधिकारियों के मुताबिक 30 सितंबर को इसका ट्रायल रन संभावित है। स्टेशन का काम होने के कारण मेट्रो कोच को वाया डक्ट पर नहीं चलाया जा रहा है। पिछले हफ्ते 6 किमी के ट्रैक पर मेट्रो को चलाया गया था। अभी सिविल वर्क पूरा नहीं हुआ है, लेकिन गांधी नगर स्टेशन और टीसीएस चौराहे के स्टेशन का काम पहले किया जा रहा है, ताकि ट्रायल रन हो सके। ट्रायल रूट पर कुल 5 स्टेशन हैं। सिविल वर्क से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि हमारी तैयारी पूरी है। 27 से 30 सितंबर के बीच ट्रायल रन होना है। गांधी नगर स्टेशन पर शेड का काम हो गया है। स्टेयर केस बन गया है। रैलिंग भी लग गई है। एंट्री व एग्जिट और ग्रेनाइट लग चुका है। स्टेशन के अंदर पेंटिंग का काम हो गया है। टीसीएस चौराहे पर सीढ़ियां, दो एस्केलेटर लग चुके हैं।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 80 | नई दुनिया | इंदौर | 26.09.2023 | 4 | मेट्रो मे उपचारित पआणि का हो रहा उपयोग | Neutral |

नईदुनिया
इंदौर, मंगलवार, 26 सितंबर, 2023
इंदौर सिटी

# मेट्रो में उपचारित पानी का हो रहा उपयोग

## ट्रायल रन के पहले प्लेटफार्म का कार्य पूर्ण करने की कवायद



ट्रायल रन के पहले मेट्रो के स्टेशन नंबर 3 के प्लेटफार्म व पटरियों के बीच सुरक्षा के लिए रेलिंग लगाई गई और शेड भी तैयार कर दिया गया है। ● नईदुनिया

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। मेट्रो प्रोजेक्ट के निर्माण में सीवरेज के उपचारित पानी का उपयोग किया जा रहा है। यह शहर में जल संरक्षण का अनूठा प्रयास है। नगर निगम के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से हर दिन 40 हजार लीटर उपचारित पानी मेट्रो निर्माण के लिए दिया जा रहा है। हर माह इस प्रोजेक्ट में 1 लाख 20 मिलियन लीटर उपचारित पानी का उपयोग किया जा रहा हैं। इस वजह से मेट्रो के निर्माण में पेयजल के उपयोग में आने वाले पानी का कम मात्रा में उपयोग किया जा रहा है।

मेट्रो प्रोजेक्ट के निर्माण के साथ इसके माध्यम से वर्षा के जल को सहेजने की योजना भी बनाई गई है। मेट्रो प्रबंधन के अधिकारियों के मुताबिक मेट्रो के वायडक्ट पर पाइप लाइन के माध्यम से वर्षा के पानी को जमीन में रेन वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से उतारा जाएगा। इसके अलावा मेट्रो डिपो परिसर में भी वर्षा के जल को भूमि में पहुंचाने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य किए जाएंगे। सोमवार को इंदौर आए एनजीटी के मुख्य बेंच के सदस्य डा. अफरोज अहमद ने दिल्ली मेट्रो की तर्ज पर इंदौर मेट्रो में वर्षा जल को जमीन में सहेजने का सुझाव दिया।

**सुरक्षा के लिए लगाई रेलिंग :** 30 सितंबर को इंदौर में मुख्यमंत्री के हाथों मेट्रो का ट्रायल रन होगा। गांधी नगर स्टेशन व सुपर कारिडोर स्टेशन नंबर 3 पर मेट्रो कोच पहुंचेंगे। जिस प्लेटफार्म पर कोच खड़ा रहेगा, वहां सुरक्षा की दृष्टि से रेलिंग लगाई गई है।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 81 | पत्रिका | इंदौर | 26.09.2023 | 4 | मेट्रो का हुआ फिर सेफ़्टी रन, 30 को सीएम के सामने होगा ट्रायल | Neutral |


INDORE PRIME
इंदौर प्राइम
पत्रिका
इंदौर, मंगलवार, 26 सितंबर 2023


#IndoreMetro

डबल डेकर ब्रिज के साथ कई विकास कार्यों का सीएम करेंगे शुभारंभ

# मेट्रो का हुआ फिर सेफ्टी रन, 30 को सीएम के सामने होगा ट्रायल


पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com


इंदौर. मेट्रो कोच को सोमवार को ट्रैक पर चलाकर फिर से सेफ्टी रन किया गया। मंगलवार को भी यह जारी रहेगा। 30 सितंबर को सीएम शिवराजसिंह चौहान की उपस्थिति में ट्रायल होना तय है। इसे ध्यान में रखते हुए सभी तैयारियां की जा रही हैं। इस दिन मुख्यमंत्री लवकुश चौराहे पर डबल डेकर ब्रिज के साथ ही मास्टर प्लान की सड़कों सहित अन्य विकास कार्यों का भी शुभारंभ करेंगे। अंतरराष्ट्रीय स्वीमिंग पुल का लोकार्पण भी वे करेंगे। मुख्यमंत्री 30

## अंतरराष्ट्रीय स्वीमिंग पुल का भी होगा लोकार्पण

सितंबर को शाम 5 बजे इंदौर आ के बाद रात करीब 11 बजे त अलग-अलग विकास कार्यों क शुभारंभ करेंगे। शुरुआत में 5 बजे मेट्रो के ट्रायल के लिए गांधीनग जाएंगे। करीब दो घंटे वहां रहेंगे मेट्रो कॉरपोरेशन के अधिकारियों 30 को ट्रायल की संभावना होने प सोमवार से गांधीनगर से लगे ती स्टेशन का काम तेज हो गया है एस्केलेटर चालू कर दिए हैं, स्टेश के शेड लगाने का काम भी तेजी चल रहा है।



**करीब 900 करोड़ के विकास कार्यों का होगा श्रीगणेश**

मेट्रो के ट्रायल के साथ ही मुख्यमंत्री 30 सितंबर को करीब 900 करोड़ के विकास कार्यों का शुभारंभ करेंगे। लवकुश चौराहे पर डबल डेकर ब्रिज का भूमिपूजन, राऊ रेती मंडी के ओवरब्रिज का भूमिपूजन, पीपल्याहाना चौराहे के पास अंतरराष्ट्रीय स्वीमिंग पुल का लोकार्पण भी वे करेंगे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 82 | राज एक्स्प्रेस | इंदौर | 26.09.2023 | 4 | 30 को मेट्रो का डाइनैमिक टेस्ट | Neutral |



### आज से स्टेशनों की साफ-सफाई और सजावट का काम शुरू होगा

# 30 को मेट्रो का डायनॉमिक टेस्ट

इंदौर ■ राज न्यूज नेटवर्क



मेट्रो रेल का काम पिछले कुछ महीनों से बहुत तेजी से चल रहा है और कोच को पटरी पर उतारने तथा एक बार ट्रायल करने के बाद अब आगामी 30 सितंबर को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की उपस्थिति में मेट्रो का ट्रायल रन होगा। इसके लिए तैयारियां शुरू की जा चुकी है।

इंदौर में मेट्रो ट्रेन को विधानसभा चुनाव से पहले शुरू करने की मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद से ही सरकार ने इसके काम की गति तेज कर दी थी। मेट्रो का काम समय पर पूरा करने के लिए कुछ माह पहले एमडी बदलकर इंदौर कलेक्टर रहे मनीषसिंह को जिम्मेदारी सौंपी जिसके बाद उन्होंने यहां पहले से दोगुना कर्मचारी लगवाकर काम की गति बढ़ाई और सितंबर के पहले पखवाड़े में कोच डिपो से बाहर ट्रैक पर निकाले गए। अब मेट्रो ट्रेन को डायनॉमिक टेस्ट के लिए पिछले दिनों वायडक्ट पर ले जाने के बाद सुपर कॉरिडोर पर पांच स्टेशनों का काम भी लगभग पूरा हो चुका है। डायनॉमिक टेस्ट के लिए कोच और ट्रैक की फिटनेस का परीक्षण किया जा चुका है। जबकि आगामी 30 सितंबर को मुख्यमंत्री की उपस्थिति में गांधीनगर डिपो से निकालकर ट्रायल रन लिया जाएगा। इससे पूर्व ट्रेन को दो-तीन बार ट्रायल रन रूट पर चलाया जाएगा। वह मेट्रो रेल कार्पोरेशन के शोभित टंडन ने बताया कि ट्रायल रन की तैयारी पूरी हो चुकी है और आज से प्लेटफार्म पर सफाई और सजावट का काम शुरू कर आयोजन की तैयारी की जाएगी।

फिटनेस परीक्षण के दौरान सुपर कॉरिडोर पर 5.9 किलोमीटर में 8 से 9 किलोमीटर प्रतिघंटा की स्पीड से मेट्रो चलाई गई थी। जबकि डायनॉमिक टेस्ट के दौरान गांधी नगर डिपो से निकलकर इसी ट्रैक पर तीन नंबर स्टेशन तक 5.9 किमी में मेट्रो की स्पीड 12 से 15 किमी प्रति घंटा रहेगी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 83 | प्रदेश टुडे | इंदौर | 25.09.2023 | 08 | इंदौर मे मेट्रो का ट्रायल रन 30 सितंबर को पाँ स्टेशन सजकर हो रहे तैयार | Neutral |


सिटी

8 प्रदेश टुडे इंदौर, मंगलवार, 26 सितंबर 2023


# इंदौर में मेट्रो का ट्रायल रन 30 सितंबर को, पांच स्टेशन सजकर हो रहे तैयार

इंदौर। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में 30 सितंबर को मेट्रो ट्रेन का गांधीनगर डिपो से सुपर कारिडोर स्टेशन नंबर 3 के बीच 5.9 किलोमीटर हिस्से में ट्रायल रन किया जाएगा। ट्रेन की रफ्तार 10 से 15 किमी प्रतिघंटा रहेगी। डेढ़ से दो हजार लोगों को भी इसे देखने का मौका मिलेगा। ट्रायल रन के रूट पर मेट्रो के पांचों स्टेशनों को तैयार किया जा रहा है। मेट्रो को डायनामिक टेस्ट के तहत 13 सितंबर को वायडक्ट पर ले जाया जा चुका है। अब ट्रायल रन के पूर्व दो से तीन बार मेट्रो को ट्रायल रन रूट पर चलाया जाएगा। ट्रायल रन के मौके मुख्यमंत्री पीथमपुर से राऊ होते हुए राजवाड़ा, लवकुश चौराहे से उज्जैन महाकाल मंदिर तक रैपिड रेल ट्रांजिस्ट सिस्टम (आरआरटीएस) की घोषणा भी करेंगे।



## शहरी रूट होगा मेट्रो का हिस्सा

दिल्ली मेट्रो रेल कार्पोरेशन कंसल्टेंट (डीएमआरसी) द्वारा इसका सर्वे किया जा चुका है। पीथमपुर से राऊ तक आरआरटीएस का निर्माण किया जाएगा। राऊ से इंदौर में राजवाड़ा होते हुए लवकुश चौराहे तक इंदौर मेट्रो का हिस्सा होगा। इसके बाद लवकुश चौराहे से उज्जैन महाकाल मंदिर तक आरआरटीएस का रूट होगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 84 | Navbharat | Indore | 29.09.2023 | 04 | मेट्रो ट्रायल एन के साक्षी बनें , संस्था के लोग | Neutral |



# मेट्रो ट्रायल रन के साक्षी बनेंगे हर वर्ग, संस्था के लोग

**मेजबान बनकर अपने सदस्यों और नागरिकों का करेंगे स्वागत**

**सांसद, कलेक्टर ने कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की**



इंदौर. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 30 सितंबर को शाम 4 बजे इंदौर के गांधीनगर मेट्रो डिपो में आयोजित एक कार्यक्रम में इंदौर मेट्रो ट्रायल रन का फ्लैग ऑफ करेंगे. इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे.

कार्यक्रम की तैयारी लगभग अंतिम दौर में है. इस संबंध में आज यहां सांसद शंकर ललवानी और कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी की विशेष मौजूदगी में इंदौर के सभी संगठनों, संस्थाओं, एसोसिएशन आदि के पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई.

बैठक में मौजूद सभी संगठन, संस्थाओं और एसोसिएशन आदि के पदाधिकारियों ने बताया कि वह इस कार्यक्रम में पूर्ण अपार और उत्साह के साथ शामिल होंगे। वे मेजबान बनकर कार्यक्रम में आने वाले अपने सदस्यों और अन्य नागरिकों का स्वागत भी करेंगे.

## विकास में मिल का पत्थर साबित होगी : कलेक्टर

कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने कार्यक्रम आयोजन की रूपरेखा की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि हमारी सिटी अब मेट्रो सिटी हो रही है. इससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से अनेक फायदे मिलेंगे. शहर में निवेश भी बढ़ेगा. यह शहर के विकास के लिए मील का पत्थर बनेगी. उन्होंने सभी वर्ग से इस कार्यक्रम में उत्साह और उमंग से भाग लेने की अपील की. उन्होंने कहा कि शहर के विकास में इंदौर की जनता का अद्भुत सहयोग मिलता है. उनकी भागीदारी की देश में सराहना हो रही है. बैठक में शिक्षा, उद्योग, सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक तथा अन्य संगठन, संस्थाओं और एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद थे.

बैठक में नगर निगम आयुक्त हर्षिका सिंह भी मौजूद थी. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद शंकर ललवानी ने इंदौर वासियों से आग्रह किया है कि वे इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल होकर इस महत्वपूर्ण अवसर के साक्षी बने. उन्होंने सभी को आमंत्रण भी दिया और कहा कि यह हमारे लिए गौरव की बात है कि प्रदेश में सबसे पहले हमारे शहर में मेट्रो प्रारंभ होने जा रही है. मेट्रो संचालन में भी हम प्रदेश में अव्वल हैं. उन्होंने कहा कि इंदौर में एक नया इतिहास लिखा जा रहा है. इस इतिहास का सभी लोगों को साक्षी बनना चाहिए.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 85 | Navbharat | Indore | 29.09.2023 | 03 | इंदौर में कल होगा मेट्रो ट्रेन का ट्रायल एन | Neutral |






नवभारत 03
इंदौर, शुक्रवार, 29 सितंबर 2023


# इंदौर में कल होगा मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन

**मुख्यमंत्री की उपस्थिति में होगा कार्यक्रम**

**इंदौर.** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश के बड़े नगरों में मेट्रो ट्रेन सुविधा नागरिकों के लिए सुगम यातायात की दृष्टि से महत्वपूर्ण उपलब्धि है. कई शिफ्टों में निरंतर हुए कार्य को पूर्णता हुई है. इंदौर और भोपाल में मेट्रो ट्रेन के ट्रायल रन की शुभ घड़ी आ गई है. प्रदेश के सबसे बड़े नगर इंदौर में 30 सितम्बर को मेट्रो ट्रेन के लिए ट्रायल रन की तैयारियां पूरी हो गई है.

मुख्यमंत्री चौहान ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह और कलेक्टर इंदौर इलैया राजा टी से



इंदौर में मेट्रो ट्रेन ट्रायल रन के लिए की गई तैयारियों की जानकारी प्राप्त की. इंदौर में मुख्यमंत्री चौहान के साथ ही सांसद शंकर लालवानी और अन्य जनप्रतिनिधि ट्रायल रन कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे. इंदौर में ट्रायल 6 किलोमीटर का रहेगा. मेट्रो ट्रेन तीन कोच की होगी. इसकी कुल यात्री क्षमता 900 रहेगी. भविष्य में इंदौर में 25 मेट्रो ट्रेन संचालित होंगी जो लगभग साढ़े लाख यात्रियों को सफर कराएंगी.

**भोपाल में ट्रायल रन 3 अक्टूबर को**

मुख्यमंत्री चौहान ने भोपाल में मेट्रो ट्रेन ट्रायल रन की तैयारियों की भी जानकारी प्राप्त की. कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने बताया कि मेट्रो ट्रेन के लिए विश्व स्तरीय उन्नत तकनीक का इस्तेमाल किया गया है. एडवांस क्वालिटी के कोच निर्मित किए गये हैं. राजधानी में मेट्रो ट्रेन ट्रायल रन के पूर्व सभी आवश्यक कार्य पूर्ण किए गए हैं. भोपाल में रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से सुभाष नगर तक ट्रायल रन के लिए तैयारी की जा रही है। भोपाल में ट्रायल रन के कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह और जन-प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे. मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि भोपाल और इंदौर में मेट्रो ट्रेन सुविधा प्रारंभ करने के कार्य में संलग्न स्टाफ के सदस्य सराहना के पात्र हैं. बैठक में मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 86 | People Samachar | Indore | 29.09.2023 | 03 | शहरवासी उत्साह से शामिल होकर बनें | Neutral |


पीपुल्स समाचार

इंदौर सिटी Page: 3 September 29, 2023


मेट्रो का ट्रायल रन : विभिन्न संगठन और संस्थाओं के पदाधिकारी मेजबान बनकर अपने सदस्यों और नागरिकों का करेंगे स्वागत

# शहरवासी उत्साह से शामिल होकर बनेंगे साक्षी


पीपुल्स संवाददाता • इंदौर

मो.नं. 7879619664




मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान 30 सितंबर को शाम 4 बजे गांधीनगर मेट्रो डिपो में आयोजित एक कार्यक्रम में मेट्रो ट्रायल रन का फ्लैग ऑफ करेंगे। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे। इस कार्यक्रम की तैयारी लगभग अंतिम दौर में है। इस संबंध में गुरुवार को सांसद शंकर लालवानी और कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी की विशेष मौजूदगी में इंदौर के सभी संगठनों, संस्थाओं, एसोसिएशन आदि के पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मौजूद सभी संगठन, संस्थाओं और एसोसिएशन आदि के पदाधिकारियों ने बताया कि वह इस कार्यक्रम में पूर्ण उत्साह के साथ शामिल होंगे। वे मेजबान बनकर कार्यक्रम में आने वाले अपने सदस्यों और अन्य नागरिकों का स्वागत भी करेंगे। बैठक में नगर निगम आयुक्त हर्षिका सिंह भी मौजूद थीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद शंकर लालवानी ने इंदौरवासियों से आग्रह किया है कि वे इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल होकर इस महत्वपूर्ण अवसर के साक्षी बनें। उन्होंने सभी को आमंत्रण भी दिया और कहा कि यह हमारे लिए गौरव की बात है कि प्रदेश में सबसे पहले हमारे शहर में मेट्रो प्रारंभ होने जा रही है। मेट्रो संचालन में भी हम प्रदेश में अव्वल हैं। उन्होंने कहा कि इंदौर में एक नया इतिहास लिखा जा रहा है। इस इतिहास का सभी लोगों को साक्षी बनना चाहिए।बैठक में कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने आयोजन की रूपरेखा की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि हमारी सिटी अब मेट्रो सिटी हो रही है। इसके प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से अनेक फायदे मिलेंगे। शहर में निवेश भी बढ़ेगा। यह शहर के विकास के लिए मील का पत्थर बनेगी। उन्होंने सभी वर्ग से इस कार्यक्रम में उत्साह और उमंग से भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि शहर के विकास में इंदौर की जनता का अद्भुत सहयोग मिलता है। उनकी भागीदारी की देश में सराहना हो रही है। बैठक में शिक्षा, उद्योग, सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक तथा अन्य संगठन, संस्थाओं और एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद थे।

## विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण और भूमिपूजन

मुख्यमंत्री इसके पश्चात लवकुश चौराहा पर आयोजित विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे ।इसी तरह मुख्यमंत्री श्री चौहान नंदनगर में आईटीआई भवन एवं मां कनकेश्वरी महाविद्यालय का शुभारंभ करेंगे। इसके पश्चात वे एमओजी लाइन स्थित रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित अस्पताल के उद्घाटन, दिव्यांगों के हितार्थ लैपटॉप वितरण, रेट्रोफिटिंग स्कूटी के वितरण एवं एनिस्मार्ट क्लास के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे ।इसके पश्चात राऊ विधानसभा स्थित रेती मंडी में विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में तथा पिपलियाहाना में अंतरराष्ट्रीय स्विमिंग पूल के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे ।उक्त कार्यक्रम पश्चात सीएम भोपाल के लिए रवाना होंगे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 87 | Rajexpress | Indore | 29.09.2023 | 05 | कल मेट्रो ट्रायल रन के साक्षी बनें | Neutral |



# कल मेट्रो ट्रायल रन के साक्षी बनेंगे इंदौरी

## सांसद व कलेक्टर ने गणमान्यों से की अपील

इंदौर ■ राज न्यूज नेटवर्क

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की उपस्थिति में मेट्रो का ट्रायल रन 30 सितंबर को होगा, जिसमें उपस्थित होने के लिए सांसद एवं कलेक्टर ने शहर के हर वर्ग, संस्था व संगठनों से अपील की है। ट्रायल के दौरान संस्थाओं के पदाधिकारी मेजबान बनकर नागरिकों का स्वागत करेंगे। ट्रायल में बड़ी संख्या में आम शहरी भी शामिल होंगे।

गांधी नगर डिपो से निकलकर मेट्रो ट्रेन शाम 4 बजे दौड़ेगी। ट्रायल रन के साक्षी आम इंदौरी भी बनें, इसके लिए सांसद शंकर लालवानी और कलेक्टर इलैयाराजा टी. ने विभिन्न संगठनों व संस्थाओं के पदाधिकारियों की बैठक बुलाकर आग्रह किया कि सबसे पहले हमारे शहर में मेट्रो शुरू हो रही है। यह गर्व की बात है। इस अवसर पर हमें इसका साक्षी बनना है। कलेक्टर ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई, साथ ही मेट्रो के प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष फायदे भी बताए। बैठक में शामिल सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक और औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि वे उत्साह के साथ मेट्रो ट्रेन के शुभारंभ समारोह में शामिल होंगे। ज्ञात हो कि इंदौर में गांधीनगर डिपो से 5.9 किलोमीटर ट्रेक का काम पूरा हो चुका है। ज्ञात हो कि कल सीएम की उपस्थिति में मेट्रो रेल का ट्रायल रन होगा। मेट्रो ट्रेन तीन कोच की रहेगी, जिसके एक कोच में 300 लोग यात्रा कर सकेंगे। इस तरह एक मेट्रो ट्रेन में 900 यात्री एक साथ यात्रा कर सकेंगे। इंदौर में 25 मेट्रो ट्रेनें चलाई जाएंगी, जिसमें लगभग 7 लाख लोग सफर कर सकेंगे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 88 | Dainik Bhaskar | Indore | 29.09.2023 | J4 | मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन कल, हर वर्ग, संस्था-संगठन बनें | Neutral |

दैनिक भास्कर इंदौर 29-09-2023

Pg-J4

# मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन कल, हर वर्ग, संस्था-संगठन बनेंगे साक्षी

भास्कर संवाददाता | इंदौर

मप्र में सबसे पहले मेट्रो का ट्रायल रन शनिवार को सुपर कॉरिडोर पर होने जा रहा है। गांधीनगर मेट्रो डिपो में होने वाले इस ट्रायल रन को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान हरी झंडी दिखाएंगे। भोपाल में ट्रायल रन 3 अक्टूबर को होगा। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह भी मौजूद रहेंगे।

सांसद शंकर लालवानी और कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी ने गुरुवार को बैठक बुलवाई। इसमें निगमायुक्त हर्षिका सिंह भी मौजूद थीं। बैठक में सभी संगठनों, संस्थाओं, एसोसिएशन आदि के पदाधिकारियों से ट्रायल रन में शामिल होने की अपील की गई। सांसद ने कहा इंदौर में एक नया इतिहास लिखा जा रहा। सभी लोगों को इसका साक्षी बनना चाहिए।


## लोकार्पण व भूमिपूजन में शामिल होंगे सीएम

मुख्यमंत्री मेट्रो ट्रायल रन को हरी झंडी दिखाने के बाद लवकुश चौराहे पर विकास कार्यों का भूमिपूजन, नंदा नगर आईटीआई भवन व मां कनकेश्वरी महाविद्यालय का शुभारंभ करेंगे। एमओजी लाइन में रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित अस्पताल का उद्घाटन, दिव्यांग के लिए लैपटॉप व रेट्रो-फिटिंग स्कूटी का वितरण, एनिस्मार्ट क्लास का लोकार्पण करेंगे। वे राऊ विधानसभा क्षेत्र में रेती मंडी के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण करेंगे। इसके बाद पीपल्याहाना में अंतरराष्ट्रीय स्विमिंग पूल का लोकार्पण किया जाएगा।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 89 | Freepress | Indore | 29.09.2023 | 04 | METRO TRAIN RIAL RUN TO BE A PUBLIC SPECTACLE | Neutral |

INDORE CITY
INDORE | FRIDAY | SEPTEMBER 29, 2023 www.freepressjournal.in



# METRO TRAIN TRIAL RUN TO BE A PUBLIC SPECTACLE

OUR STAFF REPORTER
city.indore@fpj.co.in



The Metro Train trial run which would be flagged off by Chief Minister Shivraj Singh Chouhan on Saturday at 4 pm would be a mega public event, said officials on Thursday.

The trial run would start from Gandhinagar Metro Depot and would be witnessed by people from all walks of life, as this is going to be a historic moment for the people of the city. On this occasion, urban development and housing minister Bhupendra Singh will be the special guest.

Preparations for this programme are in their final stages.

In this regard, a meeting of office-bearers from education, industry, social, religious, business and other organisations, institutions and associations of the city was held at collector's office where MP Shankar Lalwani and collector Ilayaraja T, IMC commissioner Harshika Singh were present.

Those present at the meeting said that they will participate in this programme with full enthusiasm. They will also become hosts and welcome their members and other citizens coming to the programme.

MP Shankar Lalwani urged the people of the city to witness the important occasion by attending the programme in large numbers. He said a new history is being written in the city and everyone should witness it. He said it is a matter of pride for us that in the state the Metro is going to be started first in our city.

Collector Ilayaraja gave information about the programme. He said that it is a matter of pride that our city is now becoming a Metro city. This will provide many direct and indirect benefits. Investment in the city will also increase. This will become a milestone for the development of the city. He appealed to all sections to participate in this programme with enthusiasm. He praised the people of the city for their amazing support in the development of the city. Their participation is being appreciated in the country.

CM Shivraj Singh Chouhan also virtually reviewed the preparation of the programme.

## Soil testing for Metro starts on MG Road

OUR STAFF REPORTER
city.indore@fpj.co.in

As the Indore Metro's phase 1 is nearing completion, Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited (MPMRCL) is all set to start work on the MG Road section of the project.

It has started work of soil testing between TI Mall and Gandhi Hall on MG Road, to build the first ring of the Metro project. Barricades have been put in place at more than half a dozen places where drilling is being done with the help of boring machines and soil samples are being taken.

Four machines are taking the soil samples around TI Mall on MG Road and the same work is being done near the High Court and in the SP office premises.

Apart from this, machines are installed at some other places also.

This comprises the third phase of the Metro work. CEG Test House and Research Center Private Limited of New Delhi is doing this work. The work will be completed in the next month.

It is expected that work on the MG Road stretch can start by the end of 2024.

Currently, the Metro corridor is being built from Gandhinagar to Robot Square, while in the second phase, a viaduct will be built from Robot Square to Palasia.

The tendering process for the second phase has been completed and work on the second phase will start in 2024. In the third phase, a mostly underground Metro corridor will be built from Palasia towards Rajwada.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 90 | Pradesh Today | Indore | 29.09.2023 | 03 | इंदौर मेट्रो के ट्रायल रन को लाइव देखें हजार से ज्यादा रहवासी | Neutral |



# इंदौर मेट्रो के ट्रायल रन को लाइव देखेंगे 10 हजार से ज्यादा रहवासी



प्रदेश टुडे संवाददाता, इंदौर

- मेट्रो कोच की टेस्टिंग का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है।
- एमडी मनीष सिंह ने गांधीनगर में लिया तैयारी का जायजा।
- लोकार्पण, भूमिपूजन में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

शहर में मेट्रो का ट्रायल रन 30 सितंबर को शाम पांच बजे से होगा। गांधीनगर स्टेशन से सुपर कारिडोर के स्टेशन नंबर तीन तक 5.9 किलोमीटर की दूरी तक मेट्रो कोच को वायडक्ट व मेट्रो स्टेशन पर चलाया जाएगा। मेट्रो कोच में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान व अधिकारी बैठकर ट्रायल रन के रूट तक सफर करेंगे। ट्रायल रन को आठ से दस हजार शहरवासियों को भी दिखाया जाएगा। इनमें छह से सात हजार लोग मेट्रो डिपो परिसर में होने वाले कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। हर वार्ड से करीब 50-50 लोगों सहित हर वर्ग के लोगों को इस आयोजन में लाया जाएगा। शैक्षणिक संस्थान, व्यापारिक संगठन, एसोसिएशन व चिकित्सकों के समूह भी इस आयोजन के साक्षी बनेंगे। सुपर कारिडोर पर मेट्रो के ट्रायल रन के रूट पर अलग-अलग स्थानों पर मंच पर बैठकर लोग मेट्रो को चलता हुआ देख सकेंगे। गुरुवार को इस संबंध में अधिकारियों ने अलग-अलग संगठनों व एसोसिएशन से चर्चा की। करीब 300 बसों के माध्यम से शहरवासियों को सुपर कारिडोर पर इस आयोजन के लिए ले जाया जाएगा।

## राजवाड़ा व छप्पन पर लाइव देख सकेंगे नागरिक

मेट्रो के ट्रायल रन को लेकर प्रशासन उत्साहित है। इस उत्साह से जनता को भी जोड़ने के लिए राजवाड़ा व छप्पन दुकान परिसर में मेट्रो के ट्रायल रन को लाइव दिखाने की तैयारी है। इसके लिए दोनों स्थानों पर बड़ी स्क्रीन लगाए जाने की तैयारी है। गत दिवस मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड के एमडी मनीष सिंह ने गांधीनगर डिपो परिसर में आयोजन की तैयारी का निरीक्षण किया। उनके साथ सांसद शंकर लालवानी, कलेक्टर इलैया राजा और निगमायुक्त हर्षिका सिंह भी मौजूद थीं।

## गांधीनगर से रेडिसन चौराहा तक अगले साल पूरा होगा काम

एमडी मनीष सिंह ने बताया कि गांधीनगर डिपो से रेडिसन चौराहा तक मेट्रो का कार्य अगले साल तक पूरा होगा। इसी तरह रीगल तिराहा से एयरपोर्ट तक मेट्रो के अंडरग्राउंड वाले हिस्से के लिए जल्द ही टेंडर जारी किए जाएंगे। इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है। वर्ष 2026 के अंत तक मेट्रो का सर्कल पूरा हो जाएगा और मेट्रो में यात्री इस पूरे रूट पर सफर कर सकेंगे।

## 7 लाख यात्री करेंगे यात्रा

इंदौर में मेट्रो ट्रैक पर तीन-तीन कोच की 25 रेल चलाई जाएंगी। मेट्रो के सभी चरण पूरे होने पर इसकी कुल यात्री क्षमता सात लाख तक पहुंच जाएगी, अर्थात मेट्रो के पूरी तरह तैयार होने के बाद इसमें सात लाख यात्री सफर कर सकेंगे। इंदौर में चलने वाले मेट्रो कोच एडवांस व चालक रहित हैं। यद्यपि शुरूआत में ड्राइवर के माध्यम से इन कोच को चलाया जाएगा।

## कल मुख्यमंत्री देंगे गसौगातें

मुख्यमंत्री इंदौर को कई सौगातें देने वाले हैं। योजना के अनुसार 29 सितंबर को वे रेती मंडी पर बनने वाले ओवरब्रिज का भूमिपूजन करेंगे। साथ ही विश्राम बाग के उद्यान व नंदानगर में आइटीआइ इमारत का भूमिपूजन करेंगे। इसी दिन वे शहर में बनने वाले आठ फ्लायओवर, सिरपुर उद्यान व निगम के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए भी भूमिपूजन व लोकार्पण कार्यक्रमों में शामिल होंगे। अगले दिन अर्थात 30 सितंबर को वे मेट्रो ट्रेन के ट्रायल रन में शामिल होंगे।